www.epaper.azadsipahi.in
कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही
रांची 04 अगस्त, 2025 , सोमवार, वर्ष 10, अंक 285, श्रावण, शुक्ल पक्ष, दशमी, संवत 2082, पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

## !! विनम्र श्रद्धांजलि !!



# स्व. हरिनारायण सिंह

12/03/1957 - 03/08/2025

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची 04 अगस्त, 2025 , सोमवार, वर्ष 10, अंक 285, श्रावण, शुक्ल पक्ष, दशमी, संवत 2082, पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

# आजाद सिपाही के प्रधान संपादक हरिनारायण सिंह का निधन







**राजनीतिक दलों के नेताओं कार्यकर्ताओं के अलावा, रांची के सभी मीडिया संस्थान के संपादकों, पत्रकारों के अलावा अन्य लोगों ने भारी संख्या में पहुंच कर नम आंखों से हरिनारायण जी को अंतिम विदाई दी।**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** बड़े दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि आजाद सिपाही के प्रधान संपादक हरिनारायण सिंह हमलोगों के बीच नहीं रहे। वह पिछले कुछ दिनों से बीमार थे और सैमफोर्ड अस्पताल में भर्ती थे। रविवार दोपहर 12 बजे के करीब उनका निधन हो गया। उनके निधन की सूचना जंगल में आग की तरह फैली। जिसने भी उनके निधन का समाचार सुना, देखा या पढ़ा, भौंचक रह गया। चाहे वह पत्रकार हो, नेता हो या व्यवसायी या फिर अधिकारी-कर्मचारी या आम लोग, हर कोई अपनी इस प्रिय शख्सियत के निधन से व्यथित हो गया। हरि जी अपने पीछे दो बेटे राकेश और राहुल, पत्नी समेत अन्य भरा-पूरा परविार छोड़कर गये हैं।

बीते साल अक्टूबर में हरि जी को कैंसर होने की सूचना मिली थी। उन्हें फोर्थ स्टेज का लंग्स कैंसर था। इसके बाद दिल्ली के मेदांता अस्पताल में इलाज हुआ। वह कुछ दिन पहले दिल्ली से रांची लौटे थे। पिछले सप्ताह अचानक तबीयत खराब होने के बाद उन्हें रांची के सैमफोर्ड अस्पताल में भर्ती कराया गया था। रविवार दोपहर लगभग 12 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। लगभग एक बजे हरि जी के पार्थिव शरीर को अस्पताल से कोकर स्थित उनके घर लाया गया। यहां मंत्री, सांसद, विधायक, अधिकारी, पत्रकार समेत भारी संख्या में आम लोग पहुंचे। उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। शाम करीब चार बजे पार्थिव शरीर को प्रेस क्लब ले जाया गया, यहां पत्रकारों के साथ-साथ अन्य गणमान्य लोग पहुंचे और श्रद्धांजलि दी। इसके बाद शाम पांच बजे हरमू स्थित मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। हरि जी के बड़े पुत्र राकेश सिंह ने उन्हें मुखाग्नि दी। मुक्ति धाम में भारी संख्या में लोग जुटे थे और अपने चहेते 'हरि भाई', 'हरि जी', 'हरि सर' यानी हरिनारायण सिंह को नम आंखों से श्रद्धांजलि दी।

हरि जी के घर, प्रेस क्लब और मुक्तिधाम में श्रद्धांजलि देनेवालों में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, विधायक सरयू राय, विधायक अनूप सिंह, सांसद महुआ माजी, सांसद प्रदीप वर्मा, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, पूर्व विधायक बंधु तिर्की, पूर्व विधायक समरी लाल, पूर्व उप महापौर संजय विजयवर्गीय, झामुमो महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य, पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, अजय नाथ सहदेव, अजय राय, आलोक दुबे, चुन्नू मिश्र, प्रणव कुमार बब्बू, मौलेश सिंह, अजय सिंह, अंजनी पाण्डेय, मुनचुन राय, लाल किशोरनाथ शाहदेव, शमशेर अलम, रमेश पुष्कर, संतोष रजक, पुष्कर महतो, जेलेंद्र महतो, उपेंद्र रजक, कमलेश राम, कुमार राजा, ललित ओझा, नौशाद आलम समेत अन्य राजनीतिक दलों के नेता, कार्यकर्ताओं के अलावा भारी संख्या में लोग जुटे थे। रांची के सभी मीडिया संस्थान के संपादक से लेकर पत्रकार भारी संख्या में मौजूद थे। उन्होंने नम आंखों से हरिनारायण जी को अंतिम विदाई दी।

## श्रद्धांजलि देने पहुंचे











झारखंड के वरिष्ठ पत्रकार, कई अखबारों के माध्यम से पत्रकारिता को नयी गति देनेवाले, अपनी कलम के माध्यम से झारखंड आंदोलन को नयी पहचान देनेवाले आजाद सिपाही के संपादक हरिनारायण सिंह जी के निधन से हृदय बहुत व्यथित है। यह मेरी व्यक्तिगत क्षति है। उनका निधन पत्रकारिता जगत ही नहीं संपूर्ण झारखंड के समाज की भी वह क्षति है, जिसकी कभी भरपाई नहीं हो सकती। उनके निधन से समाज में आयी शून्यता को कभी भरा नहीं जा सकता है। कई पत्रकारों को गढ़ने वाले, पत्रकारिता की चलती-फिरती पाठशाला हरिनारायण जी को विनम्र श्रद्धांजलि। ईश्वर उन्हें अपने श्रीचरणों में स्थान दें। उनके परिजनों और पत्रकारों को दुख की घड़ी में प्रभु श्रीराम हिम्मत दें। मैं अपनी गहरी शोक संवेदना व्यक्त करता हूं। ॐ शांति।

**- संजय सेठ, केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री**



आजाद सिपाही के संस्थापक और झारखंड की पत्रकारिता के पुरोधा हरिनारायण सिंह के निधन का समाचार अत्यंत दुखद है। उन्होंने निष्पक्ष निर्भीक और जनपक्षधर पत्रकारिता को नयी दिशा दी। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और परिजनों को शक्ति प्रदान करें।

**- अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय राज्य मंत्री**



वरिष्ठ पत्रकार और आजाद सिपाही के संपादक हरिनारायण सिंह जी के निधन का दुखद समाचार मिला। बाबा बैद्यनाथ दिवंगत आत्मा को शांति और उनके परिजनों को यह पीड़ा सहने का संबल प्रदान करें। ॐ शांति।

**- रघुवर दास, पूर्व मुख्यमंत्री**



झारखंड के वरिष्ठ पत्रकार एवं आजाद सिपाही समाचारपत्र के प्रधान संपादक हरिनारायण सिंह जी के निधन का अत्यंत ही दुखद समाचार प्राप्त हुआ। उनका जाना झारखंड की पत्रकारिता जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें एवं शोकाकुल परिवार को दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। ॐ शांति।

**- अर्जुन मुंडा, पूर्व केंद्रीय मंत्री**



आजाद सिपाही के प्रधान संपादक हरिनारायण सिंह जी के निधन की सूचना पाकर स्तब्ध हूं। झारखंड की पत्रकारिता ने आज अपना एक मजबूत स्तंभ खो दिया। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें और परिजनों को यह दुख सहने की शक्ति दें। झारखंड की पत्रकारिता ने आज अपना एक मजबूत स्तंभ खो दिया।

**-सुदेश कुमार महतो**










www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची 04 अगस्त, 2025 , सोमवार, वर्ष 10, अंक 285, श्रावण, शुक्ल पक्ष, दशमी, संवत 2082, पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

# एक स्तंभ का ढह जाना!



हरि भाई, यानी हरिनारायण सिंह नहीं रहे। यह एक व्यक्ति का गुजर जाना मात्र नहीं है। यह एक स्तंभ का ढह जाना है। इसलिए उनके निधन की सूचना झारखंड के लोगों के लिए एक बड़ा झटका है। जिसने भी इसे सुना, देखा या पढ़ा, भौंचक रह गया। चाहे वह पत्रकार हो, नेता हो या फिर व्यवसायी या फिर अधिकारी-कर्मचारी से लेकर आम लोग, हर कोई अपने इस प्रिय शख्सियत के अवसान से व्यथित हो गया। सहकर्मियों के लिए 'हरि भाई' या 'हरि भैया', परिचितों के लिए 'हरि जी' और आम लोगों के लिए 'हरि सर' एक ऐसी हस्ती का नाम था, जिसमें मानवता कूट-कूट कर भरी थी। तभी उनके पार्थिव शरीर के अंतिम दर्शन के लिए उमड़े लोग कह रहे थे, ऐसा संपादक तो हमने देखा या सुना भी नहीं था, जो हर किसी से प्रेम करता हो। चाहे निजी जीवन हो या पेशेवर जीवन, हरि भाई ने कभी भी इंसानी रिश्तों को कमतर नहीं होने दिया।

उत्तरप्रदेश के गाजीपुर जिले के पातेपुर में पैदा हुए हरि भाई ने रांची और झारखंड को अपना घर बना लिया था। साढ़े तीन दशक से अधिक समय से रांची, एकीकृत बिहार और झारखंड की पत्रकारिता को नया आयाम देनेवाले हरि भाई ने कलकत्ता (कोलकाता) में 'रविवार' पत्रिका से अपने करियर की शुरुआत की। फिर 'चौथी दुनिया' और 'आनंद बाजार पत्रिका' से होते हुए 23 अक्तूबर, 1989 को 'प्रभात खबर' में काम करने के लिए रांची आये। वहां से 'हिंदुस्तान' के रांची संस्करण में वरीय स्थानीय संपादक और फिर झारखंड के स्टेट हेड बने। फिर न्यूज 11, सन्मार्ग और खबर मंत्र जैसे मीडिया संस्थानों में नेतृत्व की भूमिका का निर्वहन करने के बाद 2015 में अपना अखबार 'आजाद सिपाही' निकालना शुरू किया। बिना किसी बड़ी पूंजी और कॉरपोरेट समर्थन के रांची से निकल कर 'आजाद सिपाही' आज झारखंड के शीर्ष अखबारों की कतार में शामिल है, तो इसके पीछे हरि भाई की सोच, विजन और मेहनत है। उन्होंने अखबार को एक ऐसे परिवार के रूप में बदल दिया, जहां कोई नौकरी नहीं करता है, बल्कि घर का काम करता है। ऊर्जा, उत्साह, जानकारी और मेहनत का ऐसा अद्भुत संगम थे हरि भाई कि मीडिया जगत ही नहीं, दूसरे क्षेत्रों के लोग भी उनकी प्रशंसा करते नहीं थकते थे।

हरि भाई ने जिस गंभीरता से पत्रकारिता की, उसी गंभीरता से इंसानी रिश्तों और मानवीय संवेदनाओं को भी अनुभूति दी। वह ऐसे व्यक्ति थे, जिनको किसी से बैर नहीं था। वह किसी की निंदा नहीं करते थे और न ही किसी को ऐसा करने के लिए प्रोत्साहित करते थे। इसलिए हर कोई उनका दोस्त था और उनसे मिलनेवाला हर व्यक्ति उनसे एक आत्मीय रिश्ता जोड़ लेता था। अपने पत्रकारीय जीवन में हरि भाई ने सैकड़ों लोगों को पत्रकार बनाया, रोजगार दिला कर उन्हें संभाला और एक अभिभावक की तरह उनका मार्गदर्शन किया। वह ऐसे संपादक थे, जिन्होंने आज तक किसी को भी काम से नहीं निकाला। बालसुलभ सहजता, हर समय कुछ नया सीखने और करने की ललक और हर रिश्ते से अधिक मानवीय रिश्ते को माननेवाले हरि भाई ने जो रिक्तता पैदा की है, उसे भर पाना मुश्किल ही नहीं, असंभव है।

" वरिष्ठ पत्रकार श्री हरिनारायण सिंह जी के निधन का दुःखद समाचार मिला। उनका निधन पत्रकारिता जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। मरांग बुरु दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिजनों को दुःख की यह विषम घड़ी सहन करने की शक्ति दे।



- हेमंत सोरेन, मुख्यमंत्री

" वरिष्ठ पत्रकार श्री हरिनारायण सिंह जी के निधन का समाचार अत्यंत दुखद है। उन्होंने अपने दीर्घ पत्रकारिता जीवन में निष्ठा व संवेदनशीलता के साथ समाज और राज्य की सेवा की। शोकाकुल परिजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदना। ईश्वर उन्हें यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।



- संतोष गंगवार, राज्यपाल

" वरिष्ठ पत्रकार हरिनारायण सिंह जी के निधन की सूचना से अत्यंत व्यथित हूं। उन्होंने पत्रकारिता के माध्यम से दशकों तक समाज की सेवा की। उनका निधन पत्रकारिता जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें एवं शोकाकुल परिजनों को यह अपार दुख सहन करने की शक्ति दें।



- बाबूलाल मरांडी, नेता प्रतिपक्ष

" आजाद सिपाही के प्रधान संपादक हरिनारायण सिंह के आकस्मिक निधन की समाचार से दुखी हूं। वे झारखंड में पत्रकारिता जगत के स्तंभ थे। उनका निधन पत्रकारिता जगत के लिए एक बड़ी क्षति है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति दे एवं उसके परिजनों को दुख सहन शक्ति प्रदान करे।



- रबींद्रनाथ महतो, अध्यक्ष, झारखंड विधानसभा



संतोष मानव

## इतनी जल्दी क्या थी हरि भैया!

**संतोष मानव**

कुम्हार ने चाक क्यों छोड़ा! अभी तो घड़े बन ही रहे थे- गढ़ ही रहे थे मूर्तियां -- फिर ?

जल्दी। फास्ट। शीघ्र। त्वरित । हर बात में- खबर में- अच्छा बोल दो। हम लिख लेंगे। कान में रिसीवर, टाइपराइटर पर जेट से तेज भागती उंगलियां। संपादक कहीं खबर नोट करता है? आप करते थे। इसलिए आप हरि भाई, हरि भैया कहलाए। कंपोज करने में जल्दी। पेज बनवाने में जल्दी। यह सब तो ठीक था। अब किस बात की थी जल्दी? इतनी जल्दी क्यों थी?

चल दिये। रूक जाते कुछ और साल। पूछ लेते हालचाल। गढ़ लेते कुछ और प्रतिमाएं। बना देते कुछ और सुराही-घड़ा। फिर बता देते - अब चलते हैं। आपने बताया नहीं। आपको पता था, बता देंगे, तो सब के सब सुराही रास्ते में बिछ जायेंगे - नहीं भैया, नहीं जाना है, नहीं सर नहीं। अभी नहीं। इसलिए आपने नहीं बताया! है न?

आप तो घड़ा मेकर थे। आज के नेता, किंग बनाते हैं, किंग मेकर कहलाते हैं। आपने सूचना के पहरेदार बनाये। हथेलियों की हल्की थाप से। स्नेह के धागे से। मदद के हाथ से। गढ़वा से चाईबासा तक। गुमला से कोडरमा तक। रांची से जामताड़ा तक। हर ब्लॉक में आपके बनाये-गढ़े घड़े हैं पड़े। सब के सब सुबक रहे होंगे।

इन घड़ों से पूछ लेते एक बार फिर-जैसे 42-45 साल से पूछ रहे थे- खाना खाये हो? रात में कहां रहोगे? चलो, घर ही चलो। पैसा- वैसा है जी। जल्दी खाओ। आज जल्दी जाना है। क्या करोगे वहां जा-कर? कौन तंग करता है? उसको बोल दो- हम आ गये तो हाथ- पैर तोड़ देंगे उसका।

सोचिए, अब कोकर मोड़ से गुजरेंगे, मन कहेगा - हरि जी से मिल लें क्या? रोको जी गाड़ी , साढ़े दस ही तो बजा है। फिर क्या करेंगे हम? रांची आयेंगे। किसे फोन करेंगे? कौन कहेगा- आ जाओ-आप तो ऐसे नहीं थे न? सब बदल जाते हैं। आप भी बदल गये। जाइये, नहीं करेंगे याद। आंखें कभी-कभार बह जरूर जायेंगी। जैसे अभी बह रही है। लगातार - निरंतर --- शंभू, नीलेंदु, अजय -सब के सब। यही हाल होगा सबका।

ये जो खबर है न। इसके नींव में सैकड़ों - हजारों का पसीना है। पर सबसे ज्यादा किसी का है, तो आपका है। हम गवाह हैं। हमने देखा है सब। इसलिए कि आपने लोग से लोग जोड़े। सबको जोड़कर रखा। परिवार बनाया - जाइए, नहीं आइयेगा याद। हम भी कोशिश करेंगे। विदा -फाइनली। द इंड।

झारखंड के वरिष्ठ पत्रकार हरिनारायण सिंह का निधन

साली उंगली कांपती क्यों हो तुम। ऐ आंख थम जा - जाना सबको है- एक न एक दिन



# प्रदेश भाजपा ने हरि नारायण सिंह के निधन पर जताया गहरा शोक

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड के वरिष्ठ पत्रकार, आजाद सिपाही दैनिक के संपादक हरिनारायण सिंह जी के आकस्मिक निधन पर प्रदेश भाजपा ने गहरा शोक प्रकट किया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि स्व हरि जी झारखंड की पत्रकारिता के आधार स्तंभ थे। उनका असमय चला जाना केवल पत्रकारिता के लिए ही नहीं बल्कि राज्य के लिए अपूरणीय क्षति है। मरांडी ने कहा कि स्व सिंह संवेदनशील व्यक्तित्व के धनी थे जिन्होंने पत्रकारिता के माध्यम से झारखंड की सेवा की। शोक व्यक्त करने वाले प्रदेश के नेताओं में कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, अर्जुन मुंडा, चंपई सोरेन, प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, बाल मुकुंद सहाय, विकास प्रीतम, गंगोत्री कुजूर, प्रदेश महामंत्री सह सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, मनोज कुमार सिंह, प्रदेश मंत्री गणेश मिश्र, सरोज सिंह, सुनीता सिंह, दीपक बंका, हेमंत दास, शिवपूजन पाठक, अशोक बड़ाइक, योगेंद्र प्रताप सिंह, प्रतुल शाह देव,अजय साह, रमाकांत महतो, प्रदीप सिन्हा, अविनेश कुमार सिंह, राफिया नाज, विजय चौरसिया, जेबी तुबिद, अमित मंडल, अमर प्रीत सिंह काले, गीता कोड़ा, विजय चौरसिया सहित अन्य शामिल हैं।

# वरिष्ठ पत्रकार हरिनारायण सिंह के निधन से आज झारखंड के पत्रकारिता जगत में एक युग का अंत हो गया : कांग्रेस



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राजेश ठाकुर, मार्केटिंग बोर्ड के चेयरमैन रविंद्र सिंह, प्रदेश कांग्रेस के मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने वरिष्ठ पत्रकार हरिनारायण सिंह के निधन पर उनके आवास पहुंच कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि झारखंड की पत्रकारिता में अगर किसी एक नाम को मार्गदर्शक, संरक्षक और प्रेरणास्त्रोत के रूप में याद किया जायेगा तो वह नाम है हरिनारायण सिंह जिन्हें सब प्यार से हरि भैया कहते थे। इनके निधन से आज झारखंड के पत्रकारिता जगत में एक युग का अंत हो गया।



'आजाद सिपाही के प्रधान संपादक हरिनारायण सिंह के निधन से पत्रकारिता जगत के स्तंभ को एक गहरा धक्का लगा है। झारखंड के विख्यात पत्रकार हरिनारायण सिंह के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि अपनी लेखनी से उन्होंने झारखंड के राजनीतिक और सामाजिक गतिविधियों को हमेशा एक नयी दिशा देने का काम किया है। झारखंड निर्माण के लिए आंदोलन के साथ-साथ झारखंड के नवनिर्माण में भी उनकी व्यापक सोच ने अहम भूमिका निभाई है। अपने विनम्र मिलनसार हंसमुख छवि और बेबाक पत्रकारिता से उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर एक नया मुकाम हासिल किया। झारखंड की राजनीतिक और सामाजिक व्यवस्था में उनकी भूमिका को झारखंड वासी हमेशा याद रखेंगे।

-केशव महतो कमलेश, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष

# हरिनारायण सिंह के निधन पर राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने गहरा शोक जताया

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड के वरिष्ठ पत्रकार एवं आजाद सिपाही दैनिक के प्रधान संपादक हरिनारायण सिंह जी के आकस्मिक निधन पर राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने गहरा शोक व्यक्त किया है। प्रकाश ने कहा कि हरिनारायण जी न केवल पत्रकारिता जगत के एक मजबूत स्तंभ थे, बल्कि वर्षों से मेरे व्यक्तिगत शुभचिंतक भी रहे। उनका निधन समाज और पत्रकारिता के लिए ही नहीं, मेरे लिए भी एक गहरी व्यक्तिगत क्षति है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए ईश्वर से निवेदन किया कि वे परिजनों को इस दुःखद घड़ी में संबल प्रदान करें।

प्रकाश ने कहा कि हरिनारायण जी संवेदनशील और प्रतिबद्ध पत्रकार थे। उन्होंने हमेशा निष्पक्ष और जनहितकारी पत्रकारिता की, जो झारखंड जैसे राज्य के लिए अत्यंत आवश्यक थी। उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। इनके असामयिक निधन को झारखंड की पत्रकारिता और सामाजिक चेतना के लिए अपूरणीय क्षति बताते हुए प्रकाश ने कहा कि हरिनारायण जी की कमी लंबे समय तक महसूस की जायेगी।



# आलोक दुबे ने वरिष्ठ पत्रकार हरिनारायण सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** प्रदेश कांग्रेस महासचिव आलोक कुमार दुबे ने आजाद सिपाही के संपादक और वरिष्ठ पत्रकार हरिनारायण सिंह के निधन पर गहरी संवेदना और शोक प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि हरिनारायण सिंह बेहद सरल स्वभाव के, मृदुभाषी और मानवता की कलम के सच्चे सिपाही थे। विपरीत परिस्थितियों में भी वे अपने अदम्य साहस और सिद्धांतों पर अडिग रहते थे। आलोक कुमार दूबे ने कहा कि उनका संपूर्ण पत्रकारिता जीवन सिद्धांतों, सत्य और समाज के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक रहा है। उनका जाना पत्रकारिता जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और शोकाकुल परिजनों को इस कठिन समय में धैर्य एवं शक्ति दें।

## हमने आज अपना अभिभावक खो दिया है: संजीव विजयवर्गीय



झारखंड के वरिष्ठ पत्रकार, आजाद सिपाही दैनिक के संपादक हरिनारायण सिंह जी के आकस्मिक निधन पर रांची के पूर्व डिप्टी मेयर संजीव विजयवर्गीय ने शोक जताया है। उन्होंने कहा कि हमने आज अपना अभिभावक खो दिया है। उनका असमय चला जाना केवल पत्रकारिता के लिए ही नहीं बल्कि राज्य के लिए अपूरणीय क्षति है। बाबा बैद्यनाथ दिवंगत आत्मा को शांति और उनके परिजनों को यह पीड़ा सहने का संबल प्रदान करें।

## हरि भैया का आकस्मिक निधन अखबार विक्रेताओं के लिए असहनीय : गंगा प्रसाद राय

आजाद सिपाही के प्रधान संपादक हरि नारायण सिंह जी और हम सबों के हरि भैया का आकस्मिक निधन रविवार को हो गया है। उनका निधन रांची में हम सभी अखबार विक्रेताओं और पत्रकारिता के क्षेत्र में कार्य करने सभी लोगों के लिए असहनीय है। उनका इस तरह से अचानक चले जाना हम सबों के लिए गहरा आघात है,क्योंकि किसी भी सामाजिक कार्यों में वे हमेशा हम सभी अखबार विक्रेताओं के लिए सबसे आगे खड़े रहते थे। कभी भी उनके पास पहुंचने पर वे अपना घर का कार्य समझकर पूरे तन मन और धन से सहयोग करते थे और अन्य लोगों से सहयोग करवाते थे। आज झारखंड समाचार पत्र विक्रेता संघ, रांची ने अपना अभिभावक खो दिया है। झारखंड समाचार पत्र के अध्यक्ष गंगा प्रसाद राय, महासचिव अनिल कुमार साहू उपाध्यक्ष, अहमद अंसारी कोषाध्यक्ष, गोरखनाथ सिंह संगठन मंत्री, निलेश कुमार सभी संघ के उनके निधन गहरा दुःख प्रगट करते हुए उन्हें अपना श्रद्धा सुमन अर्पित करता है।

## किसी भी समस्या के समाधान के लिए डट जाना ये बातें सिर्फ हरि जी में ही थी : अजय नाथ सहदेव



जेसीए के अध्यक्ष अजय नाथ सहदेव ने कहा कि आजाद सिपाही के प्रधान संपादक हरि नारायण सिंह जी के आकस्मिक निधन से गहरा आघात पहुंचा है। उन्होंने कहा कि रांची शहर में पत्रकार और संपादक बहुत से लोग हुए हैं, लेकिन किसी घटना पर एक जिम्मेदार नागरिक की तरह उस समस्या के समाधान के लिए डट जाना ये बातें सिर्फ हरि जी में ही थी। कितनी भी विषम परिस्थिति हो, हर संकट का समाधान के लिए जुट जाते थे। उन्होंने कहा कि हरि जी खुद एक संस्थान थे, उनके जाने से राजनीतिक और सामाजिक दोनों क्षति हुई है। खासकर मेरे लिए बहुत बड़ी व्यक्तिगत क्षति।





## पत्रकारिता संस्थान की परिभाषा थे हरिनारायण सिंह : डॉ प्रणव कुमार बब्बू

**रांची।** अधिवक्ता, समाजसेवी और सामाजिक-वैचारिक संगठन रांची रिवोल्ट जनमंच के संयोजक डॉ प्रणव कुमार बब्बू ने कहा है कि हरिनारायण सिंह पत्रकारिता संस्थान की वैसी परिभाषा थे जिन्होंने हजारों लोगों को पत्रकारिता की वैसी व्यावहारिक शिक्षा दी जिसकी अपेक्षा किसी अन्य से नहीं की जा सकती।

उन्होंने कहा कि पत्रकारिता जगत के सशक्त और बेहद लोकप्रिय स्तंभ लोकप्रिय हिंदी दैनिक आजाद सिपाही के प्रधान संपादक हरिनारायण सिंह का निधन बहुत ही दुखद और शोक की खबर है। यह खबर उस स्वरूप में दुर्भाग्यपूर्ण भी है जबकि वैसे समय में जब हरिनारायण सिंह द्वारा स्थापित संस्थान आजाद सिपाही के साथ ही इसके द्वारा प्रकाशित हिंदी दैनिक अखबार और इसका डिजिटल मीडिया प्लेटफॉर्म निरंतर नयी प्रगति और उपलब्धियां प्राप्त कर रहा था। वैसे समय में श्री सिंह का अकस्मात निधन न केवल दुर्भाग्यपूर्ण कहा जायेगा बल्कि यह पत्रकारिता जगत के लिए एक वैसा झटका है जिसे बर्दाश्त करना असंभव लगता है। श्री सिंह की मुस्कुराहट, उनका स्नेह और केवल और केवल तर्क के साथ बातचीत करने की उनकी कला लेकिन उस बातचीत के दौरान जन भावनाओं एवं पत्रकारिता के बेहद मूलभूत एवं व्यावहारिक सिद्धांतों को सबसे ऊपर महत्व देने की उनकी विशिष्ट पहचान को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता। वास्तव में हरिनारायण सिंह की कलम के बलबूते आजाद सिपाही शब्द को सार्थक करने की एक वैसी ताकत थी जो अद्भुत है। एक ओर तर्क और जन भावनाओं के साथ उनकी और उनके आलेख की प्रस्तुति वहीं दूसरी ओर पढ़ने और प्रस्तुति का वह रोचक अंदाज अद्भुत है। न केवल आजाद सिपाही बल्कि अनेक सुविख्यात मीडिया संस्थानों में श्री सिंह ने अपनी सशक्त भूमिका का निर्वहन किया और उसे एक वैसी पहचान दी जिसके आधार पर उसे आम लोगों के बीच में अपने दायित्व निर्वहन का वैसा मौका मिला जो अधिकांश मीडिया संस्थानों में दुर्लभ है। डॉ. बब्बू ने कहा कि श्री सिंह हमेशा याद रखे जायेंगे और लाखों लोगों को वे हमेशा याद आयेंगे क्योंकि उनकी बातों को ना तो कभी भुलाया जा सकता है और ना ही कभी भी दिल से मिटाया जा सकेगा। डॉ. बब्बू ने कहा कि विश्वास यही है कि हरिनारायण सिंह द्वारा स्थापित आजाद सिपाही संस्थान को भी विशेष रूप से आपका आशीष और मार्गदर्शन हमेशा ही मिलता रहेगा।

## हरिनारायण सिंह का निधन पत्रकारिता जगत और झारखंड के लिए अपूरणीय क्षतिः राजेंद्र प्रसाद

हिंदुस्तान और प्रभात खबर के प्रधान संपादक रहे व आजाद सिपाही के संस्थापक वरिष्ठ पत्रकार हरिनारायण सिंह के असामयिक निधन पर मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने दुःख प्रकट करते हुए कहा कि दिवंगत आत्मा को ईश्वर शांति प्रदान करें और शोकाकुल परिवार को इस दुःख को सहन करने की शक्ति दें। प्रसाद ने कहा कि हरिनारायण सिंह एक मृदुभाषी और मिलन सार इंसान थे। प्रसाद ने कहा कि हरिनारायण सिंह ने अपने निडर, निष्पक्ष, और जमीनी पत्रकारिता के बदौलत उन्होंने एक अमिट छाप छोड़ी है। प्रसाद ने कहा हरिनारायण सिंह ने हिंदी पत्रकारिता को झारखंड में एक नयी धार दिया। प्रसाद ने हरिनारायण सिंह के निधन को पत्रकारिता जगत और झारखंड के लिए अपूरणीय क्षति बताया है।

## हरि नारायण जी का असमय जाना पत्रकारिता जगत के लिए अपूरणीय क्षति : राजकुमार महतो

आज एक ऐसे व्यक्तित्व के बारे में बताना चाहता हूं, तब मेरी उम्र 19 साल की थी तब मैं शिव मंडा पूजा समिति, चुटिया का उप सचिव के पद पर पहली बार शामिल हुआ था। उसे समय हिंदुस्तान अखबार के वरीय संपादक के रूप में उन्हें विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रण देने गया था, मंडा पूजा का तब उन्होंने आमंत्रण स्वीकार किया था और कहां तक इतनी कम उम्र में इतने बड़े सेवा कर रहे हो तुम्हारा भविष्य उज्जवल है, तबसे लगातार उनके संपर्क में रहकर मार्गदर्शन भी लिया। आज ऐसे व्यक्तित्व हमारे बीच नहीं है यह पत्रकारिता जगत एवं सामाजिक क्षेत्र के साथ मेरे लिए भी बहुत बड़ी अपूर्व क्षति है। इस दुख की घड़ी में केंद्रीय मंडा पूजा समिति, झारखंड व शिव मंडा पूजा समिति, चुटिया, रांची अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करती हैं।

## हरिनारायण सर नहीं रहे, वह आजाद सिपाही थे, आजाद रहे : विनय भरत

1992 से हल्की पहचान एक आत्मीय रिश्ते में कब बदला, समझ नहीं पाया। जब अविनाश और मैंने प्रभात खबर में कॉलम लिखना शुरू किया। आना -जाना लगा रहता। एक बार उन्होंने कहा, ये सब आर्टिकल के अलावा मैट्रिक में अच्छे नंबर लाओगे तो बात बनेगी। ऐसा नहीं कि पढ़ाई से ध्यान हटा देना। मुझे उनकी बात लग गयी। खूब मेहनत की और 68% अंक लाया. वरना मेरा सेकेंड आना तय था। फिर मैं मिठाई लेकर पहुंचा। वे खुश हुए। फिर तो उन्होंने लिखने के कई अवसर दिये। हिंदुस्तान गये तो हिंदुस्तान में लिखा। आजाद सिपाही में भी मौके मिले। वो मुझसे नियमित कॉलम लिखवाना चाहते थे, लेकिन मैं यूनिवर्सिटी से बचा कुछा समय राजनीति को लुटाने लगा था। समय के मामले में लूट चुका था। कन्संट्रेशन भी नहीं रहा था। जो कॉलम के लिए साधना चाहिए वो हाय स्टडी, पटना एडीशन में लिखते हुए मालूम चल चुका था। लेकिन आज अफसोस हो रहा। लिखता तो उनका सानिध्य भी मिलता रहता। अविनाश के साथ उनसे आखिरी मुलाकात उनके घर कोकर पर हुई थी। इतनी सहजता, आत्मीयता अब वो पीढ़ी धीरे -धीरे हमसे विदा हो रही है। दिल में एक टीस है। दुःख है। असहनीय पीड़ा है। उन्हें आखिरी जोहार!



# अभिभावक तुल्य हरि नारायण सिंह जी के आकस्मिक निधन से गहरा आघात पहुंचा : प्रतुलनाथ शाहदेव

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल नाथ शाहदेव ने कहा कि पिता तुल्य अभिभावक आजाद सिपाही के प्रधान संपादक हरि नारायण सिंह जी के आकस्मिक निधन से गहरा आघात पहुंचा है। कितनी भी विषम परिस्थिति हो, हर संकट का समाधान आपके पास होता था। कभी भी समस्या में रहता था तो दिल की बात कहने के लिए निसंकोच आपके पास चला जाता था। आप एक व्यक्ति नहीं,एक पूरे संस्थान थे । आपने हिंदी पत्रकारिता को एक नया आयाम किया था। प्रतिष्ठित साप्ताहिक रविवार से लेकर आजाद सिपाही तक का एक लंबा सफल सफर आपने तय किया था। आप पत्रकारों के अधिकार के लिए पूरे जीवन खड़े रहे। अपने अखबारों के माध्यम से शहर और राज्य की बेहतरी के लिए अनेक आंदोलन चलाया। झारखंड आंदोलन में भी स्थानीय नेताओं में आपसी मतभेद भूलकर समन्वय बनाने में आपकी महती भूमिका थी। आप यूं चले जाएंगे कभी सोचा नहीं था। आप बहुत याद आएंगे। बहुत बड़ी व्यक्तिगत क्षति।



## वरिष्ठ पत्रकार हरिनारायण सिंह के निधन पर राजद ने व्यक्त की शोक संवेदना

झारखंड प्रदेश राजद प्रवक्ता कैलाश यादव ने कहा कि आजाद सिपाही के संस्थापक वरिष्ठ पत्रकार हरिनारायण सिंह के असामयिक निधन पर राजद ने गहरा शोक संवेदना व्यक्त किया है। यादव ने कहा कि हरिनारायण सिंह मृदुल व्यवहार और जोड़ने वाले विचारधारा व्यक्तित्व रहा है। उनसे मेरा व्यक्तिगत संबंध था। वह एक संघर्षशील कर्मठ पत्रकारिकता के धनी थे। एकीकृत बिहार झारखंड के समय से कई दैनिक अखबार के संपादक के पद पर पदस्थापित रहे। राज्यहित और जनहित के विकास के लिए हमेशा चिंतित रहते थे और सरकार में बैठे लोगों को हमेशा सुझाव और जागृति पैदा करते रहे। हरिनारायण सिंह का आकस्मिक निधन होने पर प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक संजय सिंह यादव, मंत्री संजय प्र यादव, विधायक सुरेश पासवान, नरेश सिंह सहित सभी नेताओं ने शोक संवेदना व्यक्त किया।

# हरिनारायण सिंह का निधन मेरे लिए व्यक्तिगत क्षति है : सुप्रियो भट्टाचार्य

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के वरिष्ठ पत्रकार, आजाद सिपाही दैनिक के संपादक हरिनारायण सिंह जी के आकस्मिक निधन पर झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने गहरा दुःख जताया। उन्होंने कहा कि हरिनारायण सिंह का निधन उनका व्यक्तिगत क्षति है। हरि जी झारखंड की पत्रकारिता के आधार स्तंभ थे। उनका असमय चला जाना केवल पत्रकारिता के लिए ही नहीं बल्कि राज्य के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने पुरानी बातें याद करते हुए कहा कि आज भी वो दिन याद है जब सुदेश महतो गूंज महोत्सव की शुरूआत की थी। हमें और हरि भाई को निमंत्रण दिया गया था।



रांची से सिल्ली हम दोनों स्कूटर से ही निकल गये थे। हरि भाई झारखंड के राजनीतिक और सामाजिक गतिविधियों को हमेशा एक नयी दिशा देने का काम किया है। झारखंड निर्माण के लिए आंदोलन के साथ-साथ झारखंड के नवनिर्माण में भी उनकी व्यापक सोच ने अहम भूमिका निभायी है।

## वरिष्ठ पत्रकार हरिनारायण सिंह को झारखंड यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स की श्रद्धांजलि

आजाद सिपाही संवाददाता

**बालूमाथ।** वरिष्ठ पत्रकार हरिनारायण सिंह जी के निधन से झारखंड ही नहीं, संपूर्ण पत्रकारिता जगत ने एक ऐसी विचारधारा को खो दिया है, जो सच्चाई, जनसरोकार और निर्भीक अभिव्यक्ति की पहचान थी। इस अपूरणीय क्षति पर झारखंड यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स के पदाधिकारियों और वरिष्ठ पत्रकारों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। हरिनारायण जी जैसे प्रतिबद्ध पत्रकार का जाना केवल व्यक्तिगत क्षति नहीं, बल्कि पत्रकारिता की नैतिक शक्ति का क्षरण है। वे हम सबके लिए एक प्रकाशपुंज थे। रजत कुमार गुप्ता, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, झारखंड यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स।

वे पत्रकारिता के उस दौर के प्रतिनिधि थे जहां सिद्धांत पहले और स्वार्थ बाद में आता था। उनका लेखन, उनका जीवन, हम सबके लिए प्रेरणा है-शिवकुमार अग्रवाल, प्रदेश अध्यक्ष



हरिनारायण सिंह जी ने जिस जनसरोकार से जुड़ी पत्रकारिता की मिसाल कायम की, वह आज के समय में और भी मूल्यवान है। उनका जाना अपूरणीय क्षति है-रणधीर निधि, प्रदेश सचिव।

वे एक पत्रकार ही नहीं, एक सामाजिक संरक्षक भी थे। उनकी पत्रकारिता में आम जन की आवाज सुनाई देती थी। आज एक युग समाप्त हो गया-जगदीश सिंह, प्रदेश कोषाध्यक्ष

हरिनारायण जी जैसे व्यक्तित्व का प्रभाव केवल शब्दों में नहीं, उनके कर्म में था। उनका विनम्र व्यवहार और तेजस्वी विचार हमेशा स्मरणीय रहेगा। - राजीव नयन, महासचिव

हमने एक ऐसे सजग प्रहरी को खो दिया है, जिन्होंने अपनी पूरी ऊर्जा समाज और सत्य की सेवा में समर्पित की। उनकी स्मृति हमारी पत्रकारिता को दिशा देती रहेगी। -कलीमुद्दीन खान, वरिष्ठ पत्रकार।

उधर, बालूमाथ के वरिष्ठ पत्रकार संतोष सिन्हा, बारियातू से कुतुबुद्दीन,मुरपा से प्रफुल्ल पांडेय तथा हेरहंज से विनय कुमार ने भी संपूर्ण पत्रकारिता जगत के महान नायक के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है।

## पत्रकारिता का एक मजबूत स्तंभ ढहा : शशिभूषण राय

वरिष्ठ पत्रकार हरिनारायण सिंह जी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए, मैं शशिभूषण राय यह कहना चाहता हूं कि हरिनारायण सिंह जी हमारे लिए एक संरक्षक जैसे थे। उन्होंने हमेशा राजनीति में हमें मार्गदर्शन दिया और हमारे लिए एक मार्गदर्शक रहे। मैं विशेष रूप से याद करना चाहता हूं कि जब मैं बतौर युवा कांग्रेस अध्यक्ष रांची शहर की बिजली आपूर्ति के लिए आंदोलन कर रहा था, तब मुझे गिरफ्तार किया गया था और बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल में रखा गया था। जब मैं जेल से बाहर आया, तो हरिनारायण सिंह जी उन वरिष्ठ सदस्यों में से एक थे जिन्होंने उस आंदोलन का समर्थन किया।



उन्होंने मेरे काम की प्रशंसा की और मुझे कहा कि किसी से भी नहीं डरना, क्योंकि आप लोगों के लिए सही रास्ते पर हैं और आपको आत्मविश्वास रखना चाहिए। उनके शब्द बहुत प्रेरणादायक थे और वह मेरे लिए एक संरक्षक जैसे थे। हम उस समय भी आंदोलन जारी रखे थे। तब से आज तक उन्होंने हमेशा मार्गदर्शन दिया।

हरिनारायण सिंह जी पत्रकारिता के एक मजबूत स्तंभ थे। वह अपने निष्पक्ष विचारों के लिए जाने जाते थे और उनकी आवाज हमेशा सच और न्याय के लिए उठती थी। झारखंड के लोग उन्हें बहुत मिस करेंगे।

यह नुकसान भरपाई नहीं हो सकती है और हम उनके प्रति विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। हम उनके प्रस्थान कर चुके आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हैं। मैं भगवान से प्रार्थना करता हूं कि वह उनके परिवार को इस कठिन समय में शक्ति प्रदान करें।

## वरिष्ठ पत्रकार हरिनारायण सिंह के निधन पर झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन ने जताया गहरा शोक

वरिष्ठ पत्रकार एवं आजाद सिपाही दैनिक के संपादक हरिनारायण सिंह जी के आकस्मिक निधन पर झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन ने गहरा शोक व्यक्त किया है। एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि हरिनारायण सिंह जी का निधन झारखंड की पत्रकारिता जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है। वे जनसरोकारों से जुड़ी पत्रकारिता के प्रतीक थे और उनकी लेखनी आम जनमानस की आवाज थी। यह उनके लिए व्यक्तिगत क्षति भी है। अजय राय ने कहा कि स्वर्गीय हरिनारायण सिंह का व्यक्तित्व सरल, सौम्य और विचारशील था। उन्होंने हमेशा



शिक्षा, बच्चों, और सामाजिक सरोकारों से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता दी और पेरेंट्स एसोसिएशन के कई प्रयासों को भी सकारात्मक मंच दिया। झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन की ओर से दिवंगत आत्मा की शांति हेतु श्रद्धांजलि अर्पित की जाती है और ईश्वर से प्रार्थना की जाती है कि शोक संतप्त परिवार को यह वज्रपात सहने की शक्ति प्रदान करें।

## पत्रकारिता समाज को झकझोर कर रख दिया है:सुनील सिंह

**रांची। आजाद सिपाही के प्रधान संपादक हरि नारायण सिंह जी के आकस्मिक निधन पर सुधा मोटर के सुनील सिंह ने गहरा दुःख जताया है। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता जगत में वरिष्ठ पत्रकार हरिनारायण सिंह सिर्फ अपने पद या पहचान के लिए नहीं, बल्कि अपने आत्मीय व्यवहार, सादगी और स्नेह से भरे संबोधनों के लिए जाने जाते थे। आज उनके निधन की खबर ने पूरे पत्रकारिता समाज को झकझोर कर रख दिया है। झारखंड की पत्रकारिता में अगर किसी एक नाम को मार्गदर्शक, संरक्षक और प्रेरणास्रोत के रूप में सदैव याद किया जायेगा।**


## पत्रकारिता जगत की बौद्धिक विरासत के साथ खुद पूरी तरह एक संस्थान थे: अजय सिंह

झारखंड के प्रख्यात पत्रकार आजाद सिपाही झारखंड के प्रधान संपादक हरिनारायण सिंह के आकस्मिक निधन पर सीपीआई झारखंड राज्य परिषद सह राज्य कार्यकारिणी सदस्य अजय सिंह ने गहरा शोक प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि हरिनारायण जी झारखंड के पत्रकारिता जगत के बौद्धिक विरासत के साथ खुद पूरी तरह एक संस्थान थे। जीवन काल में सैकड़ों पत्रकारों का मार्ग दर्शन कर उच्च कोटि का पत्रकार बनाने में भूमिका निभायी। पत्रकारिता को हमेशा जनसरोकार से जोड़े रखने में विश्वास रखते थे। झारखंड के आम लोगों से जुड़ाव था उनका। काफी गंभीर बीमारी से पीड़ित होते हुए भी लोगों की सेवा के लिए तत्पर रहते थे। व्यक्तिगत रूप से भी उनके साथ कई विषयो पर चर्चा के दौरान कहते थे कि जनहित से ऊपर कोई कुछ नहीं है। ऐसे व्यक्ति का असमय जाना समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। शोक संतप्त परिवार को सीपीआई झारखंड राज्य परिषद संवेदना प्रकट करती है और शोक संतप्त परिवार को दुःख की घड़ी में इस दुख सहने की शक्ति मिले ।



CCL
Fuelling Sustainable Growth
सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
एक मिनीरत्न कंपनी
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक सहायक कम्पनी)
सूचना
सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/ संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती हैं।

## मोख्तार सिंह ने दुख प्रकट किया



**रांची (आजाद सिपाही)।** गांधी आश्रम धुर्वा के संस्थापक मोख्तार सिंह ने वरिष्ठ पत्रकार हरिनारायण सिंह के निधन पर गहरा दुख प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि उनके साथ हमारा 30-35 वर्षों का आत्मीय संबंध था। वे हर सुख-दुख में हम लोगों के साथ खड़े रहते थे। हम लोगों की हर तरह की समस्या का तत्काल समाधान करते थे। उनका इस तरह से अचानक चले जाना हम सबों के लिए गहरा आघात है। उन्होंने कहा कि हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि दिवंगत आत्मा की शांति प्रदान करें। साथ ही भगवान से परिजनों को इस दुःख की घड़ी में शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना करते हैं।

## हरिजी के योगदान को हम हमेशा याद रखेंगे : भानु



**रांची (आजाद सिपाही)।** समाजसेवी भानु प्रताप सिंह ने वरिष्ठ पत्रकार हरिनारायण सिंह के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह मेरे लिए एक व्यक्तिगत नुकसान है, क्योंकि उनके साथ हमारे जुड़ाव और उनके योगदान को हम हमेशा याद रखेंगे। उन्होंने कहा कि हरि भाइया ने पत्रकारिता के क्षेत्र में अपना एक अलग स्थान बनाया था। पत्रकारिता के भीष्म कहे जानेवाले हरि भइया के काम और उनकी प्रतिबद्धता ने झारखंड के पत्रकारिता जगत को समृद्ध किया। पत्रकारिता में उनके योगदान को हम कभी नहीं भूल सकते हैं। उनका असमय गुजर जाना अत्यंत पीड़ादायक है। उन्होंने दिवंगत की आत्मा की शांति और उनके परिजनों को इस दुख की घड़ी में संबल प्रदान करने की कामना की।

## लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने शोक व्यक्त किया

**रांची (आजाद सिपाही)।** भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने झारखंड की पत्रकारिता को नया आयाम देनेवाले हरिनारायण सिंह के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि उनके निधन की सूचना ने हम सबको झकझोर कर रख दिया। साढ़े तीन दशक से अधिक समय से रांची, एकीकृत बिहार और झारखंड की पत्रकारिता को नया आयाम देनेवाले हरि नारायण सिंह ने पत्रकारिता का नया अध्याय लिखा। करीब तीन दशक पहले से हमारा उनका आत्मीय संबंध रहा। अपनी सकारात्मक लेखन से उन्होंने पत्रकार जगत में सबसे अलग छवि बनायी। ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और परिजनों को इस दुःख की घड़ी में शक्ति प्रदान करे।



## पत्रकारिता के लिए ही नहीं, मेरे लिए भी एक गहरी व्यक्तिगत क्षति है : रोहित सिन्हा



यूथ कांग्रेस के रोहित सिन्हा ने कहा कि आजाद सिपाही के प्रधान संपादक हरि नारायण सिंह जी के आकस्मिक निधन से मन व्यथित है। हरिनारायण जी का यूं चले जाना मन को भारी वेदना से भर दिया। हरिनारायण जी मेरे पिता तुल्य अभिभावक थे। पत्रकारिता जगत में एक ऐसी मजबूत स्तंभ के रूप में कार्य किया है कि न सिर्फ पत्रकार समाज संपूर्ण मानवता का हित उनकी पत्रकारिता का मूल उद्देश्य था। आप एक व्यक्ति नहीं,एक पूरे संस्थान थे । आपने हिंदी पत्रकारिता को एक नया आयाम किया था। आपका जाना बहुत बड़ी व्यक्तिगत क्षति। इनका निधन समाज और पत्रकारिता के लिए ही नहीं, मेरे लिए भी एक गहरी व्यक्तिगत क्षति है।

## हरिनारायण सिंह का असमय चले जाना पत्रकारिता जगत के लिए भारी क्षति : डॉ लंबोदर महतो

आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव एवं पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो ने पत्रकारिता जगत में अपनी पहचान बनाने वाले वरिष्ठ पत्रकार और आजाद सिपाही के संपादक हरि नारायण सिंह के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि हरि नारायण सिंह संयुक्त बिहार के समय से ही पत्रकारिता से जुड़कर अपनी जहां पहचान बनायी वहीं प्रसिद्धि भी पायी। झारखंड राज्य निर्माण और इसके विकास में अपनी सकारात्मक लेखन का कार्य भी जारी रखा। उनका असमय चला जाना जहां पत्रकारिता जगत को अपूरणीय क्षति हुई है।

## व्यापार जगत से जुड़े लोग भी याद रखेंगे : प्रमोद सारस्वत

झारखंड की पत्रकारिता में आपने अपनी यात्रा को जिस आत्म विश्वास व ईमानदारी निर्भीक लेखक के रूप में संपन्न किया। निश्चित यह मार्गदर्शक हम सभी के लिए प्रेरणा स्त्रोत बनेगी। आपके उदार प्रेम रहित जीवन का स्नेह बराबर हम सभी को प्राप्त हुआ। हम हरिनारायण जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं सदैव समाज व व्यापार जगत से जुड़े ब्यक्ति आपको हमेशा याद करते रहेंगे।

# एक अखबार शुरू कर रहे हैं, पंच लाइन बताओ...

आनंद एक अखबार शुरू कर रहे हैं आजाद सिपाही नाम है.. इसके लिए कोई अच्छा पंचलाइन बताओ.. हरि सर का कुछ साल पहले कॉल आया.. मैंने कहा अच्छा सर थोड़ा समय दीजिये बताते हैं... थोड़ी देर बाद मैंने कॉल किया.. बोले- हां आनंद बताओ.. मैंने कहा, सर सिपाही के लिए मार्चिंग सांग है कदम-कदम बढ़ाये जा.. अखबार कलम का सिपाही है तो कलम-कलम बढ़ाये जा कैसा रहेगा.. बोले अच्छा है.. देखते हैं... उन्होंने मेरी दी हुई पंचलाइन को आजाद सिपाही की पंचलाइन बनाया..

आज उनके अंतिम दर्शन करने के बाद दफ्तर के बोर्ड पर नजर पड़ी.. आजाद सिपाही के नीचे पंचलाइन चमक रही थी.. कलम-कलम बढ़ाये जा.. वो वाकया एकदम से आंखों के आगे घूम गया.. आंसू बरबस छलक आये..

सभी उन्हें हरि भाई कहते, लेकिन मैं सर कहता..

हरि सर से जुड़ी इतनी यादें हैं कि लिखने बैठूं तो मोटी किताब बन जाये.. एक खिलंदड़ नौजवान जो 1996 में पत्रकारिता की पढ़ाई के दौरान इंटर्नशिप करने प्रभात खबर गया था, उसे पढ़ाई पूरी होने के पहले ही उन्होंने जॉब दे दी..

भरोसा इतना कि तीन साल में पेज वन का जिम्मा दे दिया.. हिंदुस्तान गये तो साथ ले गये और वहां सभी संस्करणों के पेज वन का इंचार्ज बना दिया..

शायद मैं ही अकेला पेज इंचार्ज था, जो उनसे तर्क कर सकता था.. कई बार वे खीज कर कहते कि तुमको कोई खबर पेज वन लायक लगती है नहीं..

प्यार इतना कि बारिश हो जाये, तो उनका फोन आ जाता कि 'दिलीप को भेज रहे हैं.' हर रात घर जाने के बाद उनकी गाड़ी मेरे लिए दफ्तर आ जाती.. पेज छोड़ कर हम तफरीह करने निकलते.. मेन रोड में वीरू की चाय दुकान, कभी सरकारी बस अड्डा, कभी न्यू मार्केट चौक.. दूसरे अखबार के पत्रकार साथियों संग बैठकी लगाकर सुबह चार बजे घर आता.. ये सिलसिला 2007 में हिंदुस्तान छोड़ने और अमर उजाला जॉइन करने तक चला..

2008 में अमर उजाला के नोएडा ऑफिस में हरि सर का कॉल आया.. बोले मृणाल जी से जाकर



मिल लो... मैं कनॉट प्लेस स्थित हिंदुस्तान के दफ्तर में प्रधान संपादक मृणाल पांडे से मिला.. उन्होंने जमशेदपुर संस्करण की जिम्मेदारी दी.. यह हरि सर का मुझ पर विश्वास था.. कि 1996 में जिसे उन्होंने ट्रेनी रखा था, महज 12 साल के अंदर 2008 में उसे एक राष्ट्रीय अखबार के संस्करण का संपादक बना दिया..

2009 में प्रिंट की पत्रकारिता से अलग होने के बाद भी हरि सर नियमित फोन करते.. लिखने को प्रोत्साहित करते.. कई लेख उन्होंने लिखवाये और छापा.. हालचाल लेते रहते..

इधर कुछ समय से बात नहीं हुई..कल रांची में कुछ पत्रकार साथियों से बातचीत के दौरान पता चला कि हरि सर बीमार हैं..

आज ही सुबह उनके जाने की मनहूस खबर आई..

सर ने शहर से गांव तक सैकड़ों पत्रकारों को गढ़ा.. मौका दिया.. सबका नाम और चेहरा उन्हें याद था.. प्रभात खबर, हिंदुस्तान या जहां भी संपादक रहे, कभी किसी की नौकरी नहीं ली.. बड़ी से बड़ी गलती पर भी नहीं.. जिसे डांटते उसे बाद में अकेले में बुलाकर प्यार से समझाते भी.. मेहनती ऐसे कि दो फुल पेज का मैटर घंटे भर में कंपोज कर देते.. मुझे याद है लोहरदगा के एसपी अजय कुमार सिंह की हत्या नक्सलियों ने पेशरार में कर दी थी.. हरि सर कई दिन तक लगातार वहां जाते.. ग्राउंड रिपोर्टिंग करते फिर अखबार वाली गाड़ी के साथ वापस जाते, फिर लौट कर आते.. रिपोर्ट करते फिर लोहरदगा जाते.. कई दिन यह क्रम चला.. कई मुठभेड़ों के बीच रिपोर्टिंग की.. संपादक होने के बावजूद हर बड़ी घटना पर वे खुद जाते... राजनीति, समाज, पत्रकारिता हर जगह उन्होंने सम्मान अर्जित किया.. कहने-लिखने को बहुत है, लेकिन हाथ साथ नहीं दे रहा.. नजर धुंधली हो रही है.. सर आपकी कही बात बहुत याद आ रही है, जब आप ऑफिस से निकलते वक्त कहा करते थे..

आनंद हम निकल रहे हैं.. तुमलोग देख लेना.. कुछ जरूरी हो तो कॉल करना... अब कभी आपको कॉल नहीं कर पाऊंगा.. न आप पूछेंगे कि कैसे हो आनंद?..

लेकिन आज मैं जो हूं.. आपकी बदौलत ही हूं..

आप हमेशा दिल में रहेंगे..

...

# भावपूर्ण श्रद्धांजलि

...

...

,,,

अभिमत
आजाद सिपाही

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 24 फरवरी 2019 को शुरू की गयी इस पहल ने लाखों छोटे एवं सीमांत किसानों के जीवन पर गहरा प्रभाव डाला है और पूरी तरह से डिजिटल, कुशल एवं पारदर्शी प्रणाली के जरिये प्रत्यक्ष आय सहायता प्रदान करने के एक वैश्विक मॉडल के रूप में खुद को स्थापित किया है। प्रत्यक्ष समर्थन के जरिये किसानों का सशक्तीकरण मूल रूप से पीएम-किसान योजना पात्र किसान परिवारों को प्रतिवर्ष 6,000 रुपये की सहायता प्रदान करती है।**

# पीएम किसान : ग्रामीण अर्थव्यवस्थाओं के रूपांतरण का भारत का वैश्विक खाका




**प्रमोद मेहरदा/अरिंदम मोदक**



समावेशी विकास और ग्रामीण समृद्धि के सफर में, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना, भारत सरकार की एक अग्रणी पहल के रूप में उभर कर सामने आई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 24 फरवरी 2019 को शुरू की गयी, इस पहल ने लाखों छोटे एवं सीमांत किसानों के जीवन पर गहरा प्रभाव डाला है और पूरी तरह से डिजिटल, कुशल एवं पारदर्शी प्रणाली के जरिए प्रत्यक्ष आय सहायता प्रदान करने के एक वैश्विक मॉडल के रूप में खुद को स्थापित किया है। प्रत्यक्ष समर्थन के जरिए किसानों का सशक्तिकरण मूल रूप से पीएम-किसान योजना पात्र किसान परिवारों को प्रतिवर्ष 6,000 रुपये की सहायता प्रदान करती है। यह सहायता राशि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) प्रणाली के जरिए 2,000 रुपये की तीन बराबर किस्तों में सीधे उनके बैंक खातों में जमा की जाती है। इस सुव्यवस्थित एवं तकनीक-संचालित कदम से बिचौलियों की भूमिका, लाभ मिलने में होने वाली देरी और त्रुटि की गुंजाइश खत्म होती है और एक-एक पायी इच्छित लाभार्थी तक पहुंचना सुनिश्चित होता है। इस योजना की शुरुआत से लेकर अब-तक कुल 3.69 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि किसानों को हस्तांतरित की जा चुकी है। इस प्रकार, पीएम-किसान दुनिया के सबसे बड़े डिजिटल रूप से क्रियान्वित नकद हस्तांतरण कार्यक्रमों में से एक बन गया है। आंकड़ों से परे, यह कदम सब्सिडी से हटकर सशक्तिकरण की दिशा में बढ़ने संबंधी एक बदलाव का प्रतीक है। बात चाहे बीज की हो या उपकरण या शिक्षा या फिर स्वास्थ्य की, इस योजना से किसानों को यह तय करने की आजादी मिलती है कि वे इस सहायता का सबसे बेहतर इस्तेमाल कैसे करें।

> **पीएम-किसान एक वित्तीय सहायता तंत्र से कहीं बढ़ कर है।**

**भारत के छोटे किसानों के हित में एक परिवर्तनकारी कदम :** दो हेक्टेयर से कम जमीन वाले भारत के 85 प्रतिशत से अधिक किसानों के लिए ये लाभ बुवाई या कटाई के मौसम में एक अहम आर्थिक सेतु का काम करते हैं। ये लाभ अल्पकालिक नकदी प्रवाह के तनाव को कम करते हैं, अनौपचारिक ऋण पर निर्भरता में कमी लाते हैं और संकट के समय एक सुरक्षा कवच प्रदान करते हैं। वित्तीय सहायता से कहीं बढ़कर, पीएम-किसान योजना समावेशिता, सम्मान और राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में एक भागीदार के रूप में किसान की मान्यता का प्रतीक है।

**डिजिटल शासन की श्रेष्ठता :** पीएम-किसान की सफलता का श्रेय भारत के मजबूत डिजिटल बुनियादी ढांचे को जाता है। जेएएम की तिकड़ी - जन धन बैंक खाते, आधार बायोमेट्रिक पहचान और मोबाइल कनेक्टिविटी - ने बड़े पैमाने पर लाभ के निर्बाध वितरण को संभव बनाया है। स्व-पंजीकरण से लेकर भूमि स्वामित्व के सत्यापन और डीबीटी द्वारा समर्थ भुगतान तक, इस पूरी योजना का जीवनचक्र डिजिटल है। राज्य सरकारों के सहयोग से, पीएम-किसान डिजिटल रूप से समन्वित तथा एक छोर से दूसरे छोर तक आसानी से पहुंचने वाले शासन के एक बेहतरीन मॉडल के रूप में कार्य करता है। इसने विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में भूमि अभिलेखों, लाभार्थियों के डेटाबेस और भुगतान प्रणालियों को सफलतापूर्वक समन्वित किया है और इससे दुनिया के किसी भी अन्य देश की तुलना में किसान-केंद्रित एक उत्तम संरचना का निर्माण हुआ है। पीएम किसान ने कृषि से जुड़े इकोसिस्टम में किसान ई-मित्र वॉयस-आधारित चैटबॉट और एग्री स्टैक जैसी नवीन परियोजनाओं को भी प्रेरित किया है। एग्रीस्टैक व्यक्तिगत, समय पर और पारदर्शी सेवाएं प्रदान करने के लिए तैयार है, जिससे भारतीय कृषि भविष्य की जरूरतों के अनुरूप तैयार हो सके।

**वैश्विक मानकों की स्थापना :** दुनिया भर में, प्रत्यक्ष लाभ कार्यक्रमों को गरीबी उन्मूलन के कारगर साधनों के रूप में तेजी से मान्यता मिल रही है। फिर भी, पीएम-किसान की कुछ अनूठी विशेषताएं हैं – इसका विशाल आकार, गति और डिजिटल विश्वसनीयता इसे बिखरी हुई कृषि सहायता प्रणालियों में सुधार के लिए प्रयासरत देशों के लिए एक अनुकरणीय मॉडल बनाती है। आईएफपीआरआई, एफएओ, आईसीएआर और आईसीआरआईएसएटी जैसी अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं ने छोटे किसानों की आय बढ़ाने, ऋण की सुलभता में सुधार, असमानता को कम करने और आधुनिक कार्यप्रणालियों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने की दिशा में पीएम किसान की भूमिका पर प्रकाश डाला है। कई देशों में जारी सशर्त हस्तांतरण के उलट, इसका विश्वास-आधारित व बिना शर्त वाला दृष्टिकोण, सहभागी एवं सम्मान-आधारित कल्याणकारी वितरण की दिशा में एक बड़ी छलांग है।

**ग्रामीण विकास को गति देना :** पीएम-किसान का सकारात्मक प्रभाव केवल व्यक्तिगत लाभार्थियों तक ही सीमित नहीं है। इसके तहत होने वाले अनुमानित नकदी प्रवाह ने ग्रामीण बाजारों को पुनर्जीवित किया है, कृषि-उत्पादों की मांग को प्रोत्साहित किया है और घरेलू उपभोग के पैटर्न को मजबूत किया है। इसने महिलाओं को सशक्त बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, खासकर उन मामलों में जहां बैंक खाते संयुक्त रूप से खोले जाते हैं। इसके अलावा, यह एक समग्र और परस्पर संबद्ध ग्रामीण विकास इकोसिस्टम का निर्माण करके मृदा स्वास्थ्य कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम फसल बीमा योजना और ई-नाम जैसी अन्य प्रमुख योजनाओं का पूरक है। किसानों के लिए एक पेंशन योजना, पीएम-किसान मानधन योजना के साथ इसका एकीकरण, भारत के कृषि कार्यबल के लिए सामाजिक सुरक्षा जाल बनाने की दिशा में एक अहम कदम है।

**सुनहरे भविष्य का एक दृष्टिकोण: दृढ़ता, समानता और स्थिरता :** पीएम-किसान एक वित्तीय सहायता तंत्र से कहीं बढ़ कर है। यह भारत सरकार के किसानों के नेतृत्व वाले विकास का एक परिवर्तनकारी दृष्टिकोण है। अधिकार से सशक्तिकरण की ओर, सहायता से स्वायत्तता की ओर स्थानांतरित होकर, यह राज्य और किसान के बीच अनुबंध को नये सिरे से परिभाषित करता है। भारत 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की आकांक्षा रखता है, ऐसे में पीएम-किसान जैसी पहल समावेशी प्रगति की नींव रखती है। उन्नत तकनीकों के निरंतर एकीकरण और जलवायु परिवर्तन के प्रति दृढ़ता, स्थिरता और सटीक कृषि पर ध्यान केंद्रित करने के साथ, यह योजना बदलाव की दिशा में एक बेहद शक्तिशाली कदम के रूप में विकसित होने के लिए तैयार है।

पीएम-किसान विश्वास, तकनीक और परिवर्तन की कहानी है। यह दुनिया के लिए भारत का योगदान है। यह योजना एक जीवंत उदाहरण है कि कैसे एक दूरदर्शी नीति, डिजिटल नवाचार और राजनीतिक इच्छाशक्ति के साथ मिलकर, लाखों लोगों को सशक्त बना सकती है और 21वीं सदी के शासन को नए सिरे से परिभाषित कर सकती है।

**(डॉ प्रमोद मेहरदा, अतिरिक्त सचिव एवं अरिंदम मोदक, सलाहकार, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार हैं)।**

## कोल्हान की खबरें

### वरिष्ठ पत्रकार हरिनारायण सिंह के निधन पर अधिवक्ता राजेश शुक्ल ने जताया शोक



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** झारखंड स्टेट बार काउंसिल के वाइस चेयरमैन सह वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश कुमार शुक्ल ने वरिष्ठ पत्रकार एवं आजाद सिपाही के प्रधान संपादक हरिनारायण सिंह के निधन पर गहरा शोक व्यक्त की। शोक संदेश में श्री शुक्ल ने कहा स्व. हरिनारायण सिंह झारखंड की पत्रकारिता के सजग प्रहरी और निर्भीक स्वर थे। जिन्होंने पत्रकारिता जगत में अपनी अमिट छाप छोड़ी है। उनका जाना मेरी व्यक्तिगत क्षति है। वे जब भी जमशेदपुर आते थे, मेरे निवास पर अवश्य आते थे। वे रिश्तों को निभाने वाले, भावनाओं को समझने वाले और सच्चे मित्र थे। श्री शुक्ल ने कहा प्रभात खबर, हिंदुस्तान, खबर मंत्र और आजाद सिपाही जैसे प्रतिष्ठित समाचार पत्रों के माध्यम से हरिनारायण सिंह ने जो निष्पक्ष और जनहितकारी पत्रकारिता की, वह आने वाले समय के लिए प्रेरणा बनी रहेगी। उनके निधन से झारखंड की पत्रकारिता को अपूरणीय क्षति हुई है, जिसकी भरपाई निकट भविष्य में संभव नहीं। श्री शुक्ल ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की।

### टीटू मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** अखिल झारखंड यूथ संघ द्वारा सोनारी जॉगर्स पार्क में एक दिवसीय टीटू मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट मुख्य अथिति झामुमो के वरिष्ठ नेता सह समाजसेवी आस्तिक महतो, सम्मानित अथितियों में आजसू नेता कन्हैया सिंह, धनंजय महतो, अखिलेश्वर महतो, धनेश्वर कर्मकार और अप्पू तिवारी समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि आस्तिक महतो के द्वारा कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की गयी। अतिथियों ने वीर शहीद निर्मल महतो, सुनील महतो, सुधीर महतो और टीटू महतो की तस्वीरों पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की और उन्हें नमन किया। टूर्नामेंट में कुल 16 टीमों ने भाग लिया। आयोजकों की ओर से प्रथम पुरस्कार 51,000, द्वितीय 31,000 और तृतीय और चतुर्थ पुरस्कार 11,000–11,000 हजार घोषणा की गयी। आयोजन का उद्देश्य युवाओं को खेल के प्रति जागरूक करना और शहीदों की स्मृति को जीवंत रखना है।

### मातृत्व-स्तनपान पर पोस्टर प्रतियोगिता ओयोजित

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर ग्रीन द्वारा एमजीएम कॉलेज परिसर में सुरक्षित मातृत्व व स्तनपान विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रविवार को आयोजित कार्यक्रम में विजेताओं को सम्मानित किया गया ।कार्यक्रम में विशेष अतिथि मधुमिता संतारा और सतनाम कपूला ने छात्राओं को संबोधित करते हुए मातृत्व सुरक्षा और स्तनपान के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा माँ का दूध शिशु के लिए अमूल्य है। गर्भावस्था के दौरान महिला की देखभाल अत्यंत आवश्यक है ।रोटरी ग्रीन अध्यक्ष अनन्ना दत्ता और सचिव नीलम जायसवाल ने संस्था की सामाजिक प्रतिबद्धता को दोहराया। कार्यक्रम में ममता मिश्रा, मिनी बाला सोरेन, रीता गुप्ता सहित नर्सिंग छात्राएं और फैकल्टी सदस्य उपस्थित रहे।

### झामुमो-कांग्रेस ने की सौदेबाजी, आजसू ने किया संघर्ष

## सरकार हर मोर्चे पर नाकाम : प्रवीण प्रभाकर



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** आजसू पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष प्रवीण प्रभाकर ने शनिवार को परिसदन में प्रेस वार्ता कर हेमंत सरकार को हर मोर्चे पर विफल बताया। उन्होंने कहा राज्य में कानून व्यवस्था चरमरायी है और विकास कार्य ठप पड़े हैं। उन्होंने आरोप लगाया सरकार नगर निकाय चुनाव में जानबूझकर देरी कर रही है। ओबीसी आरक्षण में बाधा डाल रही थी, जिसे आजसू ने नाकाम किया। उन्होंने 27% ओबीसी आरक्षण की मांग पर सरकार से तत्काल पहल की मांग की। श्री प्रभाकर ने कहा शिक्षा और स्वास्थ्य की स्थिति बदहाल है। सरकार केवल योजनाओं का नाम बदलने में लगी है। उन्होंने झारखंड आंदोलन के इतिहास में आजसू की भूमिका को रेखांकित करते हुए बताया 1989 में पहली वार्ता केंद्र ने आजसू से की थी। वनांचल की बजाय झारखंड नामकरण का प्रस्ताव आजसू का ही था। मौके पर संजय सिंह, अप्पू तिवारी, परवेज खान, देवाशीष चट्टोराज और अभय कुमार उपस्थित रहे।

### अंतिम सोमवारी पर निकलेगी कलश यात्रा

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** सावन माह की अंतिम सोमवारी के अवसर पर सोनारी आदर्श नगर मुख्य सड़क स्थित श्री श्री सार्वजनिक सिद्धनाथ मंदिर में भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया जायेगा। रविवार को मंदिर के संरक्षक उमेश कुमार यादव ने प्रेस को जानकारी देते हुए बताया यह आयोजन श्रद्धालुओं की आस्था और शिवभक्ति को समर्पित है। श्री यादव ने कहा कलश यात्रा सोमवार सुबह 8 बजे शुरू होगी। कलश यात्रा में 251 महिलाएं कलश लेकर नर्स क्वार्टर, एयरपोर्ट होते हुए कागलनगर मुख्य सड़क मार्ग से दुमानी में जल संग्रह करेंगी। इसके बाद वापसी यात्रा मेरिन ड्राइव और पंचवटी नगर होते हुए मंदिर परिसर तक पहुंचेगी। जहां महिलाएं भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करेंगी। मंदिर में पुजारी द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन-अर्चन किया जायेगा। आयोजन के अंत में दोपहर 1 बजे से लगभग 1100 श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया जायेगा। मंदिर समिति के दिनेश कुमार ने बाबा भोलेनाथ के आशिर्वाद के लिए क्षेत्रवासियों से ज्यादा से ज्यादा की संख्या मे शामिल होने के लिए अपील की। ताकि सभी श्रद्धालुओ को शिव कृपा प्राप्त हो सके।

## गोंड आदिवासी संघ के सावन मिलन समारोह में बेबी देवी बनीं सावन क्वीन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** अखिल भारतीय गोंड आदिवासी संघ द्वारा गढ़बासा स्थित सीपी समिति स्कूल में सावन मिलन समारोह का आयोजन किया। रविवार को मिलन समारोह में मुख्य अतिथि थाईलैंड में स्ट्रेंगथलिफ्टिंग की स्वर्ण पदक विजेता स्नेह कुमारी, विशिष्ट अतिथि भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार उपस्तित हुए। रैंप वॉक प्रतियोगिता में बेबी देवी को सावन क्वीन चुना गया। वही चंपा देवी को द्वितीय व तरुण देवी तृतीय स्थान प्राप्त हुई। मौके पर शिव पार्वती व राधा कृष्ण की झांकी और नृत्य प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का संचालन साहिल अस्थाना और आयोजन महिला समिति के देख-रेख में हुई। इस दौरान यूथ विंग की घोषणा भी की गयी। जिसका नेतृत्व बॉबी शाह को सौंपा गया। मौके पर अध्यक्ष दिनेश गोंड, नीतू कुमारी, सोहन शाह, हीरा देवी, अंबे सहित कई लोग उपस्थित रहे।

### वरिष्ठ नागरिक अधिकार कानून पर विधिक जागरूकता शिविर, डालसा सचिव ने दी कानूनी जानकारी



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जिले के सभी बुजुर्गों को माह मे एक बार जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) के कार्यालय, नया कोर्ट मे जरूर आना चाहिए। डालसा परिवार उनकी समस्याओ को सुनने को तैयार है। उक्त बातें डालसा के सचिव धर्मेंद्र कुमार ने जीवन ज्योति के धतकीडीह स्थित कानूनी जागरूकता कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कहीं। कार्यक्रम का विषय बुजुर्गो के कानूनी अधिकार पर रखा गया। उन्होंने कहा डालसा में कोई शुल्क नहीं लगता है, बुजुर्गो के अकेलेपन को दूर करने और उनकी घरेलू हिंसा या परेशानी से उबारने मे डालसा परिवार उन्हें भरपूर मदद करेगा। उन्होंने बुजुर्गो का आह्वान करते हुए कहा किसी मामले मे थाने मे यदि कोई परेशानी होती हो तो हर थाने मे डालसा के प्रतिनिधि मौजूद रहते है। उनसे सहयोग प्राप्त करें। बुजुर्गो को खुल कर बेहतर जीवन जीने के लिए संविधान मे अनेक प्रावधान भी किये गये। उन्होंने कहा मेंटेनन्स के लिए सिर्फ पुत्र ही नहीं शादी शुदा बेटी भी इस दायरे मे आती है। कार्यक्रम मे अर्बन सर्वसेस के एरिया इंचार्ज नवीन कुमार ने जीवन ज्योति और डालसा के कार्यो की सराहना की, उन्होंने कहा टाटा फाउंडेशन बुजुर्गो की सेवार्थ आयोजित कार्यक्रम को सदैव प्रोमोट करता आया है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए महासचिव मनोज मिश्रा ने बुजुर्गो के लिए हर थाने में बुजुर्ग हेल्प डेस्क बनाने की मांग की। उन्होंने डालसा को इस मामले मे हस्तक्षेप करने की अपील की। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष डाक्टर अरुण कुमार ने की। उन्होने अतिथियों का स्वागत करते हुए जीवन ज्योति मे बुजुर्गो पर हो रहें अत्याचार से जुड़े अनेक मामलो की ओर डालसा सचिव का ध्यानाकर्षण कराया। साथ ही उन्हें न्याय दिलाने की मांग की। वहीं एलएडीसी के सदस्य अधिवक्ता योगिता कुमारी ने डालसा के गठन, कार्य व उद्देश्य के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा बुजुर्ग, दिव्यांग, महिला, मानसिक रूप से पीड़ित व जरूरतमंद लोग डालसा के माध्यम से शीघ्र और नि:शुल्क न्याय पा सकते हैं। उन्होंने घरेलू हिंसा, सड़क दुर्घटना के बारे में भी चर्चा की। मौके पर पीएलवी नागेन्द्र कुमार, दिलीप जायसवाल, सुनील पांडेय और मनोज कुमार उपस्थित रहे। संस्था का परिचय संस्था के उपाध्यक्ष रवि शंकर व धन्यवाद ज्ञापन आर बी सहाय ने दी। इस अवसर पर अंकित, महेश चौबे, शैलेन्द्र सिन्हा, शुभश्री दत्ता, रेणु सिंह, सरोज देवी, स्नेहलता चंद्रवंशी, शिशिर डे, जग्गन्नाथ मोहंती, किशोर वर्मा, बी के दास, एल बी प्रसाद, उत्तम दत्ता, जे पी सिंह, ज्योति उपाध्याय, अमरेश सिन्हा, आर एस मिश्रा, सुभाष मिश्रा, संजय भद्रा, विजय शर्मा सहित काफी संख्या में वरिष्ठ व आम नागरिकों ने भाग लिया।

### जमशेदपुर में चलाया गया स्वच्छता अभियान



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** सिविल कोर्ट परिसर में रविवार को डालसा के तहत स्वच्छता अभियान चलाया गया ।रविवार को अभियान में प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश अरविंद कुमार पांडेय स्वयं शामिल हुए। उन्होंने स्वच्छता को स्वस्थ जीवन का आधार बताया। अभियान में न्यायिक पदाधिकारी, कोर्ट स्टाफ और पारा लीगल वॉलंटियरों ने मिलकर परिसर की सफाई की।

## घुटुवा की नयी कमेटी का गठन




**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ जिले का विख्यात दुर्गा पूजन समारोह नया नगर बरकाकाना घुटुवा की नयी कमेटी का गठन किया गया है। केंद्रीय कर्मशाला बरकाकाना परिसर में आयोजित आम बैठक में कमिटी के पदेन अध्यक्ष केंद्रीय कर्मशाला बरकाकाना महाप्रबंधक प्रवीण कुमार की उपस्थिति में निखिल कुमार को पुन: कमेटी का सचिव बनाया गया, वही नेपाल विश्वकर्मा को कोषाध्यक्ष का पदभार दिया गया है। नई कमेटी गठन के उपरांत उपस्थित सीसीएल कर्मी और अन्य लोगों ने नई कमिटी के पदाधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं संदेश दिया है। मौके पर उपस्थित कमेटी के सचिव निखिल कुमार ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी नया नगर बरकाकाना स्थित हो रहे नव निर्माण दुर्गा मंडप में भव्य दुर्गा पूजन समारोह आयोजित की जायेगी। वहीं कमेटी के कोषाध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए सीसीएल कर्मी नेपाल विश्वकर्मा ने उपस्थित सीसीएल कर्मियों सहित अन्य लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि महाप्रबंधक प्रवीण कुमार और अन्य लोगों ने जो जिमेवारी मुझे दी है बखूबी बेहतर ढंग से उसे निभाऊंगा।श्री विश्वकर्मा ने कहा कि कमिटी के पदाधिकारियों व सदस्यों के द्वारा पारदर्शी तरीके से दुर्गा पूजन समारोह आयोजित किये जायेंगे। बताते चलें कि आगामी महीनों में रामगढ़ जिले का प्रसिद्ध दुर्गा पूजन समारोह आयोजित होने हैं, जिसके लिए पुराने मंडप को ध्वस्त कर नये मंडप का निर्माण कराया जा रहा है। नव निर्माण किये जा रहे दुर्गा मंडप का कार्य अधूरा रहने से नई कमेटी के पदाधिकारियों को कई प्रकार के चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है।

## थर्मल पावर वर्कर्स यूनियन की हुई बैठक



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** थर्मल पावर वर्कर्स यूनियन (इंटक फेडरेशन) पीवीयूएनएल पतरातू का बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता भारतीय राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस (इंटक फेडरेशन) के जिला अध्यक्ष एवं थर्मल पावर वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष सरफराज अहमद और संचालन राजकुमार महतो द्वारा किया गया। बैठक में थर्मल पावर वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष सरफराज अहमद ने कहा कि मजदूरों के विभिन्न समस्याओं के समाधान की चर्चा करते हुए कहा कि मजदूरों की समस्या के समाधान को लेकर जल्द यूनियन पीवीयूएनएल प्रबंधन और श्रम अधिक्षक से मिलकर मांग पत्र जल्द सौंपा जायेगा। इस मौके पर राजकुमार महतो, उपेंद्र सोरेन, अभिषेक कुमार महतो, अमित मेहता, देवलाल सोरेन, मुकेश राम, राजेंद्र साहू, अभिजीत कुमार, गोसाई ढिंढेशर कुमार, गुड्डू शर्मा, नीरू चांद, बसदेव कुमार, फिरोज खान, बेलाल सहित दर्जनों मजदूर उपस्थित थे।

## बिशुनपुर थाना को मिला नया नेतृत्व अर्जुन कुमार यादव ने संभाला पदभार



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** रविवार को बिशुनपुर थाने में अर्जुन कुमार यादव ने नये थाना प्रभारी के रूप में अपना कार्यभार संभाला। इस अवसर पर उन्होंने अपनी प्राथमिकताओं को स्पष्ट करते हुए कहा कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखना, अपराध नियंत्रण और जन सहयोग को बढ़ावा देना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। कार्यभार ग्रहण करने के बाद, उन्होंने थाने के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ एक बैठक की और क्षेत्र की वर्तमान सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों को निर्देश दिया कि वे जनता के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार करें और उनकी शिकायतों को गंभीरता से सुनें।थाना प्रभारी यादव ने क्षेत्र के नागरिकों से भी सहयोग की अपील करते हुए एक महत्वपूर्ण बात कही। उन्होंने कहा कि पुलिस अकेले अपराध पर नियंत्रण नहीं कर सकती। पुलिस और जनता के बीच मजबूत विश्वास और संवाद की कड़ी ही एक सुरक्षित समाज की नींव है। उन्होंने जनता से अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। इस मौके पर मुख्य रूप से छोटा बाबू शैलेश कुमार यादव, सब इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार, सब इंस्पेक्टर कामू पासवान, मुंशी नितेश सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## नारी जागरूकता अभियान की शुरुआत 9 से

**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड नवनिर्माण दल से जुड़ी महिला मंडल सहयोग संचालन समिति के तत्वावधान में 9 अगस्त 2025 से राज्यभर में नारी जागरूकता अभियान के तहत होनेवाली कार्यक्रम की शुरुआत गुमला में भी की जायेगी। नारी जागरूकता अभियान के जरिये महिलाओं की इज्जत व जान की रक्षा की गारंटी करने, नशाखोरी रोकने, महिला मंडल को सरकारी मान्यता देने, महिला सशक्तिकरण के नाम पर मची लूट में शामिल संस्था व अधिकारियों पर कार्रवाई करने, सिर्फ ट्रेनिंग नहीं रोजगार देने की गारंटी करने, महिलाओं द्वारा किए गए उत्पादन के लिए बाजार मुहैया कराने, महिला मंडल को दिया गया सभी तरह का लोन माफ करने, स्वरोजगार के लिए एकमुश्त कम से कम 25-25 हजार रुपए अनुदान देने, व्यवसाय के लिए ब्याज रहित 5 साल तक भरने की समय अवधि देते हुए इच्छुक महिलाओं को 10 लाख रुपए तक पूंजी देने तथा आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका, सहिया रसोईया-संयोजिका, पारा शिक्षक तथा मानदेय व अनुबंध पर कार्यरत सभी कर्मियों की मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए मांगों को पूर्ण करने, इत्यादि सवालों को प्रमुखता से उठाई जायेगी। इन मांगों के समर्थन में 24 अगस्त 2025 को जिला मुख्यालय कार्यक्रम में महिलाओं की विशाल आमसभा आयोजित कर जिले भर में नारी जागरूकता अभियान के तहत महिलाओं को एकजुट की जायेगी।

## सांप के डसने से महिला गंभीर

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले के डोमचांच थाना क्षेत्र अंतर्गत बेहराडीह मे सांप के डसने से एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी। घायल महिला की पहचान काजल देवी उम्र 25 वर्ष पति अरुण यादव, ग्राम पहरिडीह (बेहराडीह) थाना डोमचांच निवासी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार काजल देवी घर के बाहर झोपड़ी में जानवर को पानी पिलाने गई थी। इसी दौरान जहरीला सांप ने काट लिया। जिसके बाद उक्त महिला चिल्लाने लगी। स्थानीय लोगो की भीड़ इकट्ठा हो गयी जिसके बाद परिजनों द्वारा सदर अस्पताल कोडरमा ले जाया गया। जहां चिकित्सकों की देख - रेख में महिला का इलाज चल रहा है।

# मजदूरों के साथ अपराधियों ने की मारपीट, फायरिंग कर फैलायी दहशत

**मजदूरों से मांगी एक लाख की फिरौती, चार मोबाइल भी ले गये अपराधी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बारियातू।** थाना क्षेत्र के शिबला पंचायत अंतर्गत भाटचतरा बाजारटांड़ में शनिवार रात अपराधियों ने टावर निर्माण कार्य में लगे मजदूरों के साथ मारपीट करते हुए फायरिंग कर दहशत फैला दी। घटना में एक मजदूर घायल हो गया, जबकि अपराधी मजदूरों से एक लाख रुपये की मांग कर चार मोबाइल फोन लूटकर फरार हो गए।मिलि जानकारी के अनुसार, भाटचतरा बाजारटांड़ में नरेश तुरी के घर में रहकर केईसी कंपनी के हाई टेंशन लाइन के टावर निर्माण कार्य में प. बंगाल के मालदा जिले के करीब 25-30 मजदूर पिछले टकई महीनों से कार्यरत हैं। शनिवार रात करीब 9:30 बजे चार वदीर्धारीट अपराधी हथियार से लैस होकर मजदूरों के कमरे में पहुंचे और मारपीट करते हुए अंदर घुस गए। इस दौरान पिस्तौल से दो राउंड फायरिंग की, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गयी।

मजदूरों के अनुसार, सभी अपराधियों ने अपने चेहरे ढके हुए थे और कबरा पैंट और काले शर्ट में थे। उन्होंने मजदूरों से एक लाख रुपये की मांग की और मौके पर एक पर्चा भी छोड़ गये। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, चार में से एक अपराधी लंबा कद वाला था, जबकि तीन अन्य की उम्र करीब 18-20 वर्ष थी।

फायरिंग के दौरान मजदूर पंचम को लोहे की रॉड से मारा गया, जिससे वह घायल हो गया। इसके अलावा अमूल, लोकेश, पंचम और विश्वजीत के मोबाइल फोन अपराधी अपने साथ ले गये। घटना के समय घर मालिक नरेश तुरी, उनकी पत्नी और पुत्री डर के मारे घर में छुप गये।स्थानीय लोगों के अनुसार, दो-तीन दिन पूर्व भी कबरा पैंट पहने कुछ युवक मजदूरी करने के बहाने मजदूरों से बातचीत कर उनके बारे में जानकारी हासिल कर गये थे। शनिवार को भाटचतरा में साप्ताहिक बाजार लगता है, और बाजार समाप्त होने के बाद ही अपराधियों ने वारदात को अंजाम दिया।

**पुलिस ने जब्त किये खोखा व पोस्टर, जेजेएमपी ने ली जिम्मेदारी:** घटना की जानकारी मिलते ही बारियातू थाना प्रभारी रंजन पासवान दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल से दो खोखा और एक पोस्टर जब्त किया। थाना प्रभारी ने बताया कि पोस्टर में प्रतिबंधित संगठन जेजेएमपी ने घटना की जिम्मेदारी ली है। पुलिस ने अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए सघन छापेमारी अभियान शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जायेगा।

### गुमला में संकुलस्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर ने चैंपियन का खिताब किया अपने नाम

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर गुमला में विद्या भारती द्वारा आयोजित संकुल स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता का सफल आयोजन हुआ, जिसमें गुमला संकुल के 6 विद्यालयों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर गुमला ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। भरनो विद्यालय दूसरे और सिसई विद्यालय तीसरे स्थान पर रहा।

**चार वर्गो में 210 भैया-बहनों की भागीदारी:** यह प्रतियोगिता शिशु, बाल, किशोर और तरुण, इन चार वर्गों में आयोजित की गयी थी। इसमें कुल 210 भैया-बहनों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में संस्कृत, संस्कृति बोध परियोजना, अंग्रेजी, विज्ञान, वैदिक गणित, और संगणक (कंप्यूटर) जैसे 6 विषयों को शामिल किया गया था, जिनमें कुल 24 टीमों ने भाग लिया।

**लोहरदगा में होगी अगली प्रतियोगिता:** इस प्रतियोगिता के विजेता भैया-बहन अब 23 अगस्त को लोहरदगा में होने वाली विभाग स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता में गुमला संकुल का प्रतिनिधित्व करेंगे।

इस अवसर पर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रामकिशोर रजक, सचिव विजय बहादुर सिंह, संकुल संयोजक प्रभात कुमार दास, प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिन्हा समिति सदस्य राजेश कुमार अभिभावक प्रतिनिधि रंजना साहू सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिन्हा ने कहा कि प्रश्न मंच व्यक्तित्व विकास का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। सचिव विजय बहादुर सिंह ने विजेताओं को संबोधित करते हुए कहा कि वे अपने जीवन में एक विशिष्ट लक्ष्य निर्धारित कर देश और समाज के लिए कार्य करें, क्योंकि आज के बच्चे ही कल का भविष्य हैं। विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार ने सभी विजेता प्रतिभागियों को आने वाली प्रतियोगिता के लिए अग्रिम शुभकामनाएं प्रेषित की।सभी पदाधिकारियों ने विजेताओं को बधाई दी और आगामी प्रतियोगिता के लिए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

## आश्रम विद्यालय नागरितो की छात्राओं ने दर्शकों का मन मोहा

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** झुमरीतिलैया में आयोजित आकांक्षा मेला में सांस्कृतिक कार्यक्रम में मरकच्चो के चोपनाडीह पंचायत स्थित आश्रम विद्यालय नागरितो की छात्राओं ने अपनी शानदार प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोह लिया। पारंपरिक वेशभूषा में सजाकर छात्राओं ने लोक नृत्य समूह गीत और झारखंडी संस्कृत झलकियां से कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया। छात्राओं की प्रस्तुति आत्मविश्वास और भाव भंगिमा ने उपस्थित दर्शकों व निर्णायक मंडली को विशेष रूप से प्रभावित किया। आयोजन स्थल पर तालिया की गड़गड़ाहट से छात्राओं का उत्साह चरम पर रहा। विद्यालय की छात्रा प्रियांशु बेसरा, आरती कुमारी, रिंकी किस्कू, सरिता कुमारी, लिलमनी हेम्ब्रम, प्रियंका मुर्मू, सविता कुमारी, सुमित्रा कुमारी, एकता रानी, पॉलिना टुडू, शांति कुमारी, सविता बास्के, असुनता कुमारी विद्यालय की टीम ने प्रस्तुति प्रस्तुत की थी। उनकी इस शानदार प्रस्तुति पर पदाधिकारियों शिक्षिकाओं व प्रशिक्षकों ने छात्राओं के कठिन परिश्रम व समर्पण की सराहना की। उन्हें कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की बालिकाओं द्वारा ऐसी प्रस्तुति देना गौरव की बात है और यह उनके उज्जवल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। विद्यालय के सचिव विष्णु कुमार, प्रधानाचार्य ममता सिंह, कांता किरण धान, ओमकार कुमार, गोल्डी रीना कुजूर, अनिशा कुमारी, संगीता कुमारी, सविता कुमारी, सुरक्षा गार्ड संजय कुमार ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बैठक का आयोजन



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** विश्व स्तनपान सप्ताह के अवसर पर सिविल सर्जन गुमला डॉ शंभू नाथ चौधरी के नेतृत्व में घाघरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को लेकर कई आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। सिविल सर्जन डॉक्टर शंभू नाथ चौधरी ने स्वास्थ्य कर्मियों को स्तनपान के महत्व के बारे में समुदाय को जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मां का दूध शिशु के लिए अमृत समान होता है और इससे शिशु को संक्रमण से सुरक्षा, संपूर्ण पोषण और मानसिक विकास में सहायता मिलती है। सभी को विश्व स्तनपान सप्ताह के दौरान विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने, ग्रामीण क्षेत्रों में अभियान चलाने और स्तनपान को लेकर फैली भ्रांतियों को दूर करने पर विशेष जोर देने को कहा गया। कार्यक्रम के अंत में सिविल सर्जन ने यह भी स्पष्ट किया कि स्तनपान को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार की विभिन्न योजनाओं और संसाधनों का प्रभावी उपयोग किया जाये। वही प्रोजेक्टर के माध्यम से लाभार्थियों को जागरूक भी किया गया। बैठक में चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर अरविंद कुशल एक्का, डॉक्टर फरजाना, अमित प्रसाद, बिटीटी सीमा देवी बबीता देवी सहित कई स्वास्थ्य सहिया, एएनएम, डॉक्टर व अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे।

## दुर्गा पूजा मनाने को लेकर बैठक



**रजरप्पा(आजाद सिपाही)।** रजरप्पा प्रोजेक्ट आवासीय कॉलोनी में श्री श्री दुर्गा पूजा समिति रजरप्पा प्रोजेक्ट के सदस्यों की एक बैठक शनिवार देर शाम दुर्गा मंडप परिसर में हुई। बैठक में दुर्गा पूजा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी धूमधाम के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक के दौरान पुराने कमेटी को भंग कर नये कमेटी का गठन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी को कमेटी का मुख्य संरक्षक चुना गया। वहीं बड़कागांव विधायक रोशनलाल चौधरी को संरक्षक बनाया गया हैं। इसके अलावे रजरप्पा क्षेत्र के महाप्रबंधक कल्याणजी प्रसाद को अध्यक्ष, गजेंद्र चौधरी को सचिव व आरपी सिंह को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। साथ ही अगले बैठक में कमिटी का विस्तार करने का निर्णय लिया गया। बैठक के दौरान पिछले वर्ष का आय व्यय प्रस्तुत किया गया। बैठक की अध्यक्षता रोशनलाल चौधरी व संचालन अनिल प्रसाद ने किया। मौके पर पूर्व पार्षद गोपाल चौधरी, चंद्रशेखर चौधरी, किशोरी प्रसाद, अनिल प्रसाद, रविंद्र वर्मा,जगन रविदास, महेंद्र मिस्त्री, संतोष पाल, बृजकिशोर पोद्दार, जगदीश महतो, भानुप्रकाश चौधरी, शिवशंकर महतो, शंकर सिंह, बसंत महतो, प्रमोद चौधरी, विकास कुमार, मुकेश सिन्हा, राजदीप चौधरी, बिमलेश कुमार, युगल किशोर, राजू महतो सहित कई मौजूद थे।

## 108 एंबुलेंस के चालक हड़ताल पर, ठेला में मरीज

आजाद सिपाही संवाददाता



**बिशुनपुर।** मुख्यालय के सेमर टोली बस्ती जाने के लिए सड़क नहीं होने के कारण 108 एंबुलेंस नहीं पहुंच पा रही है, जिससे मरीजों को अस्पताल पहुंचाने में परेशानी हो रही है। एंबुलेंस के चालक हड़ताल पर हैं, जिससे स्थिति और भी खराब हो गई है। चार दिन पूर्व अस्पताल परिसर से 200 मीटर पीछे सेमर टोली बस्ती में रह रहे बीनू बड़ाईक का अचानक तबीयत बिगड़ा जीसे कच्ची सड़क के रास्ते ठेला में लादकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिजन लेकर आए जहां प्राथमिक उपचार उपरांत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के एंबुलेंस से सदर अस्पताल गुमला रेफर किया गया। परिजन संतोष बड़ाईक ने बताया कि बस्ती जाने के लिए पक्की सड़क नहीं है कच्ची सड़क होने के कारण बरसात के दिनों में कीचड़ में तब्दील हो जाता है जिस कारण एंबुलेंस नहीं पहुंच पाती है, जिससे मरीजों को ठेला या अन्य साधनों से अस्पताल पहुंचाना पड़ता है। इधर 108 एंबुलेंस के चालक हड़ताल पर हैं, जिससे मरीजों को अस्पताल पहुंचाने में परेशानी हो रही है। चालकों का कहना है कि उनकी मांगों को नहीं माना जा रहा है, जिससे वे हड़ताल पर जाने को मजबूर हुए हैं।

इस घटना से सरकारी व्यवस्था की कमी उजागर होती है। सरकार को चाहिए कि वह ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क और स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए काम करे, ताकि मरीजों को समय पर इलाज मिल सके।

## फुटबॉल टूर्नामेंट शुरू



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के कोनहारा कला में एफसीबी क्लब कोनहारा कला के तत्वावधान में फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया। टूर्नामेंट का उद्घाटन स्थानीय मुखिया अब्बास अंसारी ने फीता काट कर किया। उद्घाटन मैच होप क्लब कोडरमा और कयामत क्लब पिपराडीह के बीच खेला गया। मौके पर मुखिया अब्बास अंसारी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार के टूर्नामेंट आयोजन से खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने अवसर मिलता है। युवा वर्ग खेलकूद के माध्यम से भी अपनी कैरियर बना सकते हैं। मौके पर मुखिया अब्बास अंसारी, वार्ड सदस्य जहीर अंसारी, जीवन यादव, रहमत अंसारी, असरफ अंसारी, राम अवतार यादव, सिकंदर अंसारी समेत आदि लोग उपस्थित थे।

## प्रमोद उर्फ पिंटू ने कांवरियों को बिस्कुट और पानी देकर की सेवा



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** श्रवण मास के अंतिम सोमवारी को लेकर रजरप्पा से बहुचर्चित महुदी पहाड़ स्थित बुढ़वा महादेव मंदिर में 115 किलोमीटर की लंबी पैदल यात्रा कर जलार्पण करने आ रहे कांवरियों को मुस्कान बार एंड रेस्टोरेंट के प्रोपराइटर प्रमोद उर्फ पिंटू कुमार ने पसरिया मोड के पास हर वर्ष के भांति इस वर्ष भी श्रद्धालुओं के लिए बिस्कुट और पानी की व्यवस्था की गयी। श्री कुमार ने कहा कि जिस तरह से देवघर जाकर लाखों के संख्या में जल अर्पित करने जाते है उसी तरह हमारे प्रखंड के लोग भी रजरप्पा से बुढ़वा महादेव मंदिर में लगभग इसबार 72 शोभा यात्रा निकली गयी हैं। बताते चले कि सड़क में कई जगह पर जनप्रतिनिधियो के द्वारा कांवरियों का सेवा किया जा रहा है। मौके पर आजसू जिला उपाध्यक्ष उपेन्द्र कुमार, जिला सचिव गिरेंद्र महतो, समाजसेवी पंचम कुमार, देवनारायण महतो सहित अन्य सहयोगी मौजूद थे।

## महिलाओं ने मनाया सावन महोत्सव



**महुआडांड़ (आजाद सिपाही)।** स्थानीय दुर्गा बाड़ी परिसर में शनिवार को हिन्दू महिला महासभा मंडल महुआडांड के अध्यक्ष रानी साहू की अध्यक्षता मे हिन्दू महिला महासभा मंडल की महिलाओं ने सावन महोत्सव मनाया। सावन महोत्सव में आई महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा यथा हरी साड़ी, हरी चुड़ी पहनकर भाग लिए एवं लोक गीत गायें व पारंपरिक गीतों पर जमकर झुमें। इस अवसर पर कई प्रतियोगिता यथा मेंहदी प्रतियोगिता, कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता आदि प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। सावन महोत्सव में महुआडांड की पूर्व उपप्रमुख सरिता जायसवाल, सरिता गुप्ता, बबीता जायसवाल, रेणु जायसवाल, अनीता देवी, आरती गुप्ता, सुनीता देवी, ममता गुप्ता, निधि साहू, सोनाक्षी गुप्ता, संध्या साहू, मंजू गुप्ता, आशा सोनी, स्वीटी सोनी, खुशबू गुप्ता, चंचला सोनी, राखी सोनी, गायत्री गुप्ता, संगीता सोनी आदि महिलाएं मौजूद थी।

## एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी उपायुक्त के आदेश का नहीं हो रहा पालन

**चलकुशा (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह का दिशा निर्देश का नहीं हो रहा है पालन बताते चलें कि उपायुक्त ने चलकुशा प्रखंड क्षेत्र भ्रमण के दौरान मसकेडीह पंचायत अंतर्गत ग्राम बरियौन में आम बागवानी का निरीक्षण किया गया था। इस दौरान डीसी ने लाभुकों को और संबंधित पदाधिकारीयों को निर्देश देते हुए कहा था कि अलग-अलग योजना में अलग अलग मेढ़ बनाने ओर सभी योजना में बोर्ड लगाने को कहा गया था। जिससे लेकिन एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी आदेश का पालन नहीं हो सका।इस मामले में बीपीओ राजेश कुमार से पुछे जाने पर बताया कि लाभुकों को मेढ़ बनाने का आदेश दिया गया है।

## छात्राओं के बीच रेन कोट का वितरण



**गुमला (आजाद सिपाही)।** सर्वेश्वरी समूह के युवा विंग ने समाज सेवा की एक अलग लकीर खींची है। इस विंग के सदस्य समसामयिक परिस्थिति व समय के अनुकूल ग्राम्य इलाकों में जाकर समाज सेवा का अलख जगाते रहे हैं। इसी कड़ी के तहत निरंतर हो रही बारिश को ध्यान में रखते हुए गुमला प्रखंड के फसिया गांव में जरुरतमंद छात्राओं के बीच दो दर्जन रेन कोट का वितरण किया। साथ हीं छात्र छात्राओं को फल और टॉफी भी दिया गया। वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ अघोरेश्वर महाप्रभू एवं परमपूज्य गुरुदेव जी की पूजा अर्चना करते हुए किया गया। तत्पश्चात छात्र छात्राओं और ग्रामीणों के साथ आयोजित संवाद कार्यक्रम में स्नेहा गुप्ता द्वारा समूह के कार्यवृत्त की जानकारी साझा की गयी। शांभवी सौम्या ने स्वच्छता अभियान को रेखांकित करते हुए साफ सफाई पर ध्यान देने की बात कही। साथ हीं उन्होंने विद्यार्थियों और ग्रामीणों को बरसाती पानी से बचने के साथ साथ वज्रपात के समय सुरक्षित स्थान पर रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा की आसमानी बिजली से बचने की जरुरत है, ऐसे मौकों पर किसी भी वृक्ष के नीचे शरण लेने से सदैव बचना चाहिए। समझदारी से ही सुरक्षित रहा जा सकता है। सलोनी गुप्ता ने पर्यावरण संरक्षण व वृक्षारोपण तथा दीक्षा गुप्ता के द्वारा ग्राम देवी की पूजा के महात्म्य पर प्रकाश डाला गया। आदर्श कुमार के द्वारा छात्रों के चारित्रिक और नैतिक विकास की व्याख्या करते हुए नशापान से दूर रहने का सलाह दिया गया। मौके पर पंकज कुमार,नयन केसरी, शिव शंकर सारंगी, मुस्कान, प्रिंस गुप्ता, नरेश सिंह, अनिल कुमार, रोहित, सुमित गुप्ता, सागर खड़िया, नीलम देवी, मुकेश आदि उपस्थित थे।

# हाथियों के झुंड ने गांव में मचाया उत्पात, घरों को तोड़ा, खा गये अनाज

आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** आंगो पंचायत के ग्राम बरतुआ में तिलका मुर्मू, फागु मुर्मू, शनिचरवा खलखो, सुमित खलखो, रामा खलखो, दिपक खलखो, पंचम मिंज का जंगली हाथियों का झुंड गांव में घुसकर घर को तोड़कर जम कर उत्पाद मचाया हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हाथियों का झुंड लगभग 20 से 25 बताए जा रहे हैं। बताते चलें कि इससे



पहले बड़कागांव प्रखंड के कांडतरी और सांढ़ गांव सहित में उत्पात मचा रहा था। हाथियों के झुंड को वन विभाग के बड़े मशक्कत के बाद हाथियों को भगाने में सफलता मिली थी। परंतु पुनः अचानक हाथियों के झुंड को फिर से बड़कागांव प्रखंड में दस्तक देने से ग्रामीणों में काफी डर का माहौल बना हुआ है। इस संबंध में बड़कागांव वन क्षेत्र पदाधिकारी से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि हमारी टीम हाथियों को भगाने में जुटे हुए हैं। ग्रामीण उन हाथियों को किसी तरह से छेड़े नहीं वरना हाथी और उग्र होंगे। वही इस संबंध में आंगो पंचायत के मुखिया नीलम मिज, पंसस प्रतिनिधि मुनेश्वर गंझु मुआवजा के लिए सरकार से मांग किये है।

## डॉ मनोज कुमार आठवीं बार झारखंड राजद के प्रवक्ता मनोनीत हुए



**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल ने डॉ मनोज कुमार को आठवीं बार राष्ट्रीय जनता दल का प्रवक्ता बनाया गया, डॉ मनोज पार्टी समर्थित और समर्पित कार्यकर्ता हैं संगठन को मजबूती दिलाने में काफी अहम योगदान दिया है लगभग 30 वर्षों से पार्टी के प्रति तन मन धन से राजद के एक समर्पित सिपाही होने के कारण पार्टी का पहला कार्यकर्ता है जिसे आठवीं बार झारखंड प्रदेश के प्रवक्ता के रूप में केंद्रीय नेतृत्व के द्वारा डॉ मनोज को मनोनीत किया, झारखंड राज्य बनने के पूर्व से ही पार्टी के प्रति निष्ठा भाव से संगठन का प्रचार प्रसार और राष्ट्रीय जनता दल के एक बेहतर ईमानदार साफ सुथरा छवि का होने के कारण पुनः मनोनीत किया गया। डॉ मनोज ने बताया कि राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के दिशा निर्देश का पालन करना मेरी पहली प्राथमिकता है पार्टी के हित के लिए हमेशा समर्पित रहने का काम किया हूं लगन और निष्ठा भाव से झारखंड प्रदेश में राष्ट्रीय जनता दल को ऊंचाई तक पहुंचाने में अहम भूमिका रही इसके अलावा अन्य तीन लोग कैलाश यादव आबिद अली विश्वनाथ राम घुरा, घनश्याम चौधरी का भी मनोनीत किया गया है। मनोज को आठवीं बार प्रवक्ता बनने पर राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव, बिहार विधानसभा विपक्ष के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव, झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक संजय सिंह यादव, रमेश प्रसाद यादव, कमलेश यादव, संजय यादव सहित दर्जनों ने बधाई दिया।

## कांग्रेस का संगठन सृजन कार्यक्रम आयोजित



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** संगठन सृजन के तहत सेन्हा प्रखंड के ग्राम पंचायत सेन्हा, मुर्की तोड़ार, और उगरा पंचायत कांग्रेस कमिटी का गठन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अनिल उरांव की अध्यक्षता में किया गया। मौके पर जिला कार्यकारी अध्यक्ष हाजी शकील अहमद, प्रखंड पर्यवेक्षक संतोष कुमार महतो, मंडल अध्यक्ष किशोर साहु, प्रखंड सांसद प्रतिनिधि नंदकिशोर शुक्ला के नेतृत्व में ग्राम पंचायत कमिटी का गठन किया गया। जिसमें सेन्हा पंचायत में अध्यक्ष मनसूर अंसारी, उपाध्यक्ष अनिल उरांव, इरशाद अंसारी, महासचिव तबस्सुम आरा, सुरज केरकेट्टा, अरविंद महतो, मोबिन रिजवी, कोमल राम, सादिक अंसारी, शुशीला केरकेट्टा, फारुख अंसारी, समशेर अंसारी, मुर्की तोड़ार पंचायत में अध्यक्ष जीतराम उरांव, उपाध्यक्ष विश्वनाथ भोक्ता, नौशाद अंसारी, महासचिव रिंकू देवी, सुमी कुमारी उरांव, सोमराज उरांव, विमला देवी, राम टाना भगत, प्रमोद उरांव, संजय कुजूर, फागू उरांव, मुमताज अंसारी, मनोज उरांव, उगरा पंचायत में अध्यक्ष मुस्ताक अंसारी, उपाध्यक्ष दयाल उरांव, रामप्रसाद लोहरा, महासचिव बसंती उरांव, फूलदेव उरांव, राधा उरांव, हदीस अंसारी, गुलाब उरांव, योगेंद्र उरांव, रेयउदीन अंसारी, आजम अंसारी, असलम अंसारी, को बनाया गया है। कार्यकारी जिलाध्यक्ष हाजी शकील अहमद ने कहा कि इस तरह गांव गांव में जाकर हर एक कार्यकर्ता को जोड़कर पार्टी को मजबूत बनाने का काम किया जा रहा है आने वाले दिनों में संगठन मजबूत होगा तो आने वाले कोई भी चुनाव हम जीत हाशिल कर सकते है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से इम्तियाज अंसारी, सरिता देवी, जीतराम उरांव, दिनेश उरांव, रवि केरकेट्टा, दिलीप मुंडा, तश्लिल अंसारी, फिरोज अंसारी, हसबुल अंसारी, जोगेन्द्र उरांव, रशीद अंसारी, रितेश उरांव, अनिल उरांव, सफीक अंसारी, यूसुफ खान, बसीर अंसारी, जाकिर अंसारी, फिरोज अंसारी, फागू उरांव, सोमरा उरांव, महिंद उरांव, सुकरा उरांव, साजिद अंसारी, फुलदेब उरांव सहित सैकड़ों ग्रमीण उपस्थित थे।

## हुसैनाबाद में पौधरोपण कार्यक्रम आज



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** लोक जन चेतना मंच के तत्वावधान में एक महत्त्वपूर्ण जनसहभागिता आधारित अभियान के तहत 4 अगस्त 2025 को दंगवार से भीमराज मोहम्मदगंज तक सड़क किनारे स्थित वृक्षों की पूजन, रक्षा सूत बांधने और खाली स्थानों पर पौधरोपण का भव्य आयोजन किया जायेगा। इस पर्यावरणीय पहल की शुरुआत प्रातः 9:00 बजे हुसैनाबाद प्रखंड अंतर्गत दंगवार से होगी। इसके पश्चात कार्यक्रम क्रमशः हैदरनगर (10:30 से 11:30 बजे तक) एवं मोहम्मदगंज (11:30 से12:30 बजे तक) में संपन्न होगा। इस अभियान का समापन भीमराज मोहम्मदगंज में एक मानस श्रृंखला के रूप में किया जायेगा, जिसमें सहभागीगण वृक्षों की रक्षा और संवर्धन का संकल्प लेंगे। जानकारी देते हुए लोक जन चेतना मंच के अध्यक्ष प्रेमतोष कुमार सिंह ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य वृक्षों के प्रति सम्मान, संरक्षण और संवेदनशीलता की भावना को सामाजिक स्तर पर सुदृढ़ करना है। खाली पड़ी सार्वजनिक भूमि पर पौधरोपण कर हरित पट्टी का विस्तार करना। आम नागरिकों को पर्यावरणीय चेतना से जोड़ते हुए सामूहिक जागरूकता का निर्माण करना। उन्होंने बताया कि इस पुनीत कार्य में हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, हैदरनगर, हुसैनाबाद और मोहम्मदगंज प्रखंडों के सभी संबंधित प्रशासनिक पदाधिकारी, जल सहिया, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, किसान मित्र, पीडीएस डीलर, विद्यालयों के छात्र-छात्राएं, जनप्रतिनिधिगण, सामाजिक और आध्यात्मिक संगठन सक्रिय भागीदारी करेंगे।

## आरपीएफ ने छह लोगों को किया गिरफ्तार

**जपला (आजाद सिपाही)।** सोननगर गढ़वा रोड रेल खंड के जपला रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ निरीक्षक प्रभारी राजेश कुमार मीना के नेतृत्व में अधिकारी व स्टाफ द्वारा वरीय अधिकारियों के निर्देशानुसार यात्री सुरक्षा को लेकर स्टेशन परिसर में विशेष अभियान चलाया गया। अभियान में रेल अधिनियम के तहत स्टेशन परिसर में अनाधिकृत रूप से घूमते हुए छह लोगों को गिरफ्तार किया। आरपीएफ के निरीक्षक प्रभारी राजेश कुमार मीणा ने बताया कि यात्री सुरक्षा को लेकर आरपीएफ पुलिस सजग है। अनाधिकृत रूप से यात्रा करने वाले और स्टेशन परिसर में अनाधिकृत रूप से घूमने वाले व प्लेटफार्म परिसर में रील बनाने के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में स्टेशन परिसर में अनाधिकृत रूप से छः व्यक्तियों को गिरफ्तार कर रेलवे एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक दंडाधिकारी डाल्टनगंज को अग्रसारित किया गया है।उन्होंने बताया कि न्यायालय ने सभी को जुमार्ना देने के उपरांत रिहा कर दिया है। श्री मीना ने बताया कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि जिन्हें भी अनाधिकृत यात्रा करते या रेल परिसर में बेवजह विचरण करते पकड़ा जायेगा। उनपर कार्रवाई की जायेगी। इस अभियान में आरपीएफ के उप निरीक्षक जेपी प्रसाद, कार्तिक बिंझा समेत पुलिस बल के जवान शामिल थे।

## विद्युत विभाग की महिला अनुसेवक का निधन

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** नगर पंचायत क्षेत्र के इस्लामगंज निवासी व जपला विद्युत विभाग कार्यालय में अनुसेवक के पद पर कार्यरत संगीता कुंवर सीढ़ी से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गयी थी, जहां इलाज के दौरान मौत हो गयी। 52 वर्षीय संगीता का हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में पोस्टमार्टम कराने के बाद शनिवार की शाम शव परिजनों को सौंप दिया गया। वह काफी लंबे समय से जपला विद्युत विभाग कार्यालय में कार्यरत थी। बताया जाता हैं कि तबीयत खराब होने के कारण वह 1 अगस्त से छुट्टी पर थी। उक्त महिला का दाहसंस्कार रविवार को देवरी मुक्ति धाम पर किया गया। इशोक व्यक्त करने वालों में सहायक विद्युत अभियंता रामप्रसाद महतो, जितेंद्र कुमार ठाकुर, संतोष सिंह, उबैद अहमद, राहुल सिंह, कमलेश कुमार सहित कई लोगों ने शोक जताया है।

# लोहरदगा में गूंजे 51000 महामृत्युंजय मंत्र, सैकड़ों शिवभक्तों ने किया यज्ञ

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** सावन माह के पावन अवसर पर रविवार को लोहरदगा के शास्त्री चौक स्थित लक्ष्मी नारायण भवन में भव्य धार्मिक आयोजन संपन्न हुआ। डॉ. अशोक आचार्य के सान्निध्य में सैकड़ों श्रद्धालु शिवभक्तों ने मिलकर 51000 महामृत्युंजय मंत्र का सामूहिक जाप किया और विशेष यज्ञ का आयोजन किया।



कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन और यज्ञ प्रार्थना से हुई। महामृत्युंजय मंत्र जाप के उपरांत वेदों के शिव संकल्प सूक्त मंत्रों की विशेष आहुति दी गयी। डॉ. अशोक आचार्य ने बताया कि यह मंत्र न केवल शिवजी को प्रसन्न करता है, बल्कि रोग, भय, बाधा और अकाल मृत्यु से रक्षा करता है। सभी भक्तों ने आदियोगी शिव का ध्यान करते हुए मंगलकामनाएं कीं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेंद्र खत्री ने 'मंत्र थेरेपी' के लाभों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज कई असाध्य रोगों का उपचार आध्यात्मिक साधनाओं से संभव हो रहा है। उन्होंने लोगों से अध्यात्म से जुड़ने और धार्मिक ग्रंथों के अध्ययन का आग्रह किया।

मुख्य यजमानों में दीपक कर्मकार, शीतल कर्मकार, राजकिशोर, प्रतिमा देवी, विवेक कुमार, सत्यरूपा गुप्ता, दिलीप कुमार, आलोक वर्मा, विकास कुमार, प्रतिमा कुमारी (पतंजलि), सरिता कुमार, आशीष गुप्ता, अखिलेश कुमार (आर्य), शैलेंद्र कुमार, राकेश साहू, जय साहू, गुंजा साहू, प्रतिमा मुखर्जी, संगीता साहू, हर्ष कुमार, महेंद्र चौधरी, माधुरी देवी, भुवनेश्वर महतो, सरिता केसरी, रेखा साहू आदि उपस्थित रहे।

## सुनील अग्रवाल को समिति ने किया सम्मानित

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** जय श्रीराम समिति के जिला अध्यक्ष और कांवरिया संघ बरवाटोली के आजीवन संरक्षक सुनील अग्रवाल को समिति के सभी पदाधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया। उन्हें अंगवस्त्र और पुष्पगुच्छ भेंट कर श्रद्धा और संगठन के प्रति समर्पण के लिए सम्मान दिया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि सुनील अग्रवाल का योगदान न केवल धार्मिक आयोजनों में बल्कि संगठन की एकता और मजबूती में भी सराहनीय है। इस अवसर पर सावन की तीसरी सोमवारी को आयोजित भव्य कांवड़ यात्रा की भी चर्चा हुई। इस आयोजन को सफल बनाने में लोहरदगा नगरवासियों सहित कांवरिया संघ के अध्यक्ष गौरव अग्रवाल और अन्य लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। मौके पर महामंत्री प्रदीप साहू, कार्यकारी अध्यक्ष रमेश राय, रक्त संग्रह प्रमुख जीवनराज मेहता, कोषाध्यक्ष विक्की कसेरा, उपाध्यक्ष विनोद साहू, मंत्री बजरंग साहू, दयाशंकर सिंह, गुड्डू, रविंद्र कुमार, अनूप गुप्ता, दिग्गज कुमार और अन्य भक्तगण मौजूद थे।

# व्यवहार न्यायालय परिसर में चलाया गया स्वच्छता अभियान



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश दिवाकर पांडेय के नेतृत्व में व्यवहार न्यायालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। पीडीजे ने साफ सफाई का निरीक्षण किया। उन्होंने न्यायालय प्रकोष्ठ कार्यालय, शौचालय, जल निकासी, नाली की व्यवस्था आदि को देखा और कई आवश्यक निर्देश दिये। मौके पर प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश दिवाकर पांडेय ने स्वच्छता का संदेश देते हुए कहा कि जिस तरह लोग अपने अपने घर की साफ सफाई रखते हैं वैसे ही न्यायालय परिसर को साफ- सफाई रखने की जरूरत है। जहां-तहां गंदगी ना फैलाएं। न्यायालय परिसर को स्वच्छ,सुंदर व सुसज्जित रखने में सभी का योगदान आवश्यक है। कहा कि बरसात के मौसम में गंदगियों से बीमारियों का खतरा ज्यादा बढ़ जाता है। ऐसे में बरसात में विशेष सफाई रखने की जरूरत है। यह सभी का दायित्व है कि अपने-अपने स्थान को स्वच्छ, सुंदर व सुव्यवस्थित रखें। उन्होंने सफाई अभियान का नेतृत्व कर लोगों को स्वच्छता के प्रति संदेश दिया। इसी के तहत पूरे सिविल कोर्ट परिसर की साफ- सफाई की गई व कूड़ा-कचरा हटाया गया। कमल पुष्प वाटिका की भी साफ सफाई की गयी। मौके पर कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश संजीव कुमार दास, डीजे प्रथम अखिलेश कुमार, डीजे द्वितीय प्रतीक चतुर्वेदी, डीजे चतुर्थ पवन कुमार, डीजे छह राजकुमार मिश्रा, डीजे अष्टम आयशा खान, डीजे पंचम स्वेता ढींगरा, डीजे नवम आभाष कुमार, सीजेएम मनोरंजन कुमार, एसीजेएम सुशीला सोरेंग, जेएम रवि शंकर पांडेय, निशिकांत, एसके गौतम, सोनम बिश्नोई, रेलवे जेएम प्रज्ञेश निगम समेत डीएलएसए के कार्यालय प्रधान संजीव कुमार सिंह, कर्मी अमित विश्वकर्मा, सोनू चौधरी, नीतीश कुमार, ओम प्रकाश, अनीश व परवीन शामिल थे।

# हर घर तिरंगा अभियान को लेकर कार्यशाला






आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** भारतीय जनता पार्टी लोहरदगा द्वारा रविवार को जिला कार्यालय में हर घर तिरंगा अभियान को लेकर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने की, जबकि राज्यसभा सांसद और भाजपा प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू कार्यशाला के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता आदित्य साहू ने कहा, तिरंगा हमारे अंदर राष्ट्रभक्ति की भावना को जागृत करता है। भाजपा वर्षों से हर घर तिरंगा अभियान के माध्यम से नागरिकों को राष्ट्रप्रेम के लिए प्रेरित करती रही है। उन्होंने कहा कि 10 से 14 अगस्त तक जिले के सभी मंडलों, शक्ति केंद्रों और बूथों पर यह अभियान चलाया जायेगा। इसके लिए प्रभारी भी नियुक्त किये गये हैं। आदित्य साहू ने कहा कि जब से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनी है, देश में राष्ट्रवाद और जनभागीदारी की भावना बढ़ी है। उन्होंने कहा, हमारी सेना सीमाओं पर जिन कठिन परिस्थितियों में देश की सेवा कर रही है, वह राष्ट्रप्रेम का ही परिणाम है। जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्रभक्त है और हर घर तिरंगा अभियान के माध्यम से घर-घर जाकर देशभक्ति का संदेश देगा। कार्यशाला में सरोज सिंह, अजातशत्रु, राकेश प्रसाद, रिपुसूदन साहू, राजमोहन राम, अजय पंकज, जगन्नाथ पौराणिक, बालकृष्ण सिंह, सामेला भगत, लक्ष्मीनारायण भगत, मीना बाखला, सरिता देवी, हर्षनाथ महतो, पशुपति नाथ पारस, संजय पंकज, सत्यम कुमार, राजेंद्र महतो, विवेक चौहान, मिथुन तमेडा, विमल कांत सिंह, परमेश्वर भगत, लाल निरंजन, नवल साहू सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# एसडीएम ने जलजमाव प्रभावित क्षेत्रों का किया दौरा
# त्वरित राहत और स्थायी समाधान का दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** सदर एसडीएम संजय कुमार ने आज गढ़वा शहर के आसपास वर्षा के कारण जल-जमाव से प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। लगमा गांव के पास भारी जल-जमाव से करीब 15 से 20 घरों में पानी भर गया, जिसकी सूचना मिलते ही संजय कुमार मौके पर पहुंचे। उन्होंने प्रभावित परिवारों से बातचीत की और तत्काल राहत कार्य शुरू करवाया।



उन्होंने पथ प्रमंडल के अभियंताओं को निर्देश देकर जेसीबी मशीन के माध्यम से अस्थाई हल के रूप में जल निकासी करवायी। इसके साथ ही अंचलाधिकारी और प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देशित किया कि आवश्यकता अनुसार वे इन प्रभावित लोगों को नजदीकी सरकारी भवनों में सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित कर सकते हैं। उन्होंने सदर बीडीओ को निर्देश दिया कि वे स्थल पर जाकर और वस्तु स्थिति का आकलन कर जरूरत अनुसार पात्र बुजुर्गों और अक्षम लोगों के लिए राशन की समुचित आपात व्यवस्था करें। लगमा क्षेत्र के निरीक्षण के दौरान पंचायत के मुखिया शरीफ अंसारी, राजस्व निरीक्षक और अंचल कार्यालय के कर्मचारी उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त, शिव मंदिर (चिनिया रोड) के पास भी जल-जमाव की स्थिति उत्पन्न हो गयी है, जिससे समीपवर्ती दो बड़े विद्यालयों के बच्चों को आवागमन में कठिनाई हो रही है। इस संदर्भ में एसडीएम ने कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल और कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद गढ़वा को आपसी समन्वय स्थापित कर इस समस्या के शीघ्र समाधान का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि यह केवल वर्षा की समस्या नहीं है, बल्कि यह अव्यवस्थित और अनियोजित जल निकासी तंत्र का परिणाम है। पथ प्रमंडल द्वारा सड़क निर्माण के समय इस समस्या पर विचार नहीं किया गया, जिससे स्थिति और गंभीर हो गयी है। वहीं शहर की जल निकासी की जिम्मेदारी स्थानीय नगर निकाय की होती है, अतः दोनों विभाग आपसी समन्वय से इसे सर्वोच्च प्राथमिकता पर लेकर समाधान सुनिश्चित करें।

## विशेष योग शिविर का आयोजन



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** पतंजलि योग समिति भारत स्वाभिमान न्यास लोहरदगा के तत्वावधान में सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण में एक दिवसीय विशेष योग ध्यान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जिला प्रभारी और मुख्य योग प्रशिक्षक प्रवीण कुमार भारती ने योगाभ्यास और ध्यान का अभ्यास कराया और कहा कि जीवन के आनंद के क्षण हों या संघर्ष का काल हो। उससे मुकाबला हमारा मन व शरीर ही करता है। जो प्रत्येक दिन सुबह से रात्रि तक चलता रहता है परन्तु वह शरीर जो इन सबको मानसिक और शारिरिक रूप से संघर्षरत रहता है। उसके लिए उस शरीर के लिए हम क्या करते हैं। यह बड़ा सवाल है अतः प्रत्येक व्यक्ति को चाहिए कि विधि, समय, एकाग्रता और निरन्तरता के साथ तन, मन, आहार, विचार, वाणी और व्यवहार पर नियंत्रण और नियमितता के साथ योग प्राणायाम का अभ्यास करें। तभी अपेक्षा कृत लाभ होता है। हमारा स्वस्थ रहना हमारे हाथ में है, संकल्प शक्ति बड़ी शक्ति होती है व्यक्ति को योग के प्रति दृढसंकल्पित होकर योगाभ्यास करना चाहिए। समिति के संरक्षक शिवशंकर सिंह एवं पतंजलि योग समिति के प्रभारी अभय भारती ने जड़ी बूटी दिवस को पूरे जिले में आयोजित करने का निर्देश दिये और जड़ी बूटी औषधीय पौधों का निःशुल्क वितरण आचार्य श्री बालकृष्ण जी के जन्मदिवस पर करने की योजना बनाई गयी और जनमानस को इसके लाभ के विषय में बताने का निर्णय लिया गया जो सप्ताह भर चलेगा, जिसमें गिलोय, तुलसी, नीम, एलोवेरा, अर्जुन, चिरायता, बेल आदि के औषधीय पौधों के वितरण का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर वासुदेव महतो, दिनेश प्रजापति, सतीश जायसवाल, किरण देवी, सुर्यावती साहू, रामशुभग राय, रामनंदन, तुलसी आदि समेत अनेक लोग शामिल थे।

## भंडरा के गरियाटोली मार्ग पर कीचड़ और जलजमाव, ग्रामीण परेशान




**भंडरा /लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** एक ओर सरकार स्वच्छता और ग्रामीण विकास के बड़े-बड़े दावे कर रही है, वहीं दूसरी ओर भंडरा प्रखंड की गडरपो पंचायत अंतर्गत गरियाटोली जाने वाला मुख्य मार्ग इन दावों की पोल खोल रहा है। भंडरा-सिसई मुख्य पथ से गरियाटोली को जोड़ने वाली यह सड़क कीचड़, गड्ढों और जलजमाव के कारण दलदल में तब्दील हो गयी है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढों में पानी जमा है और चारों ओर कीचड़ फैला हुआ है। दोपहिया वाहन चालकों, बुजुर्गों और स्कूली बच्चों को आये दिन फिसलने और चोटिल होने की घटनाओं का सामना करना पड़ता है। ग्रामीण मुस्तफा खान समेत अन्य लोगों ने बताया कि यह गांव का मुख्य मार्ग है, जिससे रोजाना सैकड़ों लोग गुजरते हैं। लेकिन अब तक इसकी मरम्मत या निर्माण को लेकर कोई ठोस पहल नहीं की गयी है। ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के मौसम में सड़क पूरी तरह कीचड़ में डूब जाती है और गांव का मुख्य संपर्क मार्ग अवरुद्ध हो जाता है। इससे स्कूल जाने वाले बच्चों, मरीजों और दैनिक जरूरतों के लिए बाहर जाने वालों को खासा परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने पंचायत से लेकर प्रखंड प्रशासन तक कई बार शिकायत की, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। अब लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी ने बताया कि पंचायत में फिलहाल फंड नहीं है, लेकिन ग्रामीणों की समस्या को प्राथमिकता देते हुए जल्द ही समुचित कार्रवाई की जायेगी, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

## मतदाता पुनरीक्षण कार्य के दूसरे चरण को लेकर हुई बैठक

**भंडरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभा भवन मे मतदाता पुनरीक्षण कार्य के दूसरे चरण को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी। बैठक में सभी बीएलओ को दावा आपत्ति और नाम सुधार सहित विभिन्न बिंदुओं पर जानकारियां दी गयी। प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी ने बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची का प्रारूप 1 अगस्त को प्रकाशित किया गया। जिन लोगों के नाम सूची में छूट गये हैं या जो 1 अगस्त तक 18 वर्ष पूरे कर रहे हैं, वे अपना नाम जुड़वा सकते हैं। नाम जोड़ने के लिए बीएलओ को प्रपत्र 6 भरकर आवश्यक दस्तावेजों के साथ जमा करना होगा। इसके अलावा ऑनलाइन भी आवेदन किया जा सकता है। मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने या स्थानांतरित करने का कार्य 1 अगस्त से 1 सितंबर तक चलेगा। मौके पर बीडीओ ने सभी बीएलओ को मतदाताओं से फॉर्म 6, 7 और 8 प्राप्त करने का निर्देश दिया है। इन फॉर्म के माध्यम से नाम जोड़ने और हटाने संबंधी कार्य किये जायेंगे। बीडीओ ने सभी बीएलओ और सुपरवाइजरों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे छूटे हुए मतदाताओं का सर्वेक्षण करें और निर्धारित समयसीमा में फॉर्म जमा करायें। यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची से वंचित न रह जाये। इस मौके पर गौरीशं गिरीश, प्रभात भगत, बीएलओ बिनीता देवी, नीलम महतो, अनीता उरांव, मंजू उरांव सहित अन्य मौजूद थे।

## हाथियों ने पूरबडीह में मचाया उत्पात



**गोला (आजाद सिपाही)।** गोला वन क्षेत्र में हाथियों का उत्पात रुकने का नाम नहीं ले रहा है। रविवार को पूरबडीह और कुम्हरदग्गा गांव में जमकर उत्पात मचाया। हाथियों ने पूरबडीह निवासी गौतम महतो,जगरनाथ महतो, दीपनारायण महतो, दिगम्बर करमाली के अलावे कुम्हरदग्गा गांव में सहदेव महतो सहित कई किसानों के बिचड़ा को रोंद कर बर्बाद कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि हाथी पिछले कई दिनों से गांव के आसपास के जंगलों में जमे हैं। इसके बाद भी वन विभाग के अधिकारी हाथियों को भगाने में विफल साबित हो रहे हैं। जिसके कारण हाथियों के द्वारा लगातार उत्पात मचाया जा रहा है। जिससे किसानों को काफी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। पीड़ित किसानों ने विभाग से जल्द मुआवजा की मांग किया है।

## फरार आरोपियों के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

**भंडरा (आजाद सिपाही)।** भंडरा थाना पुलिस ने रविवार को न्यायालय के आदेश पर गडरपो पंचायत के पोडहा गांव निवासी दाड़ी उरांव के पुत्र दिलीप उरांव व स्व सुखैर उरांव के पुत्र विनोद उरांव के घर पर ढोल नगाड़ा बजाकर इश्तेहार चिपकाया है। दोनों आरोपी के खिलाफ भंडरा थाना कांड संख्या. 84/2022 दर्ज है। अभियुक्त दिलीप उरांव व विनोद उरांव पिछले तीन वर्ष से फरार है। भंडरा थाना के थाना प्रभारी अरबिंद कुमार सिंह ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर आज अभियुक्त के पोडहा गांव स्थित आवास और न्यायालय के बाहर इश्तेहार सूचना चिपकाया गया है। दिलीप व विनोद पर धारा 307, 452.506, 120बी और शस्त्र अधिनियम की धारा 25(1ए)/26(2)/35 के तहत प्राथमिकी दर्ज है। न्यायालय से आरोपी के विरुद्ध जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि दिलीप व विनोद मिल नहीं रहा है। आरोपी को जेएम प्रथम श्रेणी सिविल न्यायालय मे 01 सितम्बर 2025 को 10.30 हाजिर होने को कहा गया है।

# हरिनारायण सिंह के निधन से शोक की लहर

## द प्रेस क्लब में पत्रकारों ने किया शोक सभा का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** झारखंड के पत्रकारिता जगत में पुरोधा माने जाने वाले और पूरे पत्रकारिता जगत में एक अलग पहचान कायम करने वाले महान विभूति स्वर्गीय हरि नारायण सिंह के निधन की खबर मिलते ही जिले के बुद्धिजीवियों समाजसेवियों और पत्रकारिता जगत से जुड़े प्रिंट मीडिया इलेक्ट्रॉनिक मीडिया समेत अन्य समाचार पत्रों से जुड़े लोगों में शोक की लहर है। इस मौके पर द प्रेस क्लब के पदाधिकारियों और वरिष्ठ पत्रकारों ने उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि एक पत्रकार की लेखनी रुक सकती है, लेकिन उसके विचार और मूल्य अनंतकाल तक जीवित रहते हैं... वरिष्ठ पत्रकार हरिनारायण सिंह जी के निधन से झारखंड ही नहीं, सम्पूर्ण पत्रकारिता जगत ने एक ऐसी विचारधारा को खो दिया है, जो सच्चाई, जनसरोकार और निर्भीक अभिव्यक्ति की पहचान थी। इस अपूरणीय क्षति पर थे प्रेस क्लब चतरा के पदाधिकारियों और वरिष्ठ पत्रकारों ने गहरा शोक व्यक्त किया है–

**विपिन कुमार सिंह, अध्यक्ष (द प्रेस क्लब चतरा):** हरिनारायण जी जैसे प्रतिबद्ध पत्रकार का जाना केवल व्यक्तिगत क्षति नहीं, बल्कि पत्रकारिता की नैतिक शक्ति का क्षरण है। वे हम सबके लिए एक प्रकाशपुंज थे।

**परमानंद आर्य, उपाध्यक्ष ( द प्रेस क्लब चतरा):** वे एक पत्रकार ही नहीं, एक सामाजिक संरक्षक भी थे। उनकी पत्रकारिता में आम जन की आवाज सुनाई देती थी। आज एक युग समाप्त हो गया।

**जितेंद्र तिवारी, सचिव (द प्रेस क्लब चतरा):** हरिनारायण सिंह जी ने जिस जनसरोकार से जुड़ी पत्रकारिता की मिसाल कायम की, वह आज के समय में और भी मूल्यवान है। उनका जाना अपूरणीय क्षति है।

**सत्येंद्र कुमार मित्तल, कोषाध्यक्ष ( द प्रेस क्लब चतरा):** वे पत्रकारिता के उस दौर के प्रतिनिधि थे जहां सिद्धांत पहले और स्वार्थ बाद में आता था। उनका लेखन, उनका जीवन, हम सबके लिए प्रेरणा है।

**सूर्यकांत कमल, कार्यकारिणी सदस्य (द प्रेस क्लब चतरा):** हरिनारायण जी जैसे व्यक्तित्व का प्रभाव केवल शब्दों में नहीं, उनके कर्म में था। उनका विनम्र व्यवहार और तेजस्वी विचार हमेशा स्मरणीय रहेगा।

**धीरेंद्र ठाकुर, कार्यकारिणी सदस्य ( द प्रेस क्लब चतरा):** हमने एक ऐसे सजग प्रहरी को खो दिया है, जिन्होंने अपनी पूरी ऊर्जा समाज और सत्य की सेवा में समर्पित की। उनकी स्मृति हमारी पत्रकारिता को दिशा देती रहेगी।

**नौशाद आलम, कार्यकारिणी सदस्य ( द प्रेस क्लब चतरा):** हरिनारायण जी हमारे अभिभावक तुल्य थे। उनका सान्निध्य, मार्गदर्शन और संघर्षशीलता हम जैसे कई पत्रकारों के लिए आधार थी।

**प्रवीण रस्तोगी, कार्यकारिणी सदस्य ( द प्रेस क्लब चतरा):** उनका व्यक्तित्व सादगी और संकल्प का अद्भुत संगम था। वे शब्दों से नहीं, अपने कर्म और उदाहरण से संवाद करते थे। आज हम सभी ने एक मूल्यवान मार्गदर्शक खो दिया।

**चंद्रेश शर्मा, कार्यकारिणी सदस्य ( द प्रेस क्लब चतरा):** हमने एक ऐसे सजग प्रहरी को खो दिया है, जिन्होंने अपनी पूरी ऊर्जा समाज और सत्य की सेवा में समर्पित की। उनकी स्मृति हमारी पत्रकारिता को दिशा देती रहेगी।

### द प्रेस क्लब के पदाधिकारियों और सदस्यों ने नम आंखों से दी श्रद्धांजलि




श्रद्धेय स्व हरिनारायण सिंह को द प्रेस क्लब के पदाधिकारियों और सदस्यों ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी और उनके आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा। इस मौके पर द प्रेस क्लब के उपाध्यक्ष परमानंद आर्य, कोषाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार मित्तल, वरिष्ठ पत्रकार दीनबंधु, फोटो जर्नलिस्ट रवि, अमित कुमार, प्रवीण कुमार रस्तोगी, अभिमन्यु सिंह, संजय कुमार उपस्थित थे। इसके अलावा शिक्षक मनोज कुमार, राजद के नगर अध्यक्ष पप्पू कुमार यादव, संवेदक संघ के अध्यक्ष शशिकांत सहाय ने भी पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया।

## आजाद सिपाही के प्रधान संपादक हरिनारायण सिंह के निधन पर टंडवा पत्रकार समूह में शोक

**टंडवा (आजाद सिपाही)।** आजाद सिपाही के प्रधान संपादक हरिनारायण सिंह जी की निधन हो गया, आज 12 बजे सामफोर्ड अस्पताल रांची में अंतिम श्वास ली।उनके निधन के समाचार मिलने पर टंडवा पत्रकार समूह ने शोक सभा के लिए बैठक बुलाई, बैठक की अध्यक्षता रवींद्र बख्शी, संचालन रुदेश नायक ने किया। बैठक में वरिष्ठ पत्रकार विनय कुमार सिंहा ने हरिनारायण सिंह के निधन पर शोक प्रकट करते हुए कहा की पत्रकारिता दुनिया के बहुत बड़े स्तंभ, एक ऐसा गुरु जिसने झारखंड के कोने कोने के पत्रकारों ने उनके मार्गदर्शन में अपना अपना पड़ाव बढ़ाया। ऐसे महान व्यक्तित्व,कलम के महानायक को हमलोग ने खो दिया है। उन्होंने झारखंड के प्रत्येक आंचलिक पत्रकारों की हौसला बढ़ाते थे, सभी के अंदर आत्म विश्वास भरकर निर्भीक होने साहस भरते थे। बरुण सिंह ने कहा झारखंड प्रदेश में हरिनारायण सिंह की ईमानदारी, उनकी निष्ठा और साहस के लिए सदैव जीवित रहेंगे,सच के आईना बताया। शोक सभा में 2 मिनट की मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया गया। इस मौके पर क्रमश: पत्रकारों ने गहरी संवेदना प्रकट की, और श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। इस मौके पर राजेश कुमार ठाकुर, विकास कुमार, मनीष कुमार, वीरेंद्र कुमार, जितेंद्र सिंह, कृष्ण मुरारी, कुलदीप दास, अजीज अंसारी, रविन्द्र दास, शशि पाठक, कुंदन पासवान, राहुल सिंह सहित कई उपस्थित थे।

## पत्रकार जगत में शोक की लहर, बड़कागांव के पत्रकारों ने दी श्रद्धांजलि



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** झारखंड के हिंदी पत्रकारिता जगत में अपनी अलग पहचान बनाने वाले आजाद सिपाही के प्रधान संपादक हरि नारायण सिंह का आकस्मिक निधन को जाने की सूचना से पत्रकार जगत में शोक की लहर दौड़ पड़ी। इसी के आलोक में बड़कागांव प्रखंड के तमाम पत्रकारों ने हरिनारायण सिंह के दिवंगत आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी। मौके पर वरिष्ठ पत्रकार उग्रसेन गिरी एवं शिवशंकर कुमार ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि हिंदी पत्रकारिता जगत में हरि नारायण सिंह ने कई लोगों को कलम पकड़ कर लिखना सिखाया। उनके चले जाने से पत्रकारिता जगत में एक अपूर्ण छती हुआ है। वह संपादक के पद पर होने के बावजूद भी एक अंचल के साधारण से पत्रकारों से भी मिलकर उन्हें लिखने की कला सिखाते थे। उनके साधारण जीवन शैली ही सभी अंचल के पत्रकारों को उनकी ओर जोड़ता था। शोक सभा में मुख्य रूप से वरिष्ठ पत्रकार संजय सागर, नरेश कुमार, दीपक सिन्हा,पिंटू कुशवाहा दिनकर, विकास रंजन, रितेश ठाकुर, शमशेर आलम, संजय राम, रंजीत कुमार, अनुज यादव सहित बड़कागांव के सभी पत्रकारों ने शोक संवेदना व्यक्त की है।

## चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज श्री बंशीधर नगर का चुनाव स्थगित



**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज श्री बंशीधर नगर का चुनाव स्थगित हो गया है। चुनाव संचालन के लिए मनोनीत चुनाव पदाधिकारियों ने सदस्यता दौरान अनियमितता की शिकायत मिलने पर झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज के पदाधिकारियों से मार्गदर्शन और चेंबर के संरक्षकों और मानद सदस्यों के साथ विचार विमर्श के बाद चुनाव स्थगित करने का निर्णय लिया है। जानकारी के अनुसार चेंबर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज के संरक्षक और मानद सदस्यों की बैठक में मुख्य चुनाव अधिकारी तस्लीम खान ने जानकारी दी कि श्री बंशीधर नगर चेंबर झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज से संबद्ध है। चुनाव प्रक्रिया के अहम हिस्सा सदस्यता दौरान अनियमितता की शिकायत मिलने पर उन्होंने झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज से मार्गदर्शन मांगी, जिस पर झारखंड चेंबर के पदाधिकारियों ने जांच-पड़ताल के लिए राज्य स्तरीय पर्यवेक्षकों के देखरेख होने तक चुनाव स्थगित करने का निर्देश दिया है। उधर बैठक में उपस्थित लोगों ने अनियमितता से संबंधित शिकायत के निराकरण होने और झारखंड चेंबर से संबद्धता होने के कारण झारखंड चेंबर से नियुक्त चुनाव पर्यवेक्षकों के देखरेख में चुनाव कराने पर सहमति प्रदान की। बैठक में चुनाव पदाधिकारी ओमप्रकाश चौबे, राजन सोनी, राकेश कुमार, संरक्षक राम प्रसाद, रवि प्रकाश, रामजी कांस्यकर, शमीम खान, उदय प्रकाश जायसवाल, गोपाल जायसवाल, धीरेन्द्र चौबे, शंभू सौदागर, नवनीत अग्रवाल, निशित कुमार जायसवाल, आशीष कुमार, संतोष प्रसाद, राजीव कुमार, अनिल कुमार नीलू, मिक्की जायसवाल समेत कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## इनरव्हील क्लब ने जरूरतमंदों के बीच पोषणयुक्त भोजन का किया वितरण



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** सेवा के क्षेत्र में अग्रणी इनरव्हील क्लब रामगढ़ जिसका मूल मंत्र जरूरतमंदों की हर संभव मदद करना है, उनके द्वारा जरूरतमंद लोगों के बीच पोषण युक्त भोजन रविवार को शहर के बिजुलिया स्थित जलाराम मंदिर परिसर में वितरण किया गया। इस दौरान खिचड़ी, सब्जी जैसे पौष्टिक भोजन और मिठाई का वितरण किया गया। जिससे लोगों को संतुलित आहार मिला। इनरव्हील क्लब समय-समय पर समाज के जरूरतमंद वर्ग की सेवा करता रहता है। इसी उद्देश्य के ध्यान में रखते हुए क्लब शिक्षा, इलाज, स्वच्छता और पोषण, पर्यावरण जैसे विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करता आ रहा है। क्लब के सदस्यों ने इस कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी निभाई और उनका कहना है की उदारता और उद्देश्य पूर्ण कार्यों से खुशी प्राप्त होती है जो इनरव्हील क्लब की सामूहिक रूप में काम करने की भावना को बढ़ावा देती है। मौके पर शर्मिष्ठा दत्ता, अनुराधा श्रॉफ, जनेशा वडेरा, पिंकी गांधी, नीरू साहनी, रंजू अरोड़ा, राजिंदर कालरा, राजिंदर बुढ़वाल, हरमीत कौर, जसप्रीत कौर, रंजू अग्रवाल, विजयलक्ष्मी आयंगर, मीरा बगड़िया, जसमीत सोनी, अंबाली जैन आदि उपस्थित थे।

## बीडीएसयू के कुलाधिपति बाबू दिनेश सिंह ने प्रकट की शोक संवेदना

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह ने आजाद सिपाही के प्रधान संपादक के के निधन पर गहरी स संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि उनके उनके निधन से उनका व्यक्तिगत एवं झारखंड के पत्रकारिता क्षेत्र में अपूर्णीय छती हुई है। वे झारखंड के पत्रकारिता क्षेत्र के भीष्म पितामह के रूप में जाने जाते थे। उन्होंने कहा कि उनकी लेखनी और कार्यशैली के कारण आज मीडिया हाउस के कई ऐसे क्षेत्र हैं जहां उनके पत्रकार शिष्य कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सन 2000 से मैं उनके सानिध्य में आया था। उन्होंने हमें कई प्रेरणा दी। जिसको हमने सहेज कर रखा है। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता क्षेत्र में उनकी कोई सानी नहीं थी। उन्होंने झारखंड में अखबार के कई बड़े बैनर को अपनी लगन मेहनत और कलाम की तेजसे ऊंचाइयों पर पहुंचाया और पत्रकारिता का परचम लहराया। बीडीएसयू के कुलाधिपति बाबू दिनेश सिंह ने कहा कि वे झारखंड के कई अखबारों के जन्मदाता भी रहे। अपनी प्रखर लेखनी से वे गरीबों और दलितों का हमेशा आवाज उठाते रहे। उनके चले जाने से उनकी व्यक्तिगत क्षति हुई है।

## कांडी प्रखंड में मनरेगा योजनाओं की जांच

# कार्यों में अनियमितता स्वीकार नहीं : एसडीएम

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** सदर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने शनिवार शाम को कांडी प्रखंड के गाढ़ा खुर्द गांव में मनरेगा योजनाओं की धरातलीय जांच की। इस दौरान लगातार रुक रुक कर तेज बारिश हो रही थी किंतु फिर भी जांच का काम जारी रहा। यह जांच स्थानीय स्तर पर प्राप्त शिकायतों के आधार पर गढ़वा के उप विकास आयुक्त के निर्देश पर की गयी थी। इनमें से ज्यादातर योजनाओं की जांच पूर्व के अनुमंडल पदाधिकारी के स्तर से भी एक बार की जा चुकी थी। इस बार की जांच के दौरान मुख्य रूप से मनरेगा अंतर्गत निर्मित कूप, मेड़बंदी और अन्य योजनाओं की भौतिक समीक्षा की गयी।

जांच में प्रथम दृष्टया पाया गया कि इनमें से अधिकतर कूप योजनाएं नदी के किनारे या नदी के प्रवाह के बीच स्थित थीं, जहां उनकी वास्तविक आवश्यकता शायद नहीं थी। इसके अतिरिक्त कुछ कूप योजनाओं की मौके पर गहराई नापी, अन्य पहलुओं की जांच की गयी तो उनमें गड़बड़ी की आशंका सामने आयी। कई योजनाओं में मजदूरों के स्थान पर जेसीबी व अन्य मशीनों के उपयोग के प्रमाण भी मिले, जो मनरेगा के नियमों के खिलाफ हैं।

एसडीएम के साथ मौके पर कांडी प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, रोजगार सेवक और अन्य पदाधिकारियों की मौजूदगी रही। उन्होंने मनरेगा के क्रियान्वयन से जुड़े इन सभी पदाधिकारियों / कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वे गंभीरता और संवेदनशीलता से विकास योजनाओं का क्रियान्वयन करें, किसी भी स्थिति में कार्यों में अनियमितता या मानक से विचलन स्वीकार नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि केवल मनरेगा ही नहीं, बल्कि सभी कल्याणकारी योजनाओं में गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि विस्तृत जांच रिपोर्ट उप विकास आयुक्त को भेजी जा रही है। जांच के समय शिकायतकर्ता, लाभुक गण और कई स्थानीय ग्रामीण भी उपस्थित रहे।

## नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन

**रामगढ़(आजाद सिपाही)।** शहर के झंडा चौक स्थित माता वैष्णों देवी मंदिर परिसर में रविवार को पंजाबी हिन्दू बिरादरी के सौजन्य से केयर नेत्रम गुड विजन इंडिया फाउंडेशन के द्वारा नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 37 लोगों का नि:शुल्क आंख जांच कर उचित परामर्श दिया गया। केयर नेत्रम गुड विजन इण्डिया फाउंडेशन के कोर्डिनेटर वैद्यनाथ शर्मा ने बताया कि अपने जीवन यापन करने वाले निर्धन व्यक्ति को अंधापन से बचाव के लिए संस्था नि:शुल्क आंख जांच कर रही है। साथ ही जांच में मोतियाबिन्द की शिकायत पाये जाने पर नि:शुल्क सर्जरी की व्यवस्था कर रही है। आंखों पर दूर या नजदीकी दृष्टि दोष पाये जाने पर बहुत ही कम दर पर पावर चश्मा भी मौके पर दी जा रही है। शिविर में आंख जांच करने वालों में श्वेता महतो, उर्मिला कुमारी, अमृता कुमारी, रोशन कुमार शामिल थे। शिविर के सफल आयोजन में पंजाबी हिन्दू बिरादरी के अध्यक्ष सुरत चन्द्र वासुदेव व महासचिव महेश मारवाह सहित बिरादरी के सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

## धोबी महासंघ जिला कमेटी की बैठक संपन्न

**जयनगर (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय धोबी महासंघ जिला कमिटी कोडरमा की बैठक धोबी भवन जयनगर में जिला अध्यक्ष मनिंदर राम की अध्यक्षता में किया। बैठक में विगत कार्यक्रमों का कार्य रिपोर्ट जिला सचिव प्रकाश रजक ने प्रस्तुत किया जो सबों ने पास किया। मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष खगेंद्र राम ने कहा कि कोडरमा जिला में युवाओं को आगे बढ़कर अपने समाज को संगठित कर शिक्षा की रोशनी देने की आवश्यकता है। जिला अध्यक्ष मनिंदर राम ने कहा कि समाज को अंधविश्वास खत्म कर के ही समाज की कल्पना की जाएगी। जिला सचिव प्रकाश रजक ने कहा कि धोबी समाज को बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के विचारों को अपनाकर चलने की आवश्यकता है आज बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर शिक्षा का अधिकार दिए एवं वोट का अधिकार दिए।

# मारवाड़ी युवा मंच ने किया बाल कांवर यात्रा का आयोजन

बच्चों में दिखी शिव भक्ति की अद्भुत झलक

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** मारवाड़ी युवा मंच और महिला चेतना शाखा के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को बाल कांवर यात्रा का आयोजन किया गया। इस दौरान दो से दस वर्ष के लगभग पचास से ज्यादा बच्चे बाल कांवर यात्रा में शामिल हुए। बाल कांवर यात्रा का शुभारंभ शहर के बिजुलिया तालाब रोड स्थित रानी सती दादी मंदिर से किया गया। इस दौरान बच्चों ने बिजुलिया तालाब से भगवा कलर के ड्रेस में जल उठाकर बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। इस दौरान बच्चों में शिवभक्ति की विशेष झलक दिख रही थी। जलाभिषेक के बाद रानी सती दादी मंदिर प्रबंधन समिति की ओर से बच्चों सहित श्रद्धालुओं को जलपान कराया गया। बाल कांवर यात्रा के आयोजन के मौके पर मारवाड़ी युवा मंच व चेतना शाखा के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। मौके पर मारवाड़ी युवा मंच के कई सदस्य शामिल थे।

# नशीले सिरप और टैबलेट का जखीरा बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाघरा।** प्रखंड मुख्यालय के पुटो रोड स्थित मिथिलेश सिंह के घर से टोटो व घाघरा पुलिस ने संयुक्त छापेमारी कर नशीले सिरप व टैबलेट का जखीरा रविवार को बरामद किया है। जानकारी के अनुसार पुटो रोड स्थित मिथिलेश सिंह के घर से 27 पेटी विंसेरेक्स नमक सिरप व 7 पेटी विंसपास्मो फोर्ट नमक टैबलेट बरामद किया है। जो नशीली दवा है और इसका भंडारण करना कानून अपराध है। पुलिस घर के विभिन्न जगहों से निकालकर सभी पेटी को एक जगह रखा जिसके बाद एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव घटनास्थल पहुंचे और कागजी प्रक्रिया करने के बाद मिथिलेश सिंह को गिरफ्तार कर सभी दावों को जप्त कर टोटो थाना ले जाया गया। छापेमारी के दौरान सीडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव, टोटो थाना प्रभारी उदेश्वर पाल व घाघरा के एसआई विकास कुमार के अलावे कई पुलिस के जवान मौजूद थे। सभी दवा की पेटी के ऊपर कुत्ता का दवा व पौष्टिक आहार के चित्र बने है जिसके अंदर नशीली दवा रखा हुआ था। एक्सपर्ट के अनुसार इस बड़े नशीले दावों के भंडारण का बाजार मूल्य पूछने पर लगभग 30 लाख बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार दो दिन पूर्व टोटो पुलिस ने नशीली दावों के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। जिससे पूछताछ करने पर उसने मिथिलेश सिंह का नाम लेते हुए जानकारी दी। जिसके बाद पुलिस मिथिलेश सिंह के घर से नशीली दावों का जखीरा बरामद किया है। इस संबंध में एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव से पूछने पर उन्होंने कहा गुप्त सूचना मिली थी की पुटो रोड स्थित मिथिलेश सिंह के घर से अवैध नशीले दावों का खरीद बिक्री होता है। जिसके बाद घाघरा व टोटो थाना के संयुक्त छापेमारी में नशीली दावों को जप्त किया गया है और दवाओं से संबंधित कागजात की मांग करने पर मिथिलेश सिंह दिखने में असमर्थ रहे। नशीले दावों का भंडारण करना कानून अपराध है। गुमला पुलिस नशा मुक्ति अभियान चला रही है और इतने बड़े पैमाने पर नशीले दवा बरामद से पुलिस को बड़ी सफलता मिली है।

## श्रावणी महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** कसौधन वैश्य समाज महिला मंच गढ़वा के द्वारा बंधन मैरिज हॉल नवादा मोड़ में श्रावणी महोत्सव कार्यक्रम आयोजन किया गया महिला मंच के अध्यक्ष कंचन कश्यप के अध्यक्षता में कार्यक्रम का संचालन अर्चना कश्यप के द्वारा किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गढ़वा महिला थाना प्रभारी अलीशा कुमारी, वैश्य महासभा के जिला अध्यक्ष रविंद्र जायसवाल भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप, कसौधन युवा टीम के अध्यक्ष हर्ष कश्यप उपस्थित थे संयुक्त रूप से सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया उसके बाद महर्षि कश्यप के चित्र पर माल्यार्पण कर सभी मुख्य अतिथि के द्वारा पुष्प अर्पित किया गया और समाज के महिला सदस्यों के द्वारा महर्षि कश्यप का जय घोष किया गया। मौके पर बोलते हुए महिला थाना के अध्यक्ष अलीशा कुमारी के ने कहा कि बहुत हर्ष की बात है इस श्रावण माह के पावन महीना में कश्यप समाज के महिलाओं के द्वारा एकता का प्रतीक दर्शाते हुए और हरी हरी साड़ियां में सभी कार्यक्रम में उपस्थित हुई हैं। वैश्य महासभा के रविंद्र जायसवाल ने कहा कि कसौधन समाज की महिलाएं बहुत समाज सेवा के क्षेत्र में अग्रणी है। इनके द्वारा समय-समय पर हर क्षेत्र में समाज सेवा किया जाता हैं। उमेश कश्यप ने कहा कि कसौधन समाज की पूरी टीम सभी मंच के द्वारा हर क्षेत्र में लगातार कार्यक्रम किया जाता है। कार्यक्रम के सहयोगी बने अमित कश्यप, संतोष कश्यप, रंजीत कश्यप मनोज कश्यप विवेक कश्यप सूरज कश्यप, अर्चना कश्यप, निधि कश्यप, नमिता कश्यप, ममता कश्यप, सीमा कश्यप, वंदना कश्यप, उषा कश्यप, प्रतिमा कश्यप, सुधा कश्यप सहित अन्य महिलाएं भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लीं।

## उज्ज्वला फाउंडेशन से जुड़ीं लइयो की दर्जनों महिलाएं




**कुजू (आजाद सिपाही)।** उज्ज्वला फाउंडेशन की बैठक सारूबेड़ा स्थित चार नंबर चौक में हुई। बैठक की अध्यक्षता फाउंडेशन अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति व संचालन वीणा कुमारी ने की। बैठक के दौरान सर्वप्रथम लईयो पंचायत की दर्जनों महिलाओ को फाउंडेशन का सदस्यता दिलाया गया। साथ ही, महिलाओं के बीच फाउंडेशन द्वारा तैयार की गई वस्त्र को बिक्री के लिए उनको सौंपा गया। वहीं, सदस्यता शुल्क भी जमा किया गया। मौके पर अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति ने कहा कि फाउंडेशन में महिलाओं को जोड़कर उनको आत्मनिर्भर बनाने की दिशा मे पहल किया जायेगा। उन्होंने कहा कि फाउंडेशन से जितनी महिलाएं जुड़ेंगी, उतना ही फाउंडेशन आगे चलकर विकास करेगा। मौके पर शांति देवी, कौशल्या देवी, मनसरी देवी, सुलेखा देवी, सरिता देवी, रीमा कुमारी, रीना देवी, रिंकी देवी, कलावती देवी, कंचन देवी, सुनिता देवी, सोनी देवी, अनिता देवी, आरती देवी, रूपा देवी, बबीता देवी, संगीता देवी आदि शामिल रहे।

## जरूरतमंदों के बीच फल का वितरण



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** सावन के पावन महीने के अवसर पर गरीब समाजसेवी संघ द्वारा मानव सेवा की एक सराहनीय मिसाल पेश की गयी। संघ के उपाध्यक्ष उदय स्वर्णकार के नेतृत्व में गरीब और जरूरतमंद लोगों के बीच साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में दूर दराज ग्रामीण क्षेत्र से दातुन पत्तल बेचने आने वाले गरीबों के बीच फलों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मनोज राम और विशिष्ट अतिथि समाजसेवी पप्पू सिंह मौजूद थे। मौके पर मनोज राम और पप्पू सिंह ने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संघ के सदस्य तिजराम, लीला सागर, पिंकी सागर, सावित्री विश्वकर्मा, मधु श्रीवास्तव, सविता देवी, विनोद शाह, सुनील सोनी, राजेंद्र कुमार मुंडा, उत्तरा देवी, विजयलक्ष्मी शर्मा, सुधा तिवारी, प्रदीप कुमार अग्रवाल, रोहिणी कुमारी, श्रावणी विश्वास, सुभाष करमाली, राजेंद्र मुंडा, अजय सोनी, मनोज कुमार, अलका पाठक का योगदान रहा।

## बदुलिया में बछड़े का चमड़ा और सिर मिला, ग्रामीणों में आक्रोश

**जयनगर (आजाद सिपाही)।** थाना अंतर्गत तेतरौन पंचायत के बदुलिया गांव में सनसनी हो गयी जब गांव के समीप बहने वाली सोती नदी में ग्रामीणों ने एक बछड़े का छीला हुआ चमड़ा, कटा हुआ सिर, खून और अन्य अंग झाड़ी में पड़े हुए देखा। घटना की जानकारी पूरे इलाके में आग की तरह फैल गयी, जिसके बाद मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण इकट्ठा हो गये। इस घटना को लेकर लोगों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सुबह नदी की ओर मवेशी चराने गए कुछ ग्रामीणों ने सबसे पहले यह दृश्य देख दंग रह गये। इसकी सूचना ग्रामीण को जैसे ही मिली उन्होंने देखा कि नदी किनारे खून फैला हुआ है और एक बछड़े का चमड़ा व आंतरिक अंग जमीन पर बिखरे पड़े हैं। कुछ दूरी पर जानवर का सिर भी बरामद हुआ है जिसे लेकर ग्रामीणों में आक्रोश का माहौल बन गया। मौके पर थाना प्रभारी बबलू कुमार सिंह पहुंचे और मामले की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

## पंचायत सहायकों को ग्रामीण विकास विभाग के कार्यों से जोड़ने की मांग



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** रविवार को बरवाडीह प्रखंड के पंचायत सहायकों ने रविवार को मंगरा स्थित विधायक रामचंद्र सिंह के आवास विधायक से मुलाकात करते हुए पंचायत सहायकों को ग्रामीण विकास विभाग के कार्यों से जोड़ने की मांग को लेकर मांग पत्र सोपा। मांग पत्र के माध्यम से पंचायत सहायकों ने विधायक को बताया कि वह पिछले 8 वर्षों से अपनी सेवन निष्ठा पूर्वक करते आ रहे हैं। परंतु कुछ वर्षों से ग्रामीण विकास के कार्य की सभी योजनाओं से अलग कर दिया गया हैं। वही विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा सभी पंचायत सहायक अपने कार्य को निष्ठा पूर्वक करते आ रहे हैं और उनका कार्य भी संतोषजनक रहा इसको लेकर वह जल्द ही विभाग की मंत्री दीपिका पांडे सिंह से मुलाकात करेंगे साथ ही जरूरत पड़ने पर पूरे मामले को विधानसभा के सत्र में उठाने का प्रयास करेंगे। इस दौरान मौके पर कांग्रेस के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष रंजीत राजू, शेख फिरोज, पंचायत सहायक आनंद गुप्ता, बाबूलाल सिंह, रवि राम, जितेंद्र सिंह, सिंकु राम, अनिल टोपनो, सुनील राम, समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### डीपीएस बोकारो में तीन दिवसीय सीबीएसइ क्लस्टर-3 टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आगाज

# जीवन में सदैव आगे बढ़ने की प्रेरणा और अवसर देता है खेल : डीएसओ

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) की मेजबानी में रविवार को तीन दिवसीय सीबीएसइ क्लस्टर- 3 टेबल टेनिस प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, प्रतिभागियों के मार्च-पास्ट एवं शपथ ग्रहण के साथ प्रतियोगिता का विधिवत आजाग हुआ। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में जिला खेल पदाधिकारी (डीएसओ) हेमलता बुन, सीबीएसइ की ओर से प्रतिनियुक्त पर्यवेक्षक असीम प्रियदर्शी, प्राचार्य एवं प्रतियोगिता आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ एएस गंगवार, अंतरराष्ट्रीय रेफरी सह प्रतियोगिता के मुख्य रेफरी संदीप साहा, आयोजन समिति के उपाध्यक्ष एवं विद्यालय के वरीय उपप्राचार्य अंजनी भूषण एवं उप प्राचार्या



टेबल टेनिस प्रतियोगिता का उद्घाटन करतीं मुख्य अतिथि एवं अन्य।

शालिनी शर्मा ने संयुक्त रूप से दीप कार्यक्रम का उद्घाटन किया। अपने संबोधन में हेमलता बुन ने कहा कि खेल शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए अनिवार्य है। वास्तव में खेल हार-जीत के लिए नहीं, बल्कि जीवन में सदैव आगे बढ़ने की प्रेरणा और अवसर देने के लिए होता है। उन्होंने सभी प्रतिभागी टीमों को उनके बेहतर प्रदर्शन के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। सीबीएसई पर्यवेक्षक असीम प्रियदर्शी ने कहा कि क्रिकेट की प्रधानता वाले इस युग में बच्चों का टेबल टेनिस के प्रति रुझान वास्तव में प्रशंसनीय है। प्राचार्य डॉ गंगवार ने सभी अभ्यागतों का स्वागत करते हुए वसुधैव कुटुंबकम के सिद्धांत से प्रेरित डीपीएस बोकारो के प्रयासों को रेखांकित किया। इसके पूर्व विद्यालय की छात्राओं ने अतिथियों का स्वागत पौधा प्रदान कर किया। तत्पश्चात गणेश वंदना पर आधारित मनभावन नृत्य की प्रस्तुति ने भरपूर सराहना पाई। इस क्रम में झारखंड बिहार के प्रतिभागी 18 स्कूलों की 41 टीमों के लगभग 200 प्रतिभागियों ने आकर्षक मार्च-पास्ट प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि ने प्रतियोगिता के शुभारंभ की औपचारिक घोषणा की। प्राचार्य ने उन्हें स्मृति-चिह्न भेंटकर सम्मानित भी किया।

#### पटना, गिरिडीह, हजारीबाग और रांची सेमीफाइनल में

**प्रतियोगिता के पहले दिन विभिन्न आयुवर्गों के अलग-अलग मैचों में 50 से अधिक मुकाबले हुए। इनमें अंडर-17 बालिका वर्ग में जुस्को स्कूल, कदमा, जमशेदपुर के खिलाड़ियों ने विवेक विद्यालय, छोटा गोविंदपुर, जमशेदपुर को 3-0 से हराकर अपनी झोली में स्वर्ण, तो डीपीएस बोकारो ने गुरु नानक हाई स्कूल रांची को 3-0 से मात देकर रजत पर कब्जा जमाया। विवेक विद्यालय, छोटा गोविंदपुर ने कांस्य की अर्हता पूरी की। वहीं, सोमवार को होने वाले अंडर- 19 बालक वर्ग के सेमीफाइनल मुकाबले में संत माइकल हाई स्कूल, पटना बनाम लोयोला हाई स्कूल, पटना और डीएवी पब्लिक स्कूल खगौल बनाम बीएनएस डीएवी पब्लिक स्कूल, गिरिडीह के मैच खेले जाएंगे। जबकि, अंडर - 14 बॉयज के सेमीफाइनल में पहली भिड़ंत लिटेरा वैली स्कूल, नया टोला, पटना और सुरेंद्रनाथ सेंटेनरी स्कूल, रांची के बीच, तो दूसरी नमन विद्या, हजारीबाग एवं संत माइकल हाई स्कूल, पटना के बीच होगी।**

## अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** जिले में अवैध खनन एवं खनिजों के अवैध परिवहन के विरुद्ध सघन जांच अभियान जारी है। इसी क्रम में रविवार को सेक्टर-6 थाना अंतर्गत डीपीएस स्कूल, सेक्टर-5 के समीप पथ पर अवैध रूप से बालू खनिज का उत्खनन कर परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर को पकड़ा गया। ट्रैक्टर को विधिसम्मत जब्त करते हुए सेक्टर-6 थाना को सौंपते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई गई। अभियान में खान निरीक्षक सीताराम टुडू और पुलिस बल की भूमिका सक्रिय रही। जिला खनन पदाधिकारी रवि कुमार सिंह की ओर से निर्देशित इस कार्रवाई का उद्देश्य अवैध खनिज गतिविधियों पर प्रभावी रोकथाम सुनिश्चित करना है।

# हिंदू सशक्त होगा, तो विश्व का कल्याण होगा : अंबरीश

**विहिप की तीन दिवसीय प्रांत कार्य समिति बैठक संपन्न**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के तत्वाधान में रांची रोड स्थित सिद्धि विनायक वेंक्वेट हॉल में संचालित तीन दिवसीय प्रांत कार्य समिति की बैठक रविवार को संपन्न हुई। इसमें झारखण्ड प्रांत के सभी जिले के विहिप, बजरंग दल, मातृ शक्ति, दुर्गा वाहिनी एवं सभी आयाम के प्रांत, जिला कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित केंद्रीय मंत्री सह विशेष संपर्क प्रमुख अंबरीश सिंह ने कहा कि विहिप की स्थापना जिस परिकल्पना के साथ हुई थी। उस पर हम कहां खड़े हैं उसकी चिंता करने का समय है। बहुत सारे देशों में आक्रमण हुआ जिसमें भारत भी है। पर कई देश मानचित्र में दिखते तो है पर वहां की सभ्यता-संस्कृति पूर्ण रूप से विलुप्त हो गई। लेकिन भारत का हिन्दू संस्कार, संस्कृति, चार धाम यात्रा आज भी है। हमारे पूर्वज ने जीवन मूल्यों की लड़ाई लड़ी। हमारे संस्कार मठ-मंदिर, पुरोहित, गौ, गंगा, परिवार व्यवस्था के कारण आज भी जीवित है। कहा कि लड़ाई पहले भी होती थी, लेकिन हिंदू-हिंदू थे उनकी पद्यति एक थी। कहा कि हमारी गलती के कारण जो विधर्मी हो गए है उनको घर वापस लाना है। अगर हिंदू सशक्त होगा तो पूरे विश्व का कल्याण होगा। हिंदू जीवन मूल्यों की रक्षा होगी। इसका उदाहरण कोरोना काल में पूरे विश्व ने देखा। वहीं, बैठक को सफल बनाने में क्षेत्रीय गौरक्षा प्रमुख त्रिलोकी नाथ बागी, प्रांत सहमंत्री मनोज पोद्दार, राम नरेश सिंह, प्रांत संयोजक बजरंग दल रंगनाथ महतो, प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह, प्रांत मातृ शक्ति प्रमुख दीपा रानी, प्रांत विशेष संपर्क प्रमुख अरविंद सिंह, प्रांत सामाजिक समरसता प्रमुख कृष्ण कुमार झा, प्रांत सेवा प्रमुख अजय अग्रवाल, सह प्रमुख विनय, प्रांत प्रचार प्रसार प्रमुख प्रकाश रंजन, प्रांत धमाचार्य प्रमुख जुगल किशोर, प्रांत धर्म प्रचार प्रसार संजय चौरसिया, प्रांत बाल संस्कार प्रमुख सीमा शर्मा, प्रांत सह संयोजक बजरंग दल जनार्दन पांडेय, कृति गौरव, ।अध्यक्ष संतू भाई मानिक, उपाध्यक्ष राजेश अग्रवाल, रमा शर्मा, जिला मंत्री छोटू वर्मा, विजय गोयनका, भागीरथ पोद्दार, महेंद्र ठाकुर, जगत नारायण शाह, संतोष सिंह, अभय वर्मा, तरुण वर्मा, अर्चना महतो, यशोदा देवी, अनामिका श्रीवास्तव, गीता मेहता, अशोक वर्मा, विनय शर्मा, नंद किशोर राम, अयोध्या वर्मा, रवि चंद्रवंशी, सुजल वर्मा, दिपक मुंडा, प्रियंका कुमारी, राहुल त्रिपाठी, रामा करमाली, आशिष शर्मा, प्रितम रजक आदि की भूमिका सराहनीय रही।

# आजाद सिपाही के प्रधान संपादक हरि नारायण सिंह के निधन पर बेरमो में शोक

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेरमो।** आजाद सिपाही के प्रधान संपादक हरि नारायण सिंह का निधन रांची के सैमफोर्ड अस्पताल में रविवार को इलाज के दौरान हो गयी। वे पिछले 10 महीने से बीमार चल रहे थे। उनके निधन से बेरमो में शोक की लहर दौर गयी। सभी ने अपने-अपने स्तर पर दिवंगत हरि नारायण सिंह के श्रद्धांजलि दी।












झारखंड मे पत्रकारिता जगत में क्रांति लाने वाले, समाज को आइना दिखाने वाले देश के चौथे स्तंभ हरिनारायण सिंह जी के आकस्मिक निधन से मर्माहत हूं। हमारे समाज प्रदेश देश के लिए बड़ी क्षति हैं बाबा श्री महाकाल उन्हें अपने चरणों मे स्थान दें।

**– कैलाश ठाकुर, पूर्व पार्षद सह विस्थापित नेता**

दिवंगत हरि नारायण सिंह पत्रकारिता के क्षेत्र में झारखंड में अलख जगाने का कार्य किया था। वह सभ्य और सुलझे हुए व्यक्ति थे। उन्होंने कई अखबार और न्यूज चैनल को झारखंड में पहचान दिलायी। उनके निधन से झारखंड प्रदेश के पत्रकारिता जगत में अपूरणीय क्षति है।

**– अर्चना सिंह, जिला उपाध्यक्ष, बोकारो भाजपा**

हरिनारायण सिंह एक सुलझे हुए व्यक्ति थे। पत्रकारिता के जगत में पूरे झारखंड में अलख जगाने का काम किये थे। पत्रकारिता को अपने कलम से एक अलग पहचान देने का काम किये थे। उनके असमय निधन से मर्माहत हूं।

**– अनिल अग्रवाल, प्रदेश अध्यक्ष, अग्रवाल कल्याण महासभा, झारखंड**

हरि नारायण सिंह एक नाम नहीं बल्कि पत्रकारिता के क्षेत्र में एक शख्सियत थे। उनकी कलम की धार हमेशा सच्चाई को उजागर करने का काम करती थी। वे व्यक्तित्व के धनी व्यक्ति थे। राजनीतिक क्षेत्र में भी सभी लोग उनका बहुत सम्मान करते थे। उनका असमय जाना झारखंड में पत्रकारिता के क्षेत्र में अपूरणीय क्षति है।

**– रविंद्र कुमार पांडेय, पूर्व सांसद, गिरिडीह**

हरिनारायण सिंह पत्रकारिता के क्षेत्र में झारखंड में महापुरुष के रूप में जाने जाते थे। उनकी पहचान सटीक लेखनी और सच्चाई को उजागर करने के कारण हुई है। जो लेखनी आज बंद हो गई। यह हम सबों के लिए बहुत बड़ी क्षति है। इसकी कमी कभी पूरी नहीं की जा सकती।

**– रवि सिंह उर्फ पिंटू सिंह, उपाध्यक्ष बेरमो चैंबर ऑफ कॉमर्स**

हरि नारायण सिंह को पत्रकारिता के क्षेत्र में महापुरुष थे। वह अपनी कलम की धार से समाज के हर वर्ग का आवाज उठाने का कार्य करते थे। हुए सरल स्वभाव तथा व्यक्तित्व के धनी व्यक्ति थे। भोले बाबा उन्हें अपने चरणों में स्थान दें।

**– अर्जुन सिंह, जिला महामंत्री, भाजपा किसान मोर्चा**

आजाद सिपाही के वरीय संपादक हरिनारायण सिंह के निधन का समाचार अत्यंत दुखद है। उन्होंने अपने दीर्घ पत्रकारिता जीवन में निष्ठा और संवेदनशीलता के साथ समाज और राज्य की सेवा की।

**– बैभव चौरसिया, अध्यक्ष, युवा व्यवसायी संघ, फुसरो**

हरि नारायण सिंह पत्रकारिता के क्षेत्र में काफी एग्रेसिव रहे हैं। जन भावना के अनुकूल लोगों को की समस्याओं को हमेशा उजागर करते रहे हैं तथा लोगों को जागते रहे हैं। उनके निधन से पत्रकार जगत को अपूरणीय क्षति हुई है।

**– योगेश्वर महतो बाटुल, पूर्व विधायक, बेरमो**

झारखंड के वरिष्ठ पत्रकार आजाद सिपाही के संपादक हरिनारायण सिंह के निधन पत्रकारिता जगत की अपूरणीय क्षति हुई है। उनके निधन से मैं काफी मर्माहत हूँ। मेरे अभिभावक तुल्य थे और उनका मार्गदर्शन मुझे हर परिस्थिति में मिलता रहता था। उनका निधन से मेरी व्यक्तिगत क्षति हुई है। असामयिक निधन झारखंड सहित हिंदी पत्रकारिता जगत की अपूरणीय क्षति है। वो झारखंड के पत्रकारिता की दुनिया के एक मजबूत स्तंभ के रूप में सदैव याद किए जाएंगे।

**– सूरज कुमार मित्तल, कांग्रेस फुसरो नगर अध्यक्ष**

आजाद सिपाही के संपादक हरि नारायण सिंह के हर समय निधन से हम सभी बहुत मर्माहत है। उन्होंने अपनी लेखनी से जन समस्याओं को उजागर करने का कार्य किये थे। उनका समय निधन होना पत्रकारिता जगत के लिए अपूरणीय क्षति है।

**– आर उनेश, अध्यक्ष, बेरमो चैंबर ऑफ कॉमर्स**

हरिनारायण सिंह कई अखबारों तथा न्यूज चैनल को झारखंड में पहचान देने का काम किए थे। आज वह अपनी खुद के अखबार आजाद सिपाही मे मुख्य संपादक थे। वह विगत कुछ महीनो से कैंसर जैसे बीमारी से जूझ रहे थे। जिनका आज रविवार निधन हो गया। जो पत्रकारिता के क्षेत्र के साथ पुरे झारखण्ड के लिए अपूरणीय क्षति है। जिसकी भरपाई नहीं की जा सकती है। **– प्रवीण सिंह, पूर्व एमएलसी, अविभाजित बिहार**

# बच्चों के पास गिरा 440 वोल्ट का बिजली का तार, टला बड़ा हादसा

### अस्थायी जोड़, जर्जर तार और लापरवाही का नतीजा




आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा ।** बिजली विभाग की घोर लापरवाही एक बार फिर देखने को मिली, जब 440 वोल्ट का हाई वोल्टेज तार लाल बंगला के न्यू कॉलोनी के एक घर के पास टूट कर गिर गया। जहां बिजली का तार गिरा वहीं पास में कई बच्चे खेल रहे थे। हालांकि गनीमत रही कि जानमाल का कोई नुकसान नहीं हुआ। यदि यह तार बच्चों को छू जाता, तो नतीजा बेहद भयावह हो सकता था। । स्थानीय लोगों ने बताया कि तार पहले से ही जर्जर हालत में था। उसे अस्थायी जोड़ लगाकर रखा गया था, जो हवा के तेज झोंके न्से गिर गया। क्षेत्रवासियों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद विभाग ने मरम्मत की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया। लोगों का गुस्सा अब फूट पड़ा है। इधर, स्थानीय युवक संजय यादव सहित अन्य लोगों ने बताया कि एक तेज आवाज के साथ तार नीचे गिर गया। कुछ सेकंड की देरी होती, तो मासूम जानें जा सकती थीं। उधर, घटना से स्थानीय लोगों में भय और आक्रोश है। उन्होंने मांग की है कि सभी जर्जर तार तुरंत बदले जाएं। साथ ही चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ठोस कदम नहीं उठाया गया, तो वे सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन करेंगे।

# हरि नारायण सिंह जी ने झारखंड की पत्रकारिता में अपनी गहरी छाप छोड़ी : डिप्टी सीइओ रवीश शर्मा

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** इएसएल स्टील ने आजाद सिपाही के संस्थापक हरिनारायण सिंह जी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। ईएसएल स्टील लिमिटेड के पूर्णकालिक निदेशक एवं डिप्टी सीईओ रवीश शर्मा ने कहा कि वे एक सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार थे। अपनी निडर और सिद्धांतों पर आधारित पत्रकारिता के लिए वे जाने जाते थे। वे हमेशा सच की आवाज बने रहे और झारखंड की पत्रकारिता में अपनी गहरी छाप छोड़ी। उन्होंने ईएसएल स्टील लिमिटेड की ओर से परिवार, सहयोगियों और पूरे मीडिया जगत



के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त किया। कहा कि उनकी विरासत आने वाली पीढ़ियों के पत्रकारों को प्रेरणा देती रहेगी। ईश्वर उनकी पुण्य आत्मा को शांति प्रदान करें। दूसरी ओर, प्रभारी कॉर्पोरेट संचार



ओएनजीसी, सीबीएम एसेट बोकारो के अजय कुमार दास ने भी हरि नारायण सिंह जी के निधन पर गहरा शोक जताते हुए अपूर्णीय क्षति बताया है।

# हरिनारायण सिंह जी के निधन से मर्माहत हूं : मणिकांत धान

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** आजाद सिपाही अखबर के प्रधान संपादक हरिनारायण सिंह जी के देहावसान की खबर सुन कर मर्माहत हूं। संपूर्ण पत्रकारिता जगत के लिए यह एक अपूरणीय क्षति है। करीब चार दशकों तक उन्होंने संपादक के तौर पर विभिन्न लोकप्रिय अखबारों का नेतृत्व किया और अपनी विशिष्ट



और निर्भिक शैली से पाठकों के बीच अपनी एक अमिट छाप छोड़ी। पत्रकारिता के साथ ही सामाजिक -सांस्कृतिक क्षेत्र में भी उन्होंने अनुपम योगदान किया। उनका व्यक्तित्व और कृतित्व सदैव हमें प्रेरणा देता रहेगा। उक्त बातें बोकारो स्टील प्लांट के संचार प्रमुख मणिकांत धान ने कही।

# आप हमेशा याद आयेंगे, हरि सर...

**विभिन्न जगहों से शोक संवेदना देनेवालों का लगा तांता**

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** वरिष्ठ पत्रकार और आजाद सिपाही के प्रधान संपादक हरिनारायण सिंह के निधन पर सभी तबके के लोगों ने गहरा शोक जताया है। अपनी संवेदना व्यक्त करते लोगों ने कहा कि झारखंड ही नहीं, सम्पूर्ण पत्रकारिता जगत ने एक ऐसी विचारधारा को खो दिया है, जो सच्चाई, जनसरोकार और निर्भीक अभिव्यक्ति की पहचान थी।

हरिनारायण सिंह एक पत्रकार ही नहीं, एक सामाजिक संरक्षक भी थे। उनकी पत्रकारिता में आम जन की आवाज सुनाई देती थी। आज एक युग समाप्त हो गया। वे पत्रकारिता के उस दौर के प्रतिनिधि थे जहां सिद्धांत पहले और स्वार्थ बाद में आता था।

**— रामधन यादव, अध्यक्ष, जिला परिषद कोडरमा**

हरिनारायण जी जैसे प्रतिबद्ध और निर्भीक पत्रकार का जाना केवल व्यक्तिगत क्षति नहीं, बल्कि पत्रकारिता की नैतिक शक्ति का क्षरण है। वे हम सबके अभिभावक और प्रेरणा के स्रोत थे। **— जगदीश सलूजा, राष्ट्रीय परिषद सदस्य, बीएसपीएस, अध्यक्ष, अधिवक्ता संघ कोडरमा**

वरिष्ठ पत्रकार, हमारे प्रधान संपादक और अभिभावक हरिनारायण सिंह के निधन की सूचना से अत्यंत व्यथित हूं। उन्होंने पत्रकारिता के माध्यम से दशकों तक समाज की सेवा की। अभिभावक बतौर हमेशा मार्गदर्शन किया, एक दशक से ज्यादा उनके सानिध्य में काफी कुछ सीखने को मिला। उनका लेखन, उनका जीवन, हम सबके लिए प्रेरणादायक है।

**— संजीव समीर, राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी, बीएसपीएस**

मुझे लंबे अरसे तक उनके साथ काम करने का मौका मिला। हरिनारायण सिंह जी ने जिस जनसरोकार से जुड़ी पत्रकारिता की मिसाल कायम की, वह आज के समय में और भी मूल्यवान है। उनका जाना अपूरणीय क्षति है।

**— कुमार रमेशम, अध्यक्ष, जेजेए कोडरमा**

हरिनारायण सिंह जी जैसे व्यक्तित्व का प्रभाव केवल शब्दों में ही नहीं, उनके कर्म में था। उनका विनम्र व्यवहार और तेजस्वी विचार हमेशा स्मरणीय रहेगा। मेरी विनम्र श्रद्धांजलि

**— मनोज सहाय पिंकू, वरीय कांग्रेस नेता**

हमने एक ऐसे सजग प्रहरी को खो दिया है, जिन्होंने अपनी पूरी ऊर्जा समाज और सत्य की सेवा में समर्पित की। उनकी स्मृति हमारी पत्रकारिता को दिशा देती रहेगी।

**— विनोद विश्वकर्मा, वरीय पत्रकार, कोडरमा**

हरिनारायण जी हमारे अभिभावक तुल्य थे। उनका सान्निध्य, मार्गदर्शन और संघर्षशीलता हम जैसे कई पत्रकारों के लिए आधार थी।

**— विनोद बरनवाल, पत्रकार, जयनगर**


उनका व्यक्तित्व सादगी और संकल्प का अद्भुत संगम था। वे शब्दों से ही नहीं, अपने कर्म और उदाहरण से भी संवाद करते थे। आज हम सभी ने मूल्यवान मार्गदर्शक और अभिभावक खो दिया।

**— अनिल झा, पत्रकार, झुमरीतिलैया**

# स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर अनुमंडल कार्यालय में बैठक

**तेनुघाट (आजाद सिपाही)।** 15 अगस्त को आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर रविवार को बेरमो अनुमंडल मुख्यालय तेनुघाट में बैठक हुई। अनुमंडल पदाधिकारी मुकेश मछुवा एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वशिष्ठ नारायण सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में हुई बैठक में 15 अगस्त को होने वाले झंडोतोलोन एवं अन्य कार्यक्रम को लेकर कई दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में 15 अगस्त को झंडोतोलन के पूर्व सभी जगह की साफ सफाई एवं रंग रोगन के बारे में उचित व्यवस्था करने के बारे में कहा गया। तेनुघाट स्थित चिल्ड्रन पार्क में क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों द्वारा कार्यक्रम और परेड भी किया जाएगा। परेड के लिए 11, 12 एवं 13 अगस्त को चिल्ड्रन पार्क तेनुघाट में पूर्व अभ्यास भी किया जाएगा। इसके लिए पूर्वाभ्यास और 15 अगस्त को झंडोतोलन को लेकर सभी को दिशा निर्देश दिए गए।

# आजाद सिपाही के प्रधान संपादक हरिनारायण सिंह के निधन पर राजा पीटर ने शोक जताया



आजाद सिपाही संवाददाता

**बुंडू/तमाड़।** आजाद सिपाही के प्रधान संपादक हरिनारायण सिंह के अकस्मात निधन पर तमाड़ के पूर्व विधायक सह मंत्री गोपाल कृष्ण पातर उर्फ राजा पीटर ने शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता जगत में एक चमकता हुआ सितारा हमारी आंखों से ओझल हो गया, हम उन्हें कभी नहीं भूल पायेंगे। इस अवसर पर राम दुर्लभ सिंह मुंडा, अली अल आराफात, प्रदीप महतो उर्फ रोशन महतो, नीतीश पांडे, बंटी सिंह मुंडा, अटकू चौधरी, राजकिशोर कुशवाहा, दुखी मछुआ, अर्जुन महतो, गुड्डू महतो, कौशिक चक्रवर्ती, अनुप साहू, लक्ष्मन सिंह मुंडा, महेंद्र नाथ शाहदेव, परमेश्वरी सांडिल, दिलीप सेठ, रंजित लाहेरी, विवेकानंद जायसवाल, प्रमोद कुमार और अरूण जैन आदि मौजूद थे।

# झारखंड बंद का पांच परगना क्षेत्र में दिखा व्यापक असर

आजाद सिपाही संवाददाता



**तमाड़/बुंडू/सोनाहातू/रड़गांव/राहे।** माओवादियों द्वारा झारखंड बिहार, उड़ीसा और पश्चिम बंगाल में एक दिवसीय बंदी का व्यापक असर पांच परगना क्षेत्र में रहा। क्षेत्र के सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठान बंद रहे। पांच परगना से चलने वाले वाहन इक्का-दुक्का ही सड़कों पर नजर आये। ग्रामीण क्षेत्र के सड़के वीरान नजर आयीं। लोग सिर्फ इमरजेंसी में ही घरों से बाहर निकले। रांची-टाटा रोड विरान थी, तमाड़-खूंटी पर वाहन नहीं के बराबर चले। सोनाहातू राहे, सिल्ली और मुरी में कम वाहन चले। बुंडू का सब्जी बाजार में कम चहल पहल थी करोड़ों का नुकसान का अनुमान किया गया है पुलिस की गश्ती दल गश्त करते नजर आये। बुंडू से राहे-सिल्ली तथा बुंडू - सोनाहातू- सिल्ली चलने वाले यात्री वाहन नहीं चले। देर शाम तक कोई आप्रिय घटना की सूचना नहीं है।

# आजाद सिपाही के प्रधान संपादक हरिनारायण सिंह के निधन से गढ़वा के पत्रकारों में शोक की लहर

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** आजाद सिपाही के प्रधान संपादक और झारखंड के वरिष्ठ पत्रकार हरिनारायण सिंह के निधन से पत्रकारिता जगत में शोक की लहर व्याप्त है। उनके निधन पर गढ़वा जिला के आजाद सिपाही के पत्रकारों ने शोकसभा का आयोजन कर उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की। इस दौरान लोगों ने ईश्वर से उनके परिजनों को इस दुख की घड़ी में संबल प्रदान करने की कामना की। आजाद सिपाही के जिला प्रमुख विजय प्रताप देव ने कहा कि हम सभी के मार्गदर्शक, गार्जियन स्वर्गीय हरिनारायण सिंह के निधन से परिवार, समाज तथा राज्य के साथ-साथ हम सभी के लिए अपूर्णीय क्षति है। उन्होंने उनसे जुड़े कई संस्मरण पर प्रकाश डाला। शोक सभा में पत्रकार बलराम शर्मा, प्रशांत कुमार सहाय, राजीव कुमार सिंह, सोनू कुमार, नवीन कुमार गुप्ता, रविकांत चंद्रवंशी, श्याम बच्चन यादव, कृष्ण कुमार यादव, अमित कुमार मेहता, जितेंद्र कुमार, विमलेश कुमार, प्रतीक द्विवेदी, अरुण कुमार चौबे, अशोक कुमार, शिव कुमार रवि, नवीन कुमार गुप्ता सहित कई पत्रकार शामिल थे। साथ ही उनके निधन पर गढ़वा जिला के विभिन्न राजनीतिक दल के नेता, कार्यकर्ता, सामाजिक कार्यकताओं के साथ-साथ प्रेस मीडिया से जुड़े सभी पत्रकारों ने भी गहरी शोक संवेदना प्रकट करते हुए सोशल मीडिया पर उनके निधन को अपूरणीय क्षति बतायी है। शोक व्यक्त करने वालों में मुख्य रूप से वरिष्ठ पत्रकार विवेकानंद उपाध्याय, कमलेश कुमार सिंह, अंजनी उपाध्याय, दीपक कुमार, भाजपा के वरिष्ठ नेता मुकेश निरंजन सिन्हा, सूरज कुमार गुप्ता, विवेकानंद तिवारी, ब्रजेश कुमार उपाध्याय, दीपक पासवान, अरुण दुबे, गौतम तिवारी, रवींद्र तिवारी, प्रियम सिंह, विशाल केसरी, इमाम हसन सहित सैकड़ों लोगों का नाम शामिल है।

# आजाद सिपाही के प्रधान संपादक के निधन पर ओरमांझी के राजनयिकों ने जताया शोक

आजाद सिपाही संवाददाता

**ओरमांझी।** आजाद सिपाही के प्रधान संपादक हरिनारायण सिंह के आकस्मिक निधन पर ओरमांझी के बुद्धिजीवी और राजनयिकों ने परिजनों के प्रति गहरी शोक संवेदना प्रकट की है क शोक संवेदना प्रकट करने वालों में राज्य सभा सांसद प्रो आदित्य प्रसाद साहू, पूर्व सांसद राम टहल चौधरी, भाजपा पूर्व ग्रामीण जिला अध्यक्ष रणधीर चौधरी, पूर्व उप प्रमुख जय गोविंद साहु, आर टी सी कॉलेज के निदेशक डॉ पारस नाथ महतो, भाजपा के अमर नाथ चौधरी, मानकी राजेंद्र शाही, मुखिया संघ के अध्यक्ष दीपक बड़ाइक, उप मुखिया संतोष कुमार गुप्ता, प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष सतीश बड़ाइक, पत्रकार संघ ओरमांझी, पूजा समिति ओरमांझी, आजसू के केंद्रीय सचिव राम धन बेदिया, समाज सेवी सुरेंद्र सिंह, विनोद गुप्ता, हरे कृष्णा शर्मा, संजय सिंह, हरे राम शर्मा जिला परिषद सरिता देवी, विधायक सलाहकार रमेश उरांव आदि शामिल थे।

# वरिष्ठ पत्रकार हरिनारायण सिंह के निधन पर मैकलुस्कीगंज में शोकसभा

आजाद सिपाही संवाददाता



**मैकलुस्कीगंज।** झारखंड के वरिष्ठ पत्रकार और 'आजाद सिपाही' के प्रधान संपादक हरिनारायण सिंह के निधन पर मैकलुस्कीगंज के पत्रकारों ने शोक व्यक्त किया है। रविवार को मैकलुस्कीगंज में पत्रकारों के द्वारा शोक सभा आयोजित की गयी। श्रद्धांजलि सभा में दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गयी। वरिष्ठ पत्रकार बसंत कुमार पंकज ने कहा कि हरिनारायण सिंह ने अपने 45 वर्षों के पत्रकारिता जीवन की शुरूआत 'रविवार' साप्ताहिक पत्रिका से की थी। इसके बाद वे 'प्रभात खबर', 'हिंदुस्तान', 'न्यूज 11', 'सन्मार्ग' सहित कई प्रमुख समाचार संस्थानों में संपादक के रूप में कार्यरत रहे। वे न केवल एक निर्भीक पत्रकार थे, बल्कि पत्रकारिता में नैतिकता और जन सरोकारों की मिसाल भी थे। उनकी अंतिम पारी 'आजाद सिपाही' के प्रधान संपादक के रूप में थी, जहां से वे लगातार सामाजिक और राजनीतिक मुद्दों पर निर्भीक संपादकीय लेखन करते रहे। उनके निधन से पत्रकारिता जगत को अपूर्णीय क्षति हुई है एवं पत्रकारों में शोक की लहर है। शोक सभा में मैकलुस्कीगंज के पत्रकार गोपी चंद चौरसिया, देवनारायण गंझू, जितेंद्र गिरि, रोहित यादव, धीरेंद्र सिंह, रविंद्र यादव उपस्थित थे।

# पिलीद गांव में डायरिया से एक दर्जन से अधिक ग्रामीण संक्रमित

**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र में डायरिया का प्रकोप घटने का नाम ही नहीं ले रहा है। गुढ़ाडी से शुरू होकर, बादु, रांगाडीह, चुनीडीह सहित दर्जनों गांवों में डायरिया से ग्रामीण दो सप्ताह तक जूझ रहे हैं। वहीं शनिवार देर रात से ही पिलीद गांव में करीब एक दर्जन ग्रामीण डायरिया की चपेट में आ गये हैं। रविवार को विधायक सविता महतो के निर्देश पर ईचागढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों की टीम गांव पहुंची। वहीं सुनिता देवी एवं 13 वर्षीय बच्चा मनीष प्रामाणिक को तत्काल परिजनों ने बेहतर इलाज हेतु सिल्ली अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं पूर्व मुखिया पंचानन पातर ने भी डायरिया पीड़ितों का जायजा लिया एवं पूर्ण रूप से ठीक नहीं होने तक लगातार चिकित्सा शिविर लगाने का मांग किया।**

# स्वच्छता किसी भी संस्था की गरिमा और प्रतिष्ठा को दर्शाती है: प्रधान जिला जज



**खूंटी (आजाद सिपाही)। सार्वजनिक स्वच्छता और सफाई को बढ़ावा देने के संदेश के साथ खूंटी जिले के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष रसिकेष कुमार की अगुवाई में जिले के सभी न्यायिक अधिकारियों के साथ मिलकर स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान 31 जुलाई से लगातार जारी है। व्यवहार न्यायालय खूंटी परिसर में अभियान चलता रहेगा। यह पहल व्यवहार न्यायालय के सभी कर्मचारियों एवं पीएलवी के सहयोग से की गयी है। डालसा सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर ने भी इसी भावना को दोहराया और सभी कर्मचारियों एवं पीएलवी से अपने आसपास की स्वछता की जिम्मेदारी लेने का आग्रह किया।**

# वरिष्ठ पत्रकार हरिनारायण सिंह के निधन पर खूंटी प्रेस क्लब ने जतायी संवेदना

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** झारखंड के लब्ध प्रतिष्ठित पत्रकार और दैनिक आजाद सिंपाही के प्रधान संपादक हरि नारायण सिंह के निधन पर खूंटी प्रेस क्लब ने गहरी संवेदना व्यक्त की है। क्लब के अध्यक्ष रंजीत प्रसाद ने कहा कि हरि नारायण सिंह सही मायने में कलम के सिपाही थे। उन्होंने हिन्दुस्थान, प्रभात खबर, खबर मंत्र जैसे कई प्रतिष्ठित अखबारों में संपादक के दायित्व का वहन किया था। उनके निधन से पत्रकारिता जंगत ने एक सच्चा पत्रकार खो दिया। उकनी कमी को कभी पूरा नहीं किया जा सकता। हरि नारायण सिंह के निधन प्रेस क्लब के महासचिव कुमार सौरव, अनिल मिश्रा, चंद्रशेखर चौधरी, सोनू अंसारी, प्रेमानंद तिवारी, अजीत जायसवाल, सतीश शर्मा, राहुल मिश्रा, चंदन कुमार, मो शाहिद, राज कुमार गुप्ता, ज्योत्सना शीला डांग, सुनील सोनी, मधुसूदन जायसवाल, अशोक शर्मा, दुर्गा बड़ाईक, भूषण कांशी, कृष्णा सिंह, अरविंद सिंह सहित कई पत्रकारों ने शोक संवेदना प्रकट की है।

# बचरा श्रमिक क्लब में सावन महोत्सव कार्यक्रम



**पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा श्रमिक क्लब में रविवार को योग शिक्षिका रीता रजक के द्वारा सावन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में काफी संख्या में कॉलोनी की महिलाएं शामिल हुईं। कार्यक्रम की शुरुआत महिलाओं के द्वारा दीप जलाकर किया गया, इसके बाद स्वागत गीत पेश किया गया। महिलाओं के द्वारा गीत, संगीत, नृत्य, गरबा, झूमर, नाटक सहित अन्य कई प्रकार के कार्यक्रम पेश किया गया, जिसे उपस्थित महिलाओं ने खूब पसंद किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से रीता रजक,स्नेहा रजक, कल्पना मांझी, मिठु शुक्ला सहित काफी संख्या में महिलाएं मौजूद थीं।**

# समाजसेवी ने विधायक से मनातू रिंग रोड की समस्या से निजात दिलाने की मांग की



**कांके (आजाद सिपाही)।** कांके प्रखंड के समाजसेवी सह कुड़मी विकास मोर्चा के केन्द्रीय महासचिव अनुप कुमार महतो ने कांके विधायक सुरेश कुमार बैठा से मिलकर पिछले कई वर्षों से चली आ रही मनातू रिंग रोड चौक पर हो रही एक्सीडेंट की समस्या पर ध्यान आकृष्ट कराया है। अनुप कुमार महतो ने कहा कि वह लगभग पिछले 7 वर्षों से इस समस्या से निजात दिलाने के लिए प्रयास करते आ रहे हैं। सड़क दुर्घटना से दर्जनों मनातू गांव के ग्रामीणों की मौत हो चुकी है। प्रखंड विकास पदाधिकारी से लेकर अंचल अधिकारी, उपायुक्त, पूर्व विधायक, सांसद, राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री को कई बार आवेदन दे चुके हैं, परंतु अभी तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। ग्रामीणों को इस समस्या से निजात दिलाने के लिए अंडरपास रोड या फ्लाई ओव्ट बना दिया जाता तो बेहतर होता। श्री अनूप ने कहा कि कांके के वर्तमान विधायक सुरेश कुमार बैठा अत्यंत जुझारू हैं, जिनसे मनातू के आम जनों को पूर्ण विश्वास है कि वह हम लोगों की भीषण समस्या का जरूर से जरूर निराकरण करेंगे। इस पर विधायक ने कहा कि मामला मेरे संज्ञान में है और मैं जल्द से जल्द इस पर पहल करेंगे।

# सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा का विधानसभा घेराव कार्यक्रम स्थगित

**खूंटी (आजाद सिपाही)। राज्य के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन और गुरुजी शिबू सोरेन के स्वास्थ्य को देखते हुए सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा द्वारा चार से सात अगस्त तक आहूत विधानसभा घेराव कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया है, लेकिन पांच सितंबर को मुख्यमंत्री आवास घेराव का कार्यक्रम यथावत रहेगा। सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के जिलाध्यक्ष संजय कुमार पाठक ने कहा कि शिक्षा मंत्री और गुरुजी के स्वास्थ्य को देखते हुए, जो राज्य के बाहर इलाजरत हैं, ऐसे में किसी प्रकार का आंदोलन करना मानवता एवं संवेदनशीलता के प्रतिकूल होगा। समस्त सहायक अध्यापक दोनों के स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हैं।**

# माउंट कार्मल स्कूल ओरमांझी में रीजनल गर्ल्स फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन




**ओरमांझी । (आजाद सिपाही)** माउंट कार्मल स्कुल ओरमांझी में बालिकाओं के लिए सीआईएससीइ जोनल और रीजनल फुटबॉल मैच का आयोजन पहली बार हुआ। फुटबॉल टूर्नामेंट में फादर नेल्सन मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे। फादर ने बच्चों का उत्साह बढ़ाया। रीजनल टूर्नामेंट में रांची जोन और जमशेदपुर जॉन के बीच अंडर 19 और अंडर 17 मैच खेले गये। अंडर 19 केटेगरी में रांची जोन ने जमशेदपुर को 9–0 से हराया। रांची जोन की ओर से एंजेल सीरीज तिर्की ने तीन गोल किया और मनीषा गुड़िया ने दो गोल किया, जबकि अंडर 17 में जमशेदपुर ने रांची जोन को 3–0 से हराया। अंडर 14 में जमशेदपुर की टीम नेशनल के लिए खेलेंगी। विजेता टीम रांची जोन और जमशेदपुर जोन के स्टूडेंट्स को सिस्टर टेसी प्रिंसिपल माउंट कार्मल स्कूल ने मेडल देकर प्रोत्साहित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# श्री श्याम मंडल रांची की आमसभा आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** श्री श्याम मंडल, रांची की एक आम सभा रविवार को श्री श्याम मंदिर के सभागार में आयोजित की गयी, जिसमें झारखंड की प्राचीनतम धार्मिक संस्था श्री श्याम मंडल, दिनांक 16 अगस्त 2025 को श्री श्याम मंडल, रांची के तत्वाधान में श्री कृष्ण जन्माष्टमी मोहत्सव अत्यंत धूमधाम से आयोजित किया जायेगा। इस अवसर पर पूरे मन्दिर परिसर को सुचारिपूर्ण ढंग से सजाया जा रहा है, आकर्षक बैलून, रंग बिरंगे विद्युत की लड़ियों से मंदिर को मनभावन स्वरूप प्रदान किया जा रहा है साथ ही श्री कृष्ण लीला पर आधारित झांकियों सजाने के लिए विगत कई दिनों से कारीगर जुटे हुए हैं। मुख्य झांकी में रजत झूले पर लड्डू गोपाल का दिव्य स्वरूप होगा साथ ही रात्रि 9 बजे से संगीतमय संकीर्तन प्रारम्भ होगा ।

रात्रि 12 बजे श्री कृष्ण जन्म के समय घंटा - घड़ियाल - नगाड़ा व शंख ध्वनि से जन्मोत्सव की बधाई दी जायेगी और महाआरती व प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन होगा साथ ही श्री श्याम मंडल के 58 वें चार दिवसीय वार्षिक श्री श्याम मोहत्सव आगामी 28 अगस्त 2025 से 31 अगस्त 2025 तक अत्यंत धूमधाम व उत्साह के साथ आयोजित करने का निर्णय किया गया। मोहत्सव के आयोजन श्री श्याम मंडल रांची द्वारा निर्मित अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में आयोजित होगा। इस आमसभा में चंद्र प्रकाश बागला, धीरज बंका, विवेक ढांढनीयां, जितेश अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, बालकिशन परसरामपुरिया, राजेश सारस्वत, मनोज सिंघानिया, विकाश पाडिया, प्रियांश पोद्दार, कुणाल जलान आदि उपस्थित थे।

# श्योर सक्सेस कोचिंग सेंटर में पौधरोपण



**खूंटी (आजाद सिपाही)। मूरहू स्थित श्योर सक्सेस कोचिंग सेंटर द्वारा रविवार को फ्रेंडशिप डे के असर पर फलदार और औषधीय पौधो का रोपण कर पारूवरण संरक्षण का संदेश दिया गया। संस्थान के छात्र-छात्राओं ने कोचिंग सेंटर की इस अनूठी परंपरा को टूटने नहीं दिया और सभी ने पौधे लगाकर फ्रेंडशिप डे मनाया। संस्थान के शिक्षक सह निदेशक सकलदीप भगत ने कहा कि पौधों के संग दोस्ती उस संवेदना को दशार्ती है जहां से जीवन की शुरूआत होती है। बिना ऑक्सीजन के जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है और आक्सीजन हमें पौधों से ही मिल सकती है।**

# लिटिल स्टार एकेडमी में राखी बनाओ प्रतियोगिता



**मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)। लिटिल स्टार एकेडमी में शनिवार को रक्षा बंधन पर्व के उपलक्ष्य में राखी बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के विभिन्न कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता के दौरान बच्चों ने अपनी कल्पनाशीलता और रचनात्मकता का परिचय देते हुए रंग-बिरंगे धागों, चमकीले मोतियों, सितारों और सजावटी सामग्रियों से मनमोहक राखियां तैयार कीं। बच्चों का उत्साह देखते ही बनता था। मौके पर शिक्षक लालकिशोर यादव, शांति देवी, शिखा कुमारी सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय परिवार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।**

# रामचरितमानस पाठ महायज्ञ संपन्न



**इटकी (आजाद सिपाही)। इटकी के बनिया टोली स्थित महावीर मंदिर में पिछले 6 माह से जारी रामचरितमानस पाठ महायज्ञ का रविवार को हवन के साथ में समापन किया गया। रामचरित मानस महायज्ञ का हवन सुंदर कांड के मंत्र से किया गया। हवन कार्यक्रम के पूर्व में पूजन प्रसाद वितरण और भंडारे का आयोजन किया गया। शाम में महा आरती के साथ रामचरितमानस पाठ की पूणार्हुति की गयी। हवन कार्यक्रम में पूरे गांव के सैकड़ो भक्ति व पाठ कर्ता उपस्थित थे।**

# भक्ति और साधना से महादेव को प्राप्त कर सकता है मानव : स्वामी गंगाधर

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** भक्ति और साधना करने से मानव महादेव को प्राप्त कर सकता है। महादेव परम पिता परमेश्वर हैं, इन्हें हम अपने -अपने युक्ति से पाना चाहते हैं। लेकिन सच्चे गुरु का बताया मार्ग शास्त्र सम्मत होता है, और इन मार्ग पर चलकर कितने संत-महात्माओं ने परमात्मा का साक्षात्कार किया। उक्त बातें ऋषिकेश आश्रम के स्वामी गंगाधर जी महाराज ने मलियादा आश्रम में प्रवचन करते हुए कही। महर्षि में हीं आश्रम मलियादा और शांति पुरी मुरहू में सावन माह में विशेष सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वामी गंगाधर जी महाराज ने वराहोपनिषद से भगवान के बराह के रूप में अवतरण की बातें बतायी। उन्होंने कहा कि हिरण्याक्ष नामक राक्षस ने पृथ्वी को समुद्र के पानी से डुबो दिया था, इसलिए भगवान विष्णु वराह का अवतार लेकर उसका वध किया। भगवान ने पांच विषयों को त्यागने की बात कही है रुप, रस, गंध, स्पर्श और शब्द ये पंच विषय है। उन्होंने कहा कि मृग शब्द के विषय में पड़कर शिकारी के वासुरी में रीझ जाता है, मीन जीभ के स्वाद के लिए कांटें में, भौंरा गंध पाने के लिए कमल में फंस जाता है। पतंग प्रकाश के रुप के लिए जल मरता है। हाथी स्पर्श के विषय में फंस जाता है। उन्होंने कहा कि ये सभी विषय जिसमें रूप 83, शब्द 14,रस-गंध-स्पर्श 1-1प्रतिशत होते हैं, और मनुष्य में सभी विषय प्रबल होते हैं। संतों के ज्ञान से ही हम विषयों का त्याग कर सकते हैं। स्वामी लक्ष्मण जी महाराज ने कहा कि भक्ति के बिना मनुष्य पशु समान होता है। मुरलीधर बाबा, दिगंबर बाबा, गोपाल बाबा ने भी सत्संग और ध्यान-भजन की महिमा बताई। मौके पर डॉ डीएन तिवारी, संजय सत्संगी, मुचीराय मुंडा,जगमोहन पुर्ती,देवमन फुर्ती, सुरेश पंडित, सुबोध कुमार, रामहरि साव ,हरि मुंडा सूरजमल प्रसाद आदि उपस्थित थे।

# वर्षा से रांची-गुमला मुख्य मार्ग गढ्ढे में हुआ तब्दील

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** प्रखंड मुख्यालय बेड़ो से गुजरने वाली रांची-गुमला मुख्य मार्ग की सड़क वर्षा व नाले के पानी सड़क में बहने से सड़क गढ्ढे में तब्दील हो गया है। इससे वाहन चालकों और राहगीरों को भारी परेशानी हो रही है। वहीं सड़क में जलजमाव हो जाने से सड़क में बड़े-बड़े गढ्ढे बन गये हैं। अभी वर्षा के दौरण इन गढ्ढो में पानी भर जाता है। वहीं सफाई के अभाव में जल निकासी के लिए सड़क किनारे बनायी गयी नाली पूरी तरह जाम हो चुकी है। जबकि इस मुख्य मार्ग से आये दिन सांसद, मंत्री व विधायक गुजरते हैं। इसके बावजूद जनप्रतिनिधि इसको देखकर भी अनभिज्ञ बने हैं। वहीं नालियों से निकलने वाली दुर्गंध युक्त पानी से होकर आने जाने वाले लोग आवागमन करते हैं। इधर लोगों का कहना है कि बीते कई महीनों से नाली जाम है। इससे गंदा पानी सड़क पर बह रहा है। जिन्हें आने जाने के लिए सिर्फ इसी मार्ग का सहारा है, वे गंदे पानी के बीच से आने-जाने को विवश हैं।

## जनहित में नाली की सफाई और यथाशीघ्र हो सड़क निर्माण: रामनारायण

**भाजपा नेता रामनारायण भगत ने जनहित में इस सड़क को जल्द से जल्द बनाये जाने की मांग की है।उन्होंने कहा है कि यह सड़क यहां पर जीवन यापन करने वाले लोगों के लिए लाइफ लाइन है। सड़क में बने गढ़ों की वजह से स्कूली बच्चों व लोगों को आवागमन करने में काफी मुश्किलों का सामना प्रतिदिन करना पड़ रहा है। वहीं सावन के पवित्र महीने में श्रद्धालुओं को इसी जर्जर सड़क एवं गंदे पानी से होकर आवागमन करना पड़ रहा है जो सरकार की असंवेदनशीलता को दशार्ता है उन्होंने कहा है कि इस नाली की सफाई कराते हुए सड़क में बने गढ्ढों को यथाशीघ्र बनवाने की मांग किया है।**

## सिलिकॉन विश्वविद्यालय का दूसरा दीक्षांत समारोह

# ज्ञान और मूल्य प्रगति की नींव हैं : राज्यपाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** राज्यपाल हरि बाबू कंभमपाटी ने कहा कि ज्ञान और मूल्य प्रगति की नींव हैं। आज सिलिकॉन विश्वविद्यालय के दूसरे दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए, राज्यपाल ने कहा कि ज्ञान अर्थव्यवस्था के इस युग में, विचार और नवाचार प्रगति की प्रेरक शक्ति हैं। सिलिकॉन विश्वविद्यालय जैसे संस्थान न केवल नौकरी चाहने वालों बल्कि नौकरी निर्माताओं, नवप्रवर्तकों और समस्या समाधानकर्ताओं को भी तैयार करके देश के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं और वे भारत को विकास और परिवर्तन के एक नए युग में ले जायेंगे।




राज्यपाल ने ओड़िशा की प्रगति पर प्रकाश डाला और कहा कि राज्य अपने संस्थानों और लोगों की सक्रिय दूरदर्शिता से प्रेरित होकर आइटी, इलेक्ट्रॉनिक्स, सेमीकंडक्टर उद्योगों के लिए एक प्रमुख केंद्र के रूप में उभरा है। ओडिशा स्टार्टअप, नवाचार और सतत विकास का एक जीवंत केंद्र है। पारिस्थितिकी तंत्र पर जोर देते हुए, राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालय के छात्रों का ज्ञान और नवोन्मेषी भावना इस यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी।

दीक्षांत समारोह में पर्सिस्टेंट सिस्टम्स के संस्थापक और प्रबंध निदेशक डॉ. आनंद देशपांडे ने मुख्य भाषण दिया, जबकि सिलिकॉन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर जयदीप तालुकदार ने स्वागत भाषण दिया।

# 34,498 किसानों को पीएम किसान सहायता राशि दी गयी

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर/झारसुगुड़ा।** केंद्र और राज्य सरकार किसानों की आय को दोगुना करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। विधायक टंकधर त्रिपाठी ने कहा कि सरकार अपनी प्रतिबद्धता को निभाते हुए धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाने के साथ-साथ किसानों को ?800 की इनपुट सब्सिडी भी प्रदान कर रही है। झारसुगुड़ा औद्योगिक विद्यालय सभागार में आयोजित इस समारोह में विधायक ने बताया कि कृषि क्षेत्र में विकास के लिए समन्वित सिंचाई प्रणाली को लागू करने हेतु डीपीआर तैयार किया जा रहा है।



उन्होंने अधिकारियों को पंचायतवार बैठकें आयोजित कर धान के अतिरिक्त अन्य लाभकारी फसलों की खेती पर भी ध्यान केंद्रित करने का सुझाव दिया।

इस अवसर पर जिले के हर ब्लॉक से एक-एक किसान को प्रतीकात्मक रूप से 2,000 का चेक विधायक द्वारा प्रदान किया गया। प्रत्येक ब्लॉक से एक किसान को मृदा स्वास्थ्य परीक्षण कार्ड भी वितरित किया गया। झारसुगुड़ा किसान उत्पादक संगठन कंपनी लिमिटेड को ट्रैक्टर, रोटावेटर, कल्टीवेटर, पंपसेट, पावर वीडर और पावर स्प्रेयर प्रदान किये गये। कार्यक्रम में शामिल होकर जिलाधिकारी कुणाल मोतीराम छब्बाण ने किसानों से आधुनिक कृषि पद्धतियों को अपनाकर अपनी आय दोगुनी करने का आह्वान किया। राजस्व और आपदा प्रबंधन मंत्री के प्रतिनिधि रघुनंदन पंडा, अपर जिलाधिकारी (राजस्व) किशोर चंद्र स्वाईं कार्यक्रम में उपस्थित रहकर कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। जिला मुख्य कृषि अधिकारी प्रदीप कुमार नंद ने प्रारंभिक जानकारी प्रस्तुत की।

## नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी ने ओरिएंटेशन कार्यक्रम का किया आयोजन



भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी भुवनेश्वर ने 30 जुलाई से 1 अगस्त तक नवप्रवेशित छात्रों के लिए तीन दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम का सफल आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरूआत पारंपरिक दीप प्रज्वलन और निदेशक राजेश कुमार झा के स्वागत भाषण से हुई, जिसमें उन्होंने छात्रों को रचनात्मक, उत्तरदायी और बदलती डिजाइन दुनिया के प्रति संवेदनशील बने रहने की प्रेरणा दी। पहले दिन मुख्य अतिथि डॉ. रामानुज नारायण, विशिष्ट अतिथि डॉ देबिप्रसाद दास और डॉ बबीता महापात्र ने नवाचार, डिजाइन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और सामाजिक रूप से समावेशी डिजाइन सोच पर अपने विचार साझा किए। छात्रों को NIFT की शैक्षणिक संरचना, पाठ्यक्रमों, फैकल्टी सदस्यों और संस्थागत संस्कृति से परिचित कराया गया। दिन का समापन छात्रों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और संवादात्मक गतिविधियों के साथ हुआ। दूसरे दिन का केंद्र बिंदु रहा गहन शैक्षणिक मार्गदर्शन, डिजाइन में स्थिरता, प्लेसमेंट की संभावनाएँ और पूर्व छात्रों व उद्योग विशेषज्ञों से संवाद। छात्रों को एंटी-रैगिंग नीतियों, छात्र स्वास्थ्य सेवाओं, छात्रवृत्तियों और संस्थागत नियमों पर भी जानकारी दी गयी, जिससे उनका कॉलेज जीवन सहज और जागरूक बने।

## धान बिक्री की राशि सीधे किसानों के खातों में जायेगी : मंत्री सुरेश पुजारी

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। खरीफ धान की बिक्री के लिए पूरे ओड़िशा में 19 तारीख से किसान पंजीकरण शुरू हो गया है। हालांकि, दो सप्ताह बाद भी केवल 30 प्रतिशत किसानों का ही पंजीकरण हो नहीं पाया है। इसका मुख्य कारण यह है कि इस वर्ष संयुक्त स्वामित्व वाली भूमि के स्वामित्व पत्रों पर सभी के हस्ताक्षर आवश्यक हैं और ई-केवाइसी नामक प्रक्रिया पहले की तुलना में बहुत अधिक जटिल हो गयी है। इससे किसानों में असंतोष है। विशेष रूप से पीढ़ियों से अविभाजित भूमि के उत्तराधिकार के मामले में, तीसरी पीढ़ी अब पट्टेदार के हाथों में है और जो व्यक्ति मर चुका है, इसलिए, ऐसी स्थिति में सभी उत्तराधिकारियों के हस्ताक्षर आवश्यक होने से किसानों को अभूतपूर्व समस्या का सामना करना पड़ रहा है। राज्य सरकार की अधिसूचना के अनुसार, 19 जुलाई से 20 अगस्त तक किसान पंजीकरण किया जाएगा। किसान पंजीकरण की जटिल प्रक्रिया की ओर राजस्व मंत्री सुरेश पुजारी का ध्यान आकर्षित होने के बाद, इस बार पंजीकरण प्रक्रिया को सरल बनाया जा रहा है। मंत्री श्री पुजारी ने बताया कि धान की बिक्री का पैसा सीधे किसान के खाते में जायेगा, इसलिए यह व्यवस्था की गयी है।

# पदक विजेता एथलीटों को किट ने किया सम्मानित



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** किट और किस ने किट विश्वविद्यालय के उन 11 एथलीटों को सम्मानित किया जिन्होंने विभिन्न खेल स्पधाओं में भारत का प्रतिनिधित्व किया और हाल ही में जर्मनी के राइन-रूहर में संपन्न हुए विश्व विश्वविद्यालय खेल (डब्ल्यूयूजी) 2025 में पदक जीते। किट पिछले 65 वर्षों में डब्ल्यूयूजी में इतने पदक जीतने वाला भारत का पहला विश्वविद्यालय है। डब्ल्यूयूजी में रजत पदक जीतने वाले प्रत्येक एथलीट को किट और किस की ओर से 3 लाख रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया, जबकि कांस्य पदक विजेताओं को 1 लाख रुपये दिए गए। ये पुरस्कार किट और किस के संस्थापक डॉ. अच्युत सामंत ने ओलंपियनों सहित कई खेल हस्तियों की उपस्थिति में प्रदान किये। इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए डॉ सामंत ने कहा कि विश्व विश्वविद्यालय खेलों में भारतीय दल में सबसे अधिक खिलाड़ी किट से थे। भारत ने इस स्पर्धा में कुल 12 पदक जीते, जिनमें से 6 किट के एथलीटों के थे। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि किट किस और ओडिशा दोनों के लिए गर्व की बात है। उन्होंने यह भी बताया कि किट पिछले 65 वर्षों में विश्व विश्वविद्यालय खेलों में सबसे अधिक पदक जीतने वाला पहला भारतीय विश्वविद्यालय है। किट के तीन छात्रों - 3000 मीटर स्टीपलचेज में अंकिता, ट्रिपल जंप में प्रवीण चित्रवाल और 5000 मीटर फाइनल में सीमान - ने रजत पदक जीते। इसके अतिरिक्त, पुरुषों की 4७100 मीटर रिले टीम, महिलाओं की 20 किमी रेस वॉक टीम और बैडमिंटन में अविनाश महांति ने कांस्य पदक जीते। किट विश्वविद्यालय ने आयोजनों में अपनी खेल उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया। इस समारोह में किट डीयू के कुलपति प्रो. शरणजीत सिंह, रजिस्ट्रार प्रो. जे.आर. महांति और खेल एवं योग विज्ञान विद्यालय के महानिदेशक डॉ. गगनेंदु दाश सहित अन्य लोग उपस्थित थे। ओलंपियन दुती चंद, श्रावणी नंद, अमिया मलिक, श्रद्धांजलि सामंतरॉय और भवानी देवी भी इस अवसर पर उपस्थित थीं।

## 44,433 प्राथमिक शिक्षकों की होगी भर्ती

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। ओड़िशा सरकार ने राज्य में शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इस संबंध में, वह सरकारी स्कूलों में स्कूली शिक्षकों की भर्ती करने की योजना बना रही है। इसी क्रम में राज्य में शिक्षकों की पर्याप्त आपूर्ति से संबंधित समस्या के समाधान के लिए शनिवार को एक बैठक आयोजित की गयी। ओड़िशा सरकार के स्कूल एवं जन शिक्षा विभाग ने आयुक्त-सह-सचिव की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की। जिसमें निदेशक, विभाग के वरिष्ठ अधिकारी और वित्त विभाग एवं विधि विभाग के प्रतिनिधि उपस्थित थे। कुल 44,433 प्राथमिक शिक्षकों की भर्ती की जानी चाहिए। समिति ने शिक्षा की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और विकसित ओडिशा 2036 के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए चरणबद्ध तरीके से इन शिक्षकों की भर्ती की सिफारिश की।

## पीएम आवास योजना कार्यादेश वितरण समारोह

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। झारसुगुड़ा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) - 2.0 के कायार्देश वितरण समारोह में योजना के अंतर्गत 158 लाभार्थियों को कायार्देश प्रदान किये गये। साथ ही मधुबाबू पेंशन योजना के अंतर्गत 45 लाभार्थियों को पेंशन राशि प्रदान की गयी। राज्य के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, संसदीय कार्य एवं सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ मुकेश महालिंग इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे और उन्होंने कहा कि राज्य सरकार गरीबों के प्रति समर्पित है। शहरी क्षेत्रों में निवास कर रहे गरीबों को प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत घर निर्माण के लिए कार्यादेश प्रदान करना तथा सामाजिक सुरक्षा योजनाओं जैसे मधुबाबू पेंशन योजना के लाभार्थियों को पेंशन राशि देना सरकार की गरीब कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। डॉ महालिंग ने पात्र लाभार्थियों को समयसीमा के भीतर घर निर्माण पूर्ण करने की सलाह दी। इस कार्यक्रम में जिलाधिकारी कुणाल मोतीलाल छब्बान, नगराध्यक्ष रानी हाथी, जिलापरिषद के अतिरिक्त कार्यपालक अधिकारी सूर्यांशु रथ ने भी उपस्थित रहकर लाभार्थियों को समयसीमा के भीतर निर्माण कार्य पूर्ण करने की सलाह दी। प्रारंभिक जानकारी कार्यपालक अधिकारी सूर्यांशु रथ ने दी, और पालिका उपाध्यक्ष वेणुगोपाल पाणिग्राही ने धन्यवाद ज्ञापन किया। झारसुगुड़ा नगरपालिका के कार्यपालक अधिकारी मानस रंजन मलिक समेत सभी पार्षद और लाभार्थी इस कार्यक्रम में शामिल हुए।































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**